वर्ष- 12 अंक - 326
लखनऊ, शुक्रवार 18 जुलाई, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

इत्र नगरी कन्नौज को बनायेंगे भारत का परफ्यूम हब : जयवीर 03
अदवा नदी के पुल के ऊपर से पानी बहने से आवागमन बाधित 12

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 98,335/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 90,150/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 73760/10 ग्राम |
| चांदी | | = 1,10,000/किग्रा |



# स्वच्छ सर्वेक्षण में यूपी ने मारी बाजी

**उपलब्धि**
- देश का तीसरा सबसे स्वच्छ शहर लखनऊ
- आगरा बना उभरता स्वच्छ शहर, मुरादाबाद और अन्य नगरों का प्रदर्शन भी शानदार

**लखनऊ/नई दिल्ली समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में भी अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। राज्य ने शहरी स्वच्छता और सैनिटेशन पहल के लिए शीर्ष रैंक और विभिन्न श्रेणियों में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के नौवें संस्करण के पुरस्कार गुरुवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदान किए। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने यूपी को मिले पुरस्कारों को ग्रहण किया। समारोह में लखनऊ ने 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में स्वच्छ शहर पुरस्कार में तीसरा स्थान प्राप्त किया और ऐतिहासिक 7-स्टार कचरा मुक्त शहर (GFC) रेटिंग हासिल की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कर-कमलों से गुरुवार को लखनऊ को 'प्रेसिडेंशियल अवार्ड' प्राप्त हुआ है। वहीं प्रयागराज, आगरा, गोरखपुर एवं महाकुंभ 2025 को भी उत्कृष्टता का पुरस्कार मिला है। इसके साथ ही अब 5 स्टार रेटिंग से ऊपर वाले देश के 20 स्वच्छतम बड़े शहरों में से 6 शहर यूपी के हो गये हैं।

आगरा को राज्य का उभरता स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। इसे राष्ट्रीय स्तर पर 32वां स्थान प्राप्त हुआ है। आगरा की शहरी स्वच्छता के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता और 5-स्टार ल्ब्स्ष्ट रेटिंग इसकी उल्लेखनीय उपलब्धि को दर्शाती है। आगरा ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

मुरादाबाद ने 3-10 लाख आबादी वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर 10वां स्थान हासिल किया है। वहीं मध्यम शहरों की श्रेणी में नगर पालिका परिषद बिजनौर ने 29वां और शमशाबाद ने 95वां स्थान प्राप्त किया। ये उपलब्धियां उत्तर प्रदेश के व्यापक सैनिटेशन प्रयासों को दर्शाती हैं, जो विभिन्न आकार के शहरों में स्वच्छता को बढ़ावा दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश को महाकुंभ 2025 के दौरान नवोन्मेषी और टिकाऊ स्वच्छता पहल के लिए स्वच्छ महाकुंभ 2025 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक सैनिटेशन मानकों के बीच संतुलन को दर्शाता है, जो योगी सरकार की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।



### सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

लखनऊ को पुरस्कार प्राप्त होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश वासियों को बधाई दी है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि स्वच्छाग्रहियों की श्रम-साधना, समाज के सजग सहयोग एवं प्रशासन की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में जन भागीदारी से आज स्वच्छता एक सामाजिक संस्कार बन चुका है। रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल के मंत्र को आत्मसात कर आज नया उत्तर प्रदेश स्वच्छ एवं हरित राज्य की संकल्पना को साकार कर रहा है।

### लखनऊ को राष्ट्रपति पुरस्कार

राजधानी लखनऊ को 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में स्वच्छ शहर पुरस्कार में तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेसिडेंशियल अवार्ड प्राप्त हुआ है। शहर ने उत्तर प्रदेश में पहली बार 7-स्टार ल्ब्स्ष्ट रेटिंग हासिल कर कचरा प्रबंधन में उत्कृष्टता का परिचय दिया है। यह उपलब्धि लखनऊ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो शहर की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन प्रणाली में निरंतर सुधार को दर्शाता है।

### इंदौर, सूरत, नवी मुंबई को प्रीमियर सुपर स्वच्छ लीग में स्थान

राष्ट्रपति द्रौपदी ने गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 9 वें स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले शीर्ष शहरों को सम्मानित किया। इस साल के सर्वेक्षण में कुल 43 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें 23 सुपर स्वच्छ लीग शहरों, 34 राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के नामित शहरों और कई विशिष्ट श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों को शामिल किया गया। इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण इंदौर, सूरत और नवी मुंबई का प्रीमियर सुपर स्वच्छ लीग में प्रवेश रहा। इन शहरों ने लगातार तीन वर्षों तक उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह स्थान अर्जित किया। साथ ही, अहमदाबाद, भोपाल और लखनऊ ने शीर्ष स्वच्छ शहरों में अपना स्थान बनाकर देशभर में स्वच्छता के नए मानक स्थापित किए। इन तीनों शहरों को उनकी जनसंख्या श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए।

### प्रयागराज सबसे स्वच्छ गंगा शहर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में प्रयागराज नगर निगम को सबसे स्वच्छ गंगा शहर के रूप में सम्मानित किया गया है। शहर ने पवित्र गंगा नदी की स्वच्छता बनाए रखने में सराहनीय प्रयास किए। विशेष रूप से, महाकुंभ के दौरान शहर के सैनिटेशन प्रबंधन को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय से विशेष प्रशंसा प्राप्त हुई है। यह सम्मान प्रयागराज की स्वच्छता और सांस्कृतिक आयोजनों के प्रबंधन में उत्कृष्टता को दर्शाता है।

### गोरखपुर के लिए दोहरी खुशी

सर्वेक्षण में गोरखपुर ने दोहरी सफलता हासिल की है। शहर ने सफाईमित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में तीसरा स्थान और 3-10 लाख आबादी वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही, गोरखपुर ने 5-स्टार GFC रेटिंग भी हासिल की है। यह उपलब्धि शहर में सैनिटेशन कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# एक साथ दुश्मन के कई टारगेट तबाह करेगी अग्नि प्राइम मिसाइल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने नई पीढ़ी की परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का ओडिशा तट पर गुरुवार को सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ में विकसित 2000 किलोमीटर रेंज की इस मिसाइल को जल्द ही सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। यह मिसाइल काफी वजनी है, इसलिए इसे पहले से सेवा में शामिल अग्नि-1 की जगह शस्त्रागार में शामिल किये जाने की योजना है।

ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से डीआरडीओ ने यह परीक्षण किया। मिसाइल ने अधिकतम सीमा तक जाकर अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। यह अग्नि सीरीज की आधुनिक, घातक, सटीक और मीडियम रेंज की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है। भारत की यह परमाणु मिसाइल एक साथ दुश्मन के कई टारगेट तबाह कर सकती है। अग्नि प्राइम मिसाइल के तीन सफल विकासात्मक परीक्षणों के बाद उपयोगकर्ता दो प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च कर चुके हैं, जिसने सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता को मान्य किया। पिछला रात्रि परीक्षण 04 अप्रैल, 2024 को किया गया था। परमाणु मिसाइल का पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च 07-08 जून, 2023 की रात को किया गया था।

परीक्षण के दौरान उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए टर्मिनल बिंदु पर दो डाउनरेंज जहाजों सहित विभिन्न स्थानों पर रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन तैनात किए गए थे।

अग्नि प्राइम मिसाइल ने उच्च स्तर की सटीकता के साथ सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन से मिले डेटा ने मिसाइल सिस्टम के प्रदर्शन को पूरी तरह सफल करार दिया है। सशस्त्र बलों में पहले से शामिल अग्नि-1 मिसाइल की जगह इसे प्रतिस्थापित किये जाने की योजना है।



**सफल परीक्षण**
- उड़ान के दौरान अग्नि प्राइम ने अधिकतम सीमा तक अपने लक्ष्य पर लगाया सटीक निशाना

## संक्षिप्त समाचार

### अमृतसर हवाई अड्डे से एक करोड़ का सोना बरामद

**चंडीगढ़।** कस्टम विभाग ने अमृतसर स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो यात्रियों से 968.47 ग्राम सोना जब्त किया है। बरामद किए गए सोने की बाजार में कीमत 96 लाख 75 हजार बताई गई है। कस्टम अधिकारियों के अनुसार दोनों यात्री इंडिगो की फ्लाइट में कोलकाता से अमृतसर पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर उन्हें संदेह के आधार पर रोककर गहन जांच की गई। दोनों ने सोना अत्यंत चालाकी से छिपाकर रखा था। अधिकारियों ने जब सोना जब्त किया, तब यात्रियों ने इसके स्रोत के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। अधिकारियों को संदेह है कि यह एक संगठित तस्करी रैकेट का हिस्सा हो सकता है, जो घरेलू रूट का इस्तेमाल कर तस्करी को अंजाम दे रहा था।

### हर वर्ष 80 हजार महिलाओं की मौत की वजह बन रहा सर्वाइकल कैंसर

**नई दिल्ली।** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और उपचार संभव होने के बावजूद देशभर में करीब 80 हजार महिलाएं प्रतिवर्ष अपनी जान गंवा देती हैं। वो भी तब, जब वह अपने जीवन के सबसे अच्छे दौर में होती हैं और परिवार व करियर में मुकाम बना चुकी होती हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अभिषेक शंकर ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि सर्वाइकल कैंसर चौथा सबसे आम कैंसर है। इसकी रोकथाम और उन्मूलन कार्य को व्यापक टीकाकरण और जांच कार्यक्रमों में तेजी लाकर संभव किया जा सकता है। हालांकि उन्हें पूरी क्षमता से लागू नहीं किया जा सका है जो बेहद जरुरी है।

### भारत-रूस-चीन त्रिपक्षीय वार्ता संभव

**नई दिल्ली।** भारत, रूस एवं चीन के त्रिपक्षीय गठजोड़ आरआईसी की बैठक जल्दी ही बुलाये जाने को लेकर भारत ने भी अपनी सहमति दे दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में एक सवाल के जवाब में सकारात्मक संकेत देते हुए कहा कि इसका प्रारुप आपसी चर्चा पर आधारित है और इसमें तीनों देश वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हैं। यह बैठक आपसी सुविधाजनक समय पर आयोजित की जाएगी। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने हाल ही में इस त्रिपक्षीय वार्ता मंच को फिर सक्रिय करने का सुझाव दिया था। चीन ने भी इसका समर्थन किया है। संभावना है कि अगले माह के अंत में चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान तीनों देशों के नेता एकसाथ बैठक कर इस त्रिपक्षीय गठजोड़ को फिर से मजबूत करें।

# आने वाले 100 साल होंगे सहकारिता के : शाह

**संबोधन**
- आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में है सहकारिता की सक्रिय भूमिका

**एजेंसी, जयपुर।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है और आने वाले 100 साल सहकारिता के होंगे। सहकारिता के माध्यम से ऊंटों की नस्ल के संरक्षण और ऊंटनी के दूध के औषधीय गुणों पर रिसर्च हो रहा है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री शाह गुरुवार को राजस्थान के जयपुर जिले के दादिया ग्राम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाने की शुरुआत भारत से हुई है। जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही इसके प्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है और आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे।



# बालटाल मार्ग पर भूस्खलन: महिला तीर्थयात्री की मौत, तीन घायल

**एजेंसी, श्रीनगर।**

गांदरबल जिले में अमरनाथ यात्रा के बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से यात्रा को आज गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि ऊपरी रेलपथरी के पास जड-मोड़ पर भूस्खलन हुआ, जिससे कई तीर्थयात्री बालटाल मार्ग से नीचे की ओर बह गए जो पवित्र गुफा की ओर जाता है। घायलों को बालटाल बेस कैंप अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक महिला की पहचान राजस्थान निवासी सोना बाई के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि आज जम्मू से पवित्र गुफा की ओर जाने वाले तीर्थयात्रियों के किसी भी नए जत्थे को यात्रा की अनुमति नहीं दी गई है। यात्रा मार्ग पर भूस्खलन और भारी बारिश को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।



### भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा एक दिन के लिए स्थगित

जम्मू-कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथजी यात्रा भारी बारिश के कारण गुरुवार को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गंदेरबल जिले के बालटाल आधार शिविरों से स्थगित कर दी गई।

# असम : बेदखली अभियान के दौरान एक की मौत, 14 पुलिसकर्मी घायल

**झड़प**
- गुस्साई भीड़ ने स्कूल की इमारत में लगाई आग

**एजेंसी, ग्वालपाड़ा (असम)।**

असम सरकार के गत 12 जुलाई से राज्य में शुरू किए गए बेदखली अभियान (अवैध कब्जेदारों) को हटाने के क्रम में आज ग्वालपाड़ा जिले के पैकन आरक्षित वन क्षेत्र के बेतबारी विद्यापाड़ा क्षेत्र में हुई हिंसक स्थिति के दौरान पुलिस की हवाई फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि कई पुलिस कर्मी और पांच अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बेदखली अभियान की कार्रवाई में बाधा डालने के दौरान भीड़ हिंसक हो गयी, जिससे पुलिस को बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करनेके लिए हवाई फायरिंग करनी पड़ी। इसमें 5 लोग घायल हो गए जबकि के उपद्रवियों के हमले में 14 पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। सामान्य तौर पर अन्य कई व्यक्ति घायल हुए हैं। पुलिस ने इस मामले में अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।



### बिहार को लेकर चुनाव आयोग पर बरसे राहुल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कठपुतली बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग कम और भाजपा का चोरी आयोग ज्यादा नजर आता है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा बिहार में चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर रंगे हाथ वोट चोरी करता पकड़ा गया। काम सिर्फ़ चोरी, नाम एसआईआर पर्दाफाश करने वाले पर प्राथमिकी होगी। उन्होंने चुनाव आयोग को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आयोग अब भी चुनाव आयोग है या पूरी तरह भाजपा की चुनाव चोरी शाखा बन चुका है।

## नाटो प्रमुख, अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ धमकी पर भारत ने कहा-
# दोहरे मापदंड नहीं अपनाए जाने चाहिए

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने अमेरिका और नाटो की रूस से कच्चे तेल की खरीद से जुड़ी धमकियों का जवाब दिया है। भारत ने कहा है कि इस मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं अपनाये जाने चाहिए। वर्तमान वैश्विक परिदृष्य में हमारी ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि है तथा बाजार की स्थिति के अनुरुप भारत कदम उठाएगा।

सैन्य संगठन नाटो के प्रमुख मार्क रूट की द्वितीयक प्रतिबंध की धमकी से जुड़े एक प्रश्न पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने उनके बयान को देखा है तथा घटनाक्रम पर नजर बनाये हुए हैं। हम दोहराना चाहते हैं कि भारत की ऊर्जा आवश्यकता उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसे देखते हुए भारत के निर्णय बाजार के माहौल और वैश्विक हालात पर निर्भर होंगे। उन्होंने इस मामले में दोहरे मानदंड अपनाने के प्रति सतर्क भी किया। मार्क रूट ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के बाद भारत, चीन और ब्राजील पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाए जाने की धमकी दी थी। उन्होंने इन देशों से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध समाप्त करने को लेकर दबाव बनाने के लिए कहा था। उन्होंने चेताया था कि ऐसा नहीं करने पर भारत, चीन और ब्राजील को प्रतिबंध झेलने पड़ेंगे। वास्तव में नाटो प्रमुख, राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी को दोहरा रहे थे। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों को दंडित करने के लिए उनके माल पर 100 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगाएगा। इस संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका के सीनेट में दोनों दलों के समर्थन से एक विधेयक पेश है जिसमें भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों के आयात पर पांच सौ प्रतिशत तक सीमा शुल्क लगाये जाने का प्रावधान है।



### लापरवाही बरतने के आरोप में होम्योपैथी निदेशक निलंबित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने बड़ी कार्रवाई की है। निदेशक होम्योपैथी प्रो. अरविंद कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। विगत दिनों हुए ट्रांसफर पोस्टिंग में अनियमिताओं को लेकर प्रो. अरविंद कुमार वर्मा पर गंभीर आरोप लगे थे। गड़बड़ी की जानकारी मिलने पर आयुष मंत्री ने सभी ट्रांसफर निरस्त कर दिये थे। जांच में और भी अनियमितताएं सामने आई। आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयाल इस पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिले थे, सीएम को तबादलो में धांधली की जानकारी देते हुए तबादले शून्य करने की बात कही थी। मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते नहीं निदेशक होम्योपैथी बच नहीं सके, सस्पेंड कर दिये गए। आयुष विभाग को अब जल्द नया निदेशक मिलने की संभावना है।

### महाराष्ट्र विधान भवन में एनसीपी (शरद) गुट व भाजपा समर्थकों के बीच झड़प



**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति उस समय गरमा गई जब गुरुवार को विधान भवन में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मामले की जांच के आदेश भी दिए हैं। मामले में भाजपा विधायक पडलकर ने माफी भी मांगी है। यह झगड़ा विधान भवन की ग्राउंड फ्लोर लॉबी में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों गुटों के बीच कहासुनी तेजी से झगड़े में बदल गई। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने स्थिति को और बिगड़ने से पहले दोनों गुटों को अलग कर दिया।

# डिजिटल अरेस्ट में यूपी में पहली सजा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**कार्रवाई**
- महिला डॉक्टर को ठगने वाले को सात साल की कैद

फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर महिला डॉक्टर को 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। गिरफ्तारी का दबाव बनाकर 85 लाख रुपए की ठगी की। चर्चित मामले में लखनऊ की सीजेएम कस्टम कोर्ट ने 438 दिन में फैसला सुनाते हुए ठग देवाशीष राय को 7 साल की सजा सुनाई। यह उत्तर प्रदेश का पहला मामला है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट मामले में इतनी तेजी से सजा सुनाई गई।

अभियुक्त को 5 मई 2024 को गिरफ्तार किया गया था। चार्जशीट 2 अगस्त 2024 को दाखिल की गई थी और इसके 348 दिन बाद ट्रायल पूरा कर बुधवार (16 जुलाई) को दोषसिद्ध किया गया। 1 मई 2024 महिला डॉक्टर डॉ. सौम्या गुप्ता के साथ साइबर ठगी की एफआईआर साइबर क्राइम थाना, लखनऊ में दर्ज की गई।

5 मई 2024 महज 4 दिन में साइबर क्राइम टीम ने अभियुक्त देवाशीष राय को गोमती नगर विस्तार से गिरफ्तार कर लिया। 2 अगस्त 2024 पुलिस ने 90 दिन के तय समय-सीमा से पहले, महज 83वें दिन, मजबूत डिजिटल साक्ष्यों के साथ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। 16 जुलाई 2025 गिरफ्तारी के 438 वें दिन, लखनऊ की कोर्ट ने ट्रायल पूरा कर अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए 7 साल की सजा सुनाई। अभियुक्त देवाशीष राय, मूल रूप से आजमगढ़ का रहने वाला है और फिलहाल गोमतीनगर विस्तार के सुलभ आवास में रहता था। उसने मोबाइल नंबर, फर्जी आधार और सिम कार्ड का दुरुपयोग कर इस घोटाले को अंजाम दिया। कोर्ट ने माना कि अभियुक्त ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर वीडियो कॉल पर पूछताछ के बहाने पीड़िता को डराया। 85 लाख रुपए की रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा ली। इस साइबर ठगी के लिए फर्जी फर्म, फर्जी बैंक खाता और आधार के जरिए सिम कार्ड का इस्तेमाल किया गया। अदालत ने कहा यह गंभीर और सुनियोजित डिजिटल अपराध है, जो आम लोगों में सरकारी एजेंसियों का डर पैदा करके अंजाम दिया जाता है। ऐसे अपराधों पर सख्त और त्वरित सजा जरूरी है।

**मंजूरी** | भारत स्वदेशी रूप से विकसित क्षमता वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में हो जाएगा शामिल

# डीआरडीओ विकसित करेगा अगली पीढ़ी का स्वदेशी अवाक्स सिस्टम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत सरकार ने अगली पीढ़ी की स्वदेशी हवाई रडार प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (अवाक्स) विकसित करने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है, जिससे भारतीय वायु सेना को बड़ी रणनीतिक बढ़त मिलेगी। साथ ही भारत ऐसी स्वदेशी रूप से विकसित क्षमता वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। डीआरडीओ एंटीना और अन्य प्रणालियों को एकीकृत करने के लिए फ्रांसीसी कंपनी एयरबस के साथ काम करेगा, जिसमें कई भारतीय कंपनियां भी सहयोग करेंगी।

भारत हवाई रडार प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली नेत्र को विकसित करके दुनिया का चौथा देश बन चुका है, जिसे आकाश में आंख के नाम से जाना जाता है। इसी प्रणाली ने फरवरी, 2019 में बालाकोट हमलों में महत्वपूर्ण निगरानी कवर प्रदान करके अपनी क्षमता साबित की थी। अगले अवाक्स इंडिया कार्यक्रम नेत्र एमके-II का नेतृत्व रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) कर रहा है। वायु सेना वर्तमान में बहुत छोटे नेत्र पूर्व चेतावनी विमान का संचालन करती है, जिसका इस्तेमाल हाल ही में पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्षों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया है। भारत के पास तीन आईएल-76 फाल्कन प्रणालियां भी हैं, जिन्हें इजरायल और रूस के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया था, लेकिन इस बेड़े को बड़ी तकनीकी और उपलब्धता संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। अवाक्स इंडिया कार्यक्रम के तहत डीआरडीओ ने अगली पीढ़ी के हवाई पूर्व चेतावनी और नियंत्रण प्रणालियां विकसित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। अब सरकार से पांचवीं पीढ़ी के उन्नत बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान के प्रोटोटाइप उत्पादन चरण में प्रवेश की अनुमति मिल गई है। पहली बार एयरबस प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग इस तरह के अनुप्रयोग के लिए किया जाएगा, क्योंकि अब तक इस क्षेत्र में पारंपरिक रूप से बोइंग का प्रभुत्व रहा है। यह परियोजना भविष्य में भारत के लिए निर्यात के अवसर भी खोल सकती है। अगली पीढ़ी के हवाई पूर्व चेतावनी और नियंत्रण प्रणालियों के उत्पादन से भारतीय वायु सेना की क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। साथ ही भारत स्वदेशी रूप से विकसित क्षमता वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा।



इस परियोजना के तहत लगभग 20 हजार करोड़ खर्च होंगे और भारतीय वायु सेना को छह बड़े अवाक्स मिलेंगे, जो लंबी दूरी पर दुश्मन के विमानों, जमीनी सेंसरों और अन्य उपकरणों पर नजर रखने में सक्षम होंगे। साथ ही एक उड़ान संचालन नियंत्रण केंद्र के रूप में भी काम करेंगे। सरकारी मंजूरी मिलने के साथ डीआरडीओ कई भारतीय कंपनियों के साथ-साथ एयरबस के साथ मिलकर ए-321 विमान में एक जटिल एंटीना और अन्य प्रणालियों को एकीकृत करेगा। इसमें एक पूर्णत: स्वदेशी मिशन नियंत्रण प्रणाली और येसा रडार शामिल हैं। इस परियोजना के पूरा होने में लगभग तीन साल लगने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना के पास पहले से ही छह ऐसे विमान हैं, जिन्हें एयर इंडिया से लिया गया था।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसाः ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कपरहा निवासी अनिल कुमार का 21 वर्षीय बेटा हिमांशु अलीगंज से वापस लौट रहा था। वह जैसे ही गोला की तरफ बढ़ा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी। उसी समय सामने से लक्ष्मण जती गोला निवासी जितेंद्र उर्फ गणेश, पुत्र आशाराम यादव, अपनी बाइक से गुजर रहा था, जिसे ट्रक ने चपेट में ले लिया। वहीं, दौलतगंज निवासी इकरार अली, पुत्र सलामुद्दीन, ई-रिक्शा से जा रहा था, वह भी हादसे की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसका ई-रिक्शा खाई में जा पलटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां तैनात चिकित्सकों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। वहीं, जितेंद्र और इकरार की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया है। हादसे की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। फिलहाल चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### फंदे पर लटकता मिला ग्रामीण का शव, बेटियों ने मां पर लगाया हत्या का आरोप

**ईसानगर, खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र के रोटिहा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव निवासी एक ग्रामीण का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। मृतक की बेटियों ने आत्महत्या की आशंका को खारिज करते हुए मां पर ही हत्या का आरोप लगाया है। बेटियों का आरोप है कि उनकी मां ने अपने भाइयों के साथ मिलकर पिता की हत्या कर शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया। घटना की सूचना मिलते ही खमरिया थाना प्रभारी ओपी राय मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। मृतक की पहचान 40 वर्षीय सिरदार चौहान पुत्र संतू के रूप में हुई है। बेटियों का आरोप है कि उनकी मां श्रीदेवी का अपने पति सिरदार से किसी महिला को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया कि बीती रात मां ने सिरदार को एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ और श्रीदेवी अपने मायके लौकही चली गई। वहीं से उसने अपने भाइयों राजू और छोटेलाल को साथ लिया और रात में दोबारा रोटिहा पहुंची। बेटियों के मुताबिक, घर पहुंचने के बाद फिर से झगड़ा हुआ, और हालात बिगड़ने पर पीआरवी (पुलिस रेस्पॉन्स वाहन) भी मौके पर पहुंची। लेकिन पीआरवी मामला शांत कराकर वापस लौट गई। सुबह सिरदार का शव घर में फंदे से लटकता पाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### किसानों और व्यापारियों ने शिव मंदिर में लगवाया एसी



**बांकेगंज खीरी।** बांकेगंज के प्रमुख शिव मंदिर में भक्ति के साथ सेवा का अनुपम उदाहरण भी देखने को मिला। स्थानीय किसानों और व्यापारियों ने मिलकर शिव मंदिर के गर्भगृह (अंतरालय) में एयर कंडीशनर लगवाकर श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सुविधा प्रदान की है। गर्मी और उमस से राहत देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था सावन के पहले सोमवार से पहले ही पूरी कर दी गई, जिससे भगवान शिव के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ के दौरान शीतल वातावरण मिल सके। इस सेवा कार्य में आगे आने वालों में रमेश गोयल, राजेंद्र माहेश्वरी, सोनू अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह, विवेक सिंह, अंकुर सिंह, श्यामलाल अग्रवाल, देवा सिंह और अमित सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन सभी ने आपसी सहयोग और निजी खर्च से यह पुनीत कार्य संपन्न कराया। स्थानीय लोगों और मंदिर समिति ने इस सहयोग की सराहना करते हुए इसे भक्ति और समाज सेवा का सुंदर संगम बताया।

### सेंट जॉन्स स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंटः शनिवार को फाइनल में आमने-सामने होंगे जॉन्स और पॉल हाउस



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** खेल सिर्फ जीत-हार का नाम नहीं, यह अनुशासन, आत्मबल और एकजुटता का दूसरा नाम है। सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला के प्रांगण में तीन दिवसीय इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन खेल भावना के अद्वितीय उदाहरण के रूप में सामने आया। जब गेंद हवा में घूमी, बल्ला बोला और दर्शक दीर्घा में तालियों की गूंज उठी- तो यह सिर्फ मैच नहीं था, यह था एक उत्सव... खेल का, उत्साह का और युवा जोश का। पहला दिन  जब जॉन्स हाउस ने दिखाया जुनून और जज़्बा। टूर्नामेंट का आग़ाज़ हुआ पीटर और जॉन्स हाउस के बीच धमाकेदार मुकाबले से। टॉस जीतकर पीटर हाउस ने पहले गेंदबाजी चुनी, एक सोच, एक रणनीति। पीटर हाउस ने चुनौती तो पेश की, लेकिन जॉन्स के खिलाड़ियों की चुस्ती, क्षेत्ररक्षण की फुर्ती और कप्तानी की सूझबूझ ने मैच को उनके पक्ष में कर दिया। जॉन्स हाउस के बल्लेबाजों ने मैदान को रन से रंग दिया। हर चौके के साथ उम्मीदें बढ़ती गईं और जैसे ही विजयी रन बना, पूरा स्कूल मैदान तालियों से गूंज उठा। दूसरे दिन का मुकाबला पॉल और जेम्स हाउस के बीच था। मौसम सुहावना था और मैदान पर जोश चरम पर। टॉस पॉल हाउस ने जीता और पहले गेंद बाजी का फैसला लिया। पॉल हाउस के सलामी बल्लेबाजों ने रन बनाने की जो धारा बहाई, उसे जेम्स हाउस रोक नहीं पाया। लक्ष्य बड़ा था और दबाव भारी। जेम्स हाउस की टीम ने कोशिश की, परंतु पॉल हाउस की बल्लेबाजी के आगे टिकना मुश्किल हो गया। अंतिम रन लेकर पॉल हाउस की टीम विजेता हुई। अब इंतजार है शनिवार का, जब दो विजेता- जॉन्स और पॉल- आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों में दम है, रणनीति है और सबसे बड़ी बात, एकजुटता है। यह मैच अपने हाउस के गौरव के लिए होगा। विद्यालय के मैदान पर इतिहास रचने को तैयार हैं ये युवा खिलाड़ी। हर रन, हर कैच, हर विकेट अब स्कूल की यादों में दर्ज होगा। पीटीआई प्रशांत सिंह की सजीव और जोशीली कमेंट्री ने दर्शकों को बाँधे रखा। शिक्षक अभिषेक गुप्ता की अंपायरिंग ने मैच को निष्पक्ष और रोचक बनाए रखा।

### पलिया में बिजली संकट पर व्यापार मंडल ने खोला मोर्चा, ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**पलिया कलां (खीरी)।** पलिया नगर की बदहाल बिजली व्यवस्था से त्रस्त व्यापारियों ने आखिरकार मोर्चा खोल दिया। नगर व्यापार मंडल पलिया ने गुरुवार को ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपते हुए अघोषित कटौती, लो-वोल्टेज और स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही लूट पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, महामंत्री जसवीर फ्लोरा व कोषाध्यक्ष श्याम आनंद की अगुवाई में व्यापारियों ने कहा कि नगर में रोजाना घंटों बिजली गायब रहती है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा हर दिन फाल्ट का बहाना बनाकर सप्लाई बंद कर दी जाती है, जिससे आम जनता और व्यापारी दोनों बेहाल हैं। व्यापारियों ने बताया कि नगर में कई ट्रांसफार्मर जर्जर हालत में हैं और आए दिन खराब होते रहते हैं। मांग की गई कि इनकी तत्काल बदली की जाए और ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही कहा गया कि नगर क्षेत्र के हिसाब से कर्मचारी तैनात नहीं हैं, जिससे फाल्ट का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल में दोगुना-तीन गुना वृद्धि की शिकायत भी की गई। व्यापारियों का कहना है कि उपभोक्ता बिल सुधारने के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन विभागीय कर्मचारी सही बिल देने के बजाय उन्हें टरका देते हैं और अभद्रता से पेश आते हैं। नगर व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महामंत्री अमित महाजन, तहसील अध्यक्ष जसपाल सिंह गोहाणिया, तहसील महामंत्री राजेश कुमार गुप्ता, तहसील कोषाध्यक्ष मो. रहीम अंसारी सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे।

### स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण जनजागरूकता रैली



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय ओबरीडीह में बृहस्पतिवार को स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण हेतु जनजागरूकता रैली का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सैय्यद अब्दुल बारी के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के साथ गांव में रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व और संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों ने हाथों में स्लोगन युक्त तख्तियां लेकर पूरे जोश के साथ नारे लगाए- बच्चों को स्कूल भेजो, शिक्षा का दीप जलाओ, साफ-सफाई अपनाओ, बीमारियों को दूर भगाओ। रैली के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता, हाथ धोने की आदत, साफ पेयजल का सेवन, मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ, शिक्षामित्र, रसोइया सहित सभी छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे। इस अवसर पर इरशाद अहमद, बीना यादव, आरोही गुप्ता, अर्चना देवी, बृजेश पांडेय, श्याम लाल सहित अन्य शिक्षकगणों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। प्रधानाध्यापक अब्दुल बारी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों मिलकर ही एक समृद्ध एवं सशक्त समाज की नींव रखते हैं। इस उद्देश्य से यह जागरूकता रैली आयोजित की गई है। विद्यालय परिवार के इस सार्थक प्रयास की सराहना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी की गई।

**कृषि विकास की नई इबारत**

# कृषि मंत्री ने किसान भवन व ऑडिटोरियम की रखी नींव

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय परिसर, जमुनाबाद गोला (खीरी) का दौरा किया। यह दौरा न केवल किसानों के लिए उत्साहजनक रहा, बल्कि कृषि शिक्षा और अनुसंधान को लेकर भी कई महत्वपूर्ण घोषणाओं और निर्देशों का साक्षी बना। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एके सिंह, गोला विधानसभा के विधायक श्री अमन अरविंद गिरी, कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी, अपर निदेशक बीज एवं फार्म अमरनाथ मिश्रा, डीन कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर डॉ. अनिल सिंह, निदेशक कृषि प्रसार डॉ. आर.के. यादव, डॉ. आनंद पांडे, डॉ. हिमांशु मिश्रा, केवीके प्रमुख विश्वकर्मा, डॉ. विशेन, डॉ. सुहेल, डॉ. जियालाल गुप्ता, एवं फार्म इंचार्ज संजीव कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस दौरे के दौरान विनीत भदौरिया ने विश्वविद्यालय परिसर में किसान भवन, ऑडिटोरियम हॉल, ओपन जिम एवं 25 हेक्टेयर भूमि के आवंटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को मंत्री के समक्ष रखा। कृषि मंत्री ने सभी बिंदुओं को सकारात्मक रूप से लेते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु



स्पष्ट निर्देश दिए और विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रदान कीं। खाद की समस्या को लेकर विनीत भदौरिया ने गौशालाओं के माध्यम से जैविक खाद निर्माण का प्रस्ताव रखा, जिस पर कृषि निदेशक श्री पंकज त्रिपाठी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए इस पर शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिया। कृषि मंत्री ने जमुनाबाद कृषि फार्म का निरीक्षण कर वहां की उपलब्धियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए तथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करने के संकेत भी दिए। दोपहर भोज के दौरान विनीत भदौरिया ने कृषि मंत्रीको भदौरिया कृषि फार्म, धुमरा डीह में टीआरबी विधि से गन्ना बुवाई की जानकारी दी। साथ ही उन्नकिसेस कृषि संस्थान, गोला गोकर्णनाथ द्वारा किए गए उल्लेखनीय कृषि कार्यों पर भी प्रकाश डाला। कृषि मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां चल रही योजनाओं व अनुसंधान गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने किसानों के लिए प्रभावी कार्यक्रम जारी रखने का आह्वान किया। विनीत भदौरिया ने कृषि मंत्री से कृषि विभाग, कृषि फार्म, कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि विश्वविद्यालय को एक साथ लाकर एकीकृत कृषि विकास मॉडल बनाने का अनुरोध किया। इस पर मंत्री ने अत्यंत सहमति व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि चारों विंग प्रत्येक माह एक साथ बैठकर समन्वित कार्य करें, यही कृषि विकास का मूल मंत्र है। विधायक अमन अरविंद गिरी के सुझाव पर मंत्री जी ने वन टांगिया व जनजातीय क्षेत्रों के लिए एक विशेष 4 वर्षीय विकास परियोजना बनाने का निर्देश भी दिया, जिससे इन उपेक्षित क्षेत्रों में कृषि उन्नति संभव हो सके। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने भोलेनाथ बाबा चंद्रभाल गोला मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और छोटी काशी, गोला गोकर्णनाथ से प्रस्थान किया।

## खाद वितरण में लापरवाही पर भड़के किसान, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**मैगलगंज, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मैगलगंज क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत लगातार गंभीर रूप लेती जा रही है। किसानों को समय पर और उचित मात्रा में खाद उपलब्ध न होने से खेती प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र के मंडी परिसर स्थित इफको केंद्र पर खाद आने के बाद वितरण की प्रक्रिया को लेकर व्यापक अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं।




खाद की मांग अत्यधिक है, लेकिन आपूर्ति सीमित होने के कारण अधिकतर किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद शाम तक उन्हें खाद नहीं मिल पाती। स्टॉक के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी न दिए जाने के कारण जब तक किसान खिड़की तक पहुंचते हैं, तब तक स्टॉक समाप्त हो चुका होता है।

किसानों का आरोप है कि केंद्र प्रभारी बिनोद चौधरी मनमाने ढंग से खाद का वितरण कर रहे हैं। पहले यह कहा गया था कि प्रत्येक किसान को दो बोरी खाद आधार कार्ड के अनुसार दी जाएगी, लेकिन वितरण के समय इस नियम का पालन नहीं होता। कई प्रभावशाली एवं प्रभारी के करीबी लोग बिना पंजीकरण और लाइन में लगे खाद प्राप्त कर लेते हैं। इससे वास्तविक जरूरतमंद किसान, जो घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, खाली हाथ लौटने को मजबूर हो जाते हैं। गुरुवार सुबह जब स्थानीय पत्रकार ने एक किसान को

> संबंधित अधिकारी को पूरे प्रकरण की जांच के लिये निर्देषित किया। दोषी बक्सा नहीं जयेगा।
> -उपजिलाधिकारी मितौली रेणु मिश्रा।

दस बोरी खाद दिए जाने की जानकारी मिलने पर केंद्र प्रभारी से सवाल किया, तो प्रभारी बिनोद चौधरी पत्रकार पर बिफर पड़े और अभद्र व्यवहार करने लगे। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। किसानों और ग्रामीणों ने मांग की है कि केंद्र प्रभारी की कार्यशैली की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने की मांग भी जोर पकड़ रही है, ताकि भविष्य में किसानों को ऐसी परेशानी न उठानी पड़े।

## हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बनी अष्टम कांवड़ यात्रा

- सलामत हाजी की सेवा भाव ने जीत लिया सभी का दिल
- हर हर महादेव की गूंज और खुदा की रहमत के बीच बंधी भक्ति की डोर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ज़िला के सिंगाही थाना क्षेत्र के चितिहा गांव में इस वर्ष की अष्टम कांवड़ यात्रा कुछ अलग ही अंदाज़ में निकली यह सिर्फ भक्ति और आस्था की यात्रा नहीं थी, बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता और इंसानियत की एक ऐसी मिसाल बन गई, जो लंबे समय तक याद रखी जाएगी।

जहां एक ओर भोले बाबा के भक्त बोल बम के जयघोष के साथ पवित्र सरयू जल लेकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ की ओर बढ़े, वहीं सलामत हाजी जी ने पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए सेवा, जलपान, सुरक्षा और सम्मान की मिसाल कायम की। उन्होंने साबित कर दिया कि जब बात धार्मिक आस्था और इंसानियत की आती है, तो मजहब दीवार नहीं बनता – सेवा और सौहार्द ही सच्चा धर्म होता है।

गुरुवार को चितिहा गांव से निकली इस अष्टम कांवड़ यात्रा की कमान संभाली सलामत हाजी ने। उन्होंने कांवरियों की सेवा को अपना धर्म माना। पानी, फल, शीतल पेय और विश्राम स्थल की व्यवस्था उन्होंने स्वयं देखी और समिति के सभी सदस्यों को दिशा-निर्देश दिए कि कोई भी कांवरिया भूखा-प्यासा न जाए, यही मेरी श्रद्धा है भोले बाबा में। कांवड़ यात्रा के दौरान सलामत हाजी द्वारा दी गई सेवाएं हर किसी की



जुबान पर थीं। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने खुले दिल से कहा सलामत हाजी जैसे लोग समाज की असली ताकत हैं, जिनकी वजह से आज भी सौहार्द और भाईचारा जिंदा है। कांवड़ यात्रा की शुरुआत पवित्र जौराहा घाट से हुई, जहां से श्रद्धालुओं ने सरयू जल भरकर गोला गोकर्णनाथ स्थित शिवधाम के लिए प्रस्थान किया। यात्रा के दौरान डीजे पर शिव भजनों की धुनें, श्रद्धालुओं का उत्साह और गांव वालों का प्रेम सब कुछ इस यात्रा को एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव बना रहा था। गांव की गलियों में जब कांवरियों का जत्था हर हर महादेव के जयघोष के साथ निकला, तो पूरा गांव श्रद्धा और एकता के रंग में रंग गया। पंडित जी द्वारा कांवरियों को तिलक और चंदन लगाकर विदा किया गया और रास्ते भर फूलों की वर्षा व जल छिड़काव से भव्य स्वागत किया गया।

कांवड़ सेवा समिति के सदस्य- विपिन जायसवाल, सत्यनारायण यादव, जवाहरलाल जायसवाल, सुनील जायसवाल, रामवीर यादव, श्यामकिशोर मिश्रा, समालिया प्रसाद सभी ने मिलकर इस यात्रा को सफल बनाया, लेकिन सभी की निगाहों का केन्द्र रहे सलामत हाजी जी, जिनकी अगुवाई और सेवा ने इस आयोजन को एक नई ऊँचाई दी।

### अवैध खनन से त्रस्त किसानों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** बांकेगंज ब्लॉक के ग्राम निपनिया में अंधाधुंध तरीके से हो रहे अवैध खनन से परेशान किसानों का सब्र आखिर टूट गया। कई बार उप जिलाधिकारी (एसडीएम) गोला को शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से क्षुब्ध किसानों ने बुधवार को लखीमपुर पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की कि अविलंब अवैध खनन पर रोक लगाई जाए, जिससे उनकी कृषि भूमि और फसलें सुरक्षित रह सकें। भाकियू (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के नेतृत्व में दर्जनों किसान डीएम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने आरोप लगाया कि बांकेगंज ब्लॉक के निपनिया गांव में लंबे समय से अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे गांव की ज़मीन बंजर होने की कगार पर है।

## पूर्वोत्तर रेलवे को बड़ी सौगातः मैलानी-नानपारा के बीच ब्रॉड गेज लाइन की तैयारी शुरू, सर्वे को मिली मंजूरी

**मैंलानी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

तराई क्षेत्र के विकास और रेल कनेक्टिविटी को मजबूती देने की दिशा में रेल मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर मंडल से मिली जानकारी के अनुसार, मैलानी से नानपारा के बीच ब्रॉड गेज लाइन बिछाने की योजना को लेकर रेलवे ने तीन महत्वपूर्ण खंडों के सर्वे को मंजूरी दे दी है। भीरा खीरी-रायबोझा (120 किमी.) के बीच नई रेल लाइन बिछाने तथा मैलानी-भीरा खीरी (16 किमी.) एवं नानपारा-रायबोझा (13 किमी.) मीटर गेज लाइनों के आमान परिवर्तन (गेज कन्वर्जन) के लिए अब फाइनल लोकेशन सर्वे (एफ.एल.एस.) और डीपीआर बनाई जाएगी। रेलवे बोर्ड ने




इस कार्य के लिए 3.58 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह रेलवे परियोजना उत्तर प्रदेश के खीरी और बहराइच जनपदों के विकास में अहम भूमिका निभाएगी। प्रस्तावित नई लाइन दुधवा नेशनल पार्क के बाहर से होकर गुजरेगी, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचेगा। इस ब्रॉड गेज लाइन के निर्माण से मैलानी से लेकर नानपारा तक क्षेत्र देश के ब्रॉड गेज नेटवर्क से सीधे जुड़ जाएगा। इसके साथ ही यह लाइन दिल्ली समेत पश्चिमी और उत्तरी भारत के शहरों की ओर आवागमन का एक वैकल्पिक और सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध कराएगी। पूर्वी भारत से पीलीभीत और उत्तराखंड तक की यात्रा भी पहले से ज्यादा सहज हो सकेगा। रेल परियोजना से इस क्षेत्र के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। खासकर दुधवा नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों की संख्या में इज़ाफा होने की उम्मीद है। वहीं, स्थानीय किसानों और व्यापारियों को भी राहत मिलेगी, क्योंकि उनके कृषि और वन्य उत्पाद अब सीधे देश के बड़े शहरों तक ट्रेनों के माध्यम से पहुंचाए जा सकेंगे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि जल्द ही सर्वे और डीपीआर का कार्य शुरू किया जाएगा ताकि योजना को जल्द धरातल पर उतारा जा सके।

## छोटी काशी में संगीतमयी भागवत कथा, शिव-विवाह प्रसंग बना आकर्षण का केंद्र

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ स्थित साई मैरिज लॉन में सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के भावों के साथ जारी है। प्रसिद्ध कथा वाचिका संजीवनी मिश्रा ने भगवान शिव और देवी पार्वती के विवाह प्रसंग को अत्यंत भावुक एवं रोचक शैली में श्रोताओं को श्रवण कराया। कथा स्थल पर भक्ति, संगीत और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।कथा वाचिका संजीवनी मिश्रा ने कथा सुनाते हुए बताया कि देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए वर्षों तक कठोर तपस्या



की। संजीवनी मिश्रा ने भगवान शिव के विवाह की तैयारी, देवी पार्वती द्वारा किए गए सोलह श्रृंगार, शिव बारात की अनोखी झांकी और विवाह समारोह में देवताओं व ऋषि-मुनियों की उपस्थिति जैसे प्रसंगों को बड़े ही रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कथा वाचिका ने कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह यह संदेश देता है कि सच्चा प्रेम, भक्ति और तपस्या किसी भी बाधा को पार कर सकता है। यह प्रसंग हमें जीवन में धैर्य, समर्पण और विश्वास

> **आज का प्रसंग- श्रीकृष्ण जन्मोत्सव**
> आयोजकों के अनुसार, अगले दिन की कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया जाएगा, जिसकी विशेष तैयारी की गई है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

जैसे मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। कथा के दौरान नगर के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। व्यापारी नेता एवं समाजसेवी पटेल अशोक कनौजिया, जिला पंचायत सदस्य शिखा कनौजिया, सतीश वर्मा, पवन वर्मा, राजदीप एडवोकेट, प्रदीप कुमार, कृष्ण मुरारी, रामसेवक तथा प्रियंका समेत दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने कथा का श्रद्धा पूर्वक श्रवण किया और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त की।

## खरीफ सीजन में संबंधित अधिकारी कृषकों को ससमय सभी प्रकार के खाद उपलब्ध कराएंः डीएम

**बलरामपुर।** खरीफ सीजन में कृषकों को सरलता एवं सुगमता से ससमय निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने को जनपद की सभी 53 उर्वरक वितरण समितियों पर उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं ओवर रेटिंग आदि बिंदुओं पर डीएम के आदेश पर विकास खंडवार नामित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया एवं जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई। इस दौरान डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा तहसील सदर के भगवतीगंज में थोक उर्वरक विक्रेता मेमर्स कुंदनलाल कुड़ामल एवं मेमर्स कृषि विकास के गोदाम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी पंजिका का अवलोकन किया एवं स्टॉक पंजिका से स्टॉक का मिलान किया। उन्होंने स्टॉक



पंजिका का प्रतिदिन का मिलान किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मेमर्स कुंदनलाल कुड़ामल के स्टॉक गोदाम में बारिश के पानी के आने से यूरिया में सीलन पाए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की एवं सुधार के निर्देश दिया। कृषकों को सरलता एवं सुगमता से निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाना संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एआर कोऑपरेटिव व अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्य वितरण 20 जुलाई से 10 अगस्त तक

**बलरामपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह अगस्त, 2025 के सापेक्ष खाद्यान्न का वितरण दिनांक 20 जुलाई, 2025 से आरम्भ होकर माह अगस्त, 2025 की 10 तारीख तक नियत है। उक्त वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किग्रा. फोर्टिफाइड चावल एवं 14 किग्रा. गेहूँ कुल 35 किग्रा खाद्यान्न नि:शुल्क दिया जाएगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 03 किग्रा फोर्टिफाइड चावल तथा 2 किग्रा गेहूँ कुल 5 किग्रा खाद्यान्न नि:शुल्क दिया जायेगा। खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 10.08.2025 होगी।

### लगातार चोरी की वारदातों से दहशत, बिजली कटौती बनी चोरों की सहायक

**ईसानगर/लखीमपुर खीरी।** थाना क्षेत्र ईसानगर में लगातार दो रातों से हो रही चोरी की घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अदलिसपुर और सिसैया चौराहों पर छह दुकानों में हुई चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बीती रात अदलिसपुर चौराहे पर तस्लीम अंसारी की किराना दुकान, मनोज विश्वकर्मा की इलेक्ट्रॉनिक शॉप और अतुल विश्वकर्मा के सहज जन सेवा केंद्र से चोर कीमती सामान व नकदी पार कर ले गए। इससे एक दिन पहले 16 जुलाई को सिसैया चौराहे पर तिवारी बीज भंडार, अवस्थी खाद भंडार समेत दो अन्य दुकानों को भी निशाना बनाया गया था। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में हो रही अनाधिकृत और नियमित बिजली कटौती के कारण चोरों को अंधेरे का पूरा फायदा मिल रहा है।

## सीएमओ ने किया सीएचसी शिवपुरा का निरीक्षण

- 11 कर्मी सीएमओ के निरीक्षण में मिले अनुपस्थित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चौकीदार राजेश, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सलीम हुसैन ऑप्टोमेट्रिस्ट , डॉ कृष्ण कुमार यादव चिकित्सा अधिकारी, रुचि तिवारी एएनएम, डॉ. अंशिका श्रीवास्तव, बलवंत राव एलटी, नीलू यादव स्टाफ नर्स, डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव चिकित्सा अधिकारी, अशोक कुमार सुरेन्द्र पाल सिंह वरिष्ठ



सहायक अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दिया। निरीक्षण के समय तक ओपीडी में कुल 115 मरीजों का उपचार किया गया था, 16 मरीजों का पैथोलॉजी जांच किया गया था। सीएमओ ने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि चिकित्सालय भवन एवं परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त किया जाए, किसी भी मरीज को बाहर की दवा एवं जांच न लिखा जाए। सभी दवाएं एवं जांचे अस्पताल में से ही मरीजों को दिया जाय। सभी कर्मियों को समय से अस्पताल आए और निर्धारित ड्रेस कोड में रहे। निरीक्षण में जनरेटर का लॉग बुक अपूर्ण पाया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संबंधी अभिलेख, जननी सुरक्षा योजना, सीएचओ के पीबीआई, आशा भुगतान संबंधी अभिलेख भी अपूर्ण पाए गए। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा से स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस समय चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के समय  डीएमओ राजेश पाण्डेय, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ प्रणव पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला लेखा प्रबंधक प्रभात मौर्या सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवपुरा के कर्मी मौजूद रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्वर्गीय दयाराम पुत्र स्वर्गीय रुपन लाल निवासी ग्राम बगचन मजरा परेली परगना हैदराबाद तहसील गोला कि सम्पत्ति के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु दयवन्ती पत्नी स्वर्गीय दयाराम और नाबालिग पुत्रगण अरुण कुमार और नीरज कुमार निवासीगण उपरोक्त ने एक प्रार्थना पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 23-7-25 को निश्चित हुयी है। अतः यदि किसी पक्ष को अथवा किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वहा नियत तिथि अथवा किसी भी कार्य दिवस के न्यायालय में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा प्रार्थना पत्र कि सुनवाई एकपक्षीय रूप से निस्तारित कर दिया जायेगा। न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीज़न) मोहम्मदी खीरी।

# इत्र नगरी कन्नौज को बनायेंगे भारत का परफ्यूम हब : जयवीर

**पर्यटन मंत्री ने कन्नौज के लिए 28 सदस्यीय फैम ट्रिप को दिखाई हरी झंडी**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरूवार को अपने विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास से 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ से इत्र नगरी कन्नौज के लिए को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एक दिवसीय यात्रा में देश के प्रमुख टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर, होटल व्यवसायी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि विश्व की प्रख्यात कंपनियों में इत्र बनाने की विधि से हटकर जनपद कन्नौज में पारंपरिक रूप से इत्र बनाया जाता है। जिसकी सुगंध टिकाऊ एवं पर्यावरण फ्रेंडली होती है। उन्होंने शिष्टमंडल को बधाई देते हुए उनके सफल यात्रा की कामना की। इस अवसर पर विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया भी उपस्थित रहीं।

मंत्री जयवीर सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रेरित किया की वे कन्नौज को एक विशिष्ट पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि यह मात्र यात्रा नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की खुशबू और संस्कृति से साक्षात्कार का अवसर है और उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की उस सोच को दर्शाता है, जिसके तहत हम प्रदेश के पारंपरिक, सांस्कृतिक एवं अनुभवात्मक स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### ऐतिहासिक नगर के पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में बनें भागीदार

जयवीर सिंह ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी अपेक्षा है कि यह यात्रा केवल इत्र की गलियों तक सीमित न रहे, बल्कि एक ऐसे दृष्टिकोण को जन्म दे, जिसमें आप सभी अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ होने के नाते इस ऐतिहासिक नगर के पर्यटन को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में भागीदार बनें। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि इस यात्रा के उपरांत अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करें, ताकि हम मिलकर कन्नौज को फ्रांस के ग्रास जैसी पहचान दिला सकें, जो विश्व के परफ्यूम कैपिटल के रूप में प्रसिद्ध है। लखनऊ से कन्नौज के लिए आयोजित की गई यह यात्रा लखनऊ के आस-पास के पर्यटन स्थलों को लोकप्रिय बनाने के लिए पर्यटन विभाग की रणनीति का हिस्सा है। ऐसे ऐतिहासिक नगरों को यात्रा कार्यक्रम में शामिल करने से पर्यटकों की रुचि बढ़ेगी और वे राजधानी के साथ-साथ अन्य गंतव्यों को भी अपनी यात्रा में जोड़ सकेंगे। इससे उनकी यात्रा की अवधि और व्यय दोनों में वृद्धि होगी। प्रतिनिधिमंडल में ताजमहल होटल, रमाडा प्लाजा, रेनेसां, क्लार्क्स अवध जैसे प्रतिष्ठित होटलों के प्रतिनिधि, टॉर्नोस डेस्टिनेशन प्रा. लि., मुलबरी टूर प्रा. लि., ओशन ट्रैवेल्स, एसओटीसी फॉर हॉलीडेज़ जैसे अग्रणी टूर ऑपरेटर एवं प्रमुख सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जितेन्द्र केवलानी जैसे विशेषज्ञ सम्मिलित रहे।

## गांधी परिवार की अहंकारी राजनीति के दिन अब लद चुके : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का बचाव करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि गांधी परिवार की अहंकारी राजनीति के दिन अब लद चुके हैं। आगे उन्होंने लिखा कि कथित भ्रष्टाचार समेत अन्य मामलों में ज़मानत पर विचरण करने वाले गांधी परिवार के अड़ियल नेता राहुल गांधी को जेल की बहुत याद आती है। अब वे असम के उन लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं जिन्होंने न केवल असम बल्कि समूचे उत्तर-पूर्वी राज्यों से कांग्रेस को खदेड़ने में महती भूमिका निभाई है। श्री गांधी को समझना चाहिए कि उनके परिवार की अहंकारी राजनीति के दिन अब लद चुके हैं और देश में अब कानून का राज है।गौरतलब हो कि एक दिन पहले राहुल गांधी ने कहा था कि बहुत जल्द हमारे बब्बर शेर असम के मुख्यमंत्री को जेल भिजवाएंगे। इसके बाद असम के मुख्यमंत्री के बचाव में भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं ने बयान दिए हैं।

## खबरें एक नजर में

### योद्धा ईपॉड लॉन्च, यूपी, बिहार व असम से शुरू होगी देशभर में चरणबद्ध बिक्री



**लखनऊ/नई दिल्ली।** देश की इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री में एक नया नाम जुड़ गया है — 'योद्धा'। कंपनी ने अपने पहले प्रमुख उत्पाद 'योद्धा ईपॉड' को गुरुवार को राजधानी में लॉन्च किया। यह एल5 कैटेगरी का अगली पीढ़ी का पैसेंजर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर है, जिसे पूरी तरह भारत में डिज़ाइन और मैन्युफैक्चर किया गया है। कंपनी का दावा है कि यह वाहन न सिर्फ अफॉर्डेबल है, बल्कि टिकाऊ, लो-मेंटनेंस और खासतौर पर भारतीय सड़कों और मौसम के हिसाब से तैयार किया गया है। कंपनी का कहना है कि योद्धा ईपॉड एक बार चार्ज करने पर करीब 227 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इसमें 11.8 KWH की लिथियम-आयन बैटरी, 6 किलोवॉट की मोटर, 55 एनएम का टॉर्क और वाटर वेडिंग कैपेसिटी 300 मिमी तक की दी गई है, जिससे यह बारिश और जलभराव जैसे हालात में भी चलने में सक्षम है। साथ ही, इसमें दो ड्राइव मोड - 'सिटी' और 'बूस्ट' - दिए गए हैं, जो अलग-अलग ट्रैफिक कंडीशन्स में मदद करते हैं।

### फर्जी क्राइम ब्रांच पुलिस बनकर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ की गोमतीनगर पुलिस ने क्राइम ब्रांच का ऑफ़िसर बनकर ठगी करने वाले चार शातिरों को गिरफ्तार किया है. सभी आरोपी निवेश के नाम पर पैसे लेते और फ़र्जी एसओ जी बनकर पैसा हड़प लेते. पुलिस अन्य नेटवर्क को खंगाल रही है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया नवाबगंज प्रयागराज निवासी हनुमान प्रसाद ने बुधवार को शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया पैसा डबल करने के नाम पर उनसे पैसे निवेश कराए गए। इसके बाद खुद को क्राइम ब्रांच का बताकर पैसे हड़प लिए। मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जिसके बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया आरोपियों की पहचान गोसाईंगंज निवासी विशाल कुमार (25) पुत्र सुरेश कुमार, सनौली महाराजगंज निवासी रामबहादुर (46) पुत्र रामनारायण, रामप्रसाद (34) और समस्तीपुर बिहार निवासी अंजनी कुमार (40) पुत्र जगदानन्द झा के रूप में हुई। सभी को विनीत खंड आईआईएलएम रोड के पास से रात करीब 11 बजे गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से पुलिस आईकार्ड, अवैध तमंचा 30 चिल्ड्रन बैंक की गड्डी जिनके ऊपर 500 रुपए का एक असली नोट लगा मिला। 30 हजार रुपए नगद बरामद किए गए। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

### मार्ग दुर्घटना में इलेक्ट्रीशियन की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इलेक्ट्रीशियन साइट से लौट रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। छोटा भरवारा गोमतीनगर निवासी आशीष यादव (25) पुत्र राम नरेश यादव इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। बुधवार रात करीब 9 बजे फ़न मॉल से लोहिया चौराहे की तरफजा रहा था। लोहिया चौराहे से 50 मीटर आगे बढ़ते ही बाइक बेकाबू हो गई और डिवाइडर से टकरा गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिवार को सूचना देने के साथ इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। चाचा ननकू यादव ने बताया आशीष घर का अकेला कमाने वाला था। एक भाई सतीश की दो साल पहले एक्सीडेंट में मौत हो चुकी है। परिवार में मां सुशीला बहन प्रियंका हैं।

### मिर्गी का दौरा पड़ने से किशोर नाले में डूबा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनीनगर में जानवर चराने गए 19 वर्षीय सुनील उर्फगोलू की नाले में डूबने से मौत हो गई। सुनील दरोगा खेड़ा निवासी किसान महेश का बेटा था और इंटरमीडिएट तक पढ़ाई कर चुका था। घटना बुधवार की है जब सुनील जानवर चराने गांव से कुछ दूर खेतों की तरफगया था। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने अन्य चरवाहों से पूछताछ की। चरवाहों ने बताया कि सुनील खेतों के पास पानी भरे नाले के किनारे पेड़ की छांव में अकेला बैठा था। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो सुनील की लाठी पेड़ के नीचे मिली। परिवार के अनुसार सुनील मिर्गी का मरीज था। शक होने पर जब परिजनों ने नाले में देखा तो सुनील का शव पानी में मिला। परिवार का मानना है कि मिर्गी का दौरा पड़ने से वह पानी में गिर गया। सुनील अपने माता-पिता की सबसे छोटी संतान था। उसके परिवार में माता-पिता के अलावा तीन विवाहित बहनें और दो भाई हैं। गुरुवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी समेत कई नेताओं ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर परिवार को सांत्वना दी। हालांकि, पुलिस ने इस घटना की जानकारी से इनकार किया है।

### परिवहन विभाग अभी भी चला रहा महाकुंभ बसें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जो लोग 144 वर्षों में होने वाले महाकुंभ के पावन स्थान से वंचित रह गये है उनके लिये पांच महीने बीत जाने के बाद भी उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग में अभी भी कुंभ मेला चल रहा है। उत्तरप्रदेश परिवहन विभाग की प्रदेश भर में महाकुम्भ मेला-2025 का स्टीकर लगी बसें चल रही है। स्टीकर अभी भी बसों के आगे पीछे तथा साइडों में लगे हुए है। महाकुंभ को खत्म हुए महीनों बीत चुके है। परंतु परिवहन विभाग में कुंभ मेला अभी भी चल रहा है! परिवहन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के पास इतनी फुरसत कहां है कि , प्रदेश भर में हजारों की संख्या में चल रही परिवहन विभाग की ऐसी बसों के स्टीकर हटवाकर उनकी साफ सफाई करा सके।

## अब शिक्षा का मतलब सिर्फ उपस्थिति नहीं, उत्कृष्टता भी है : संदीप सिंह

**शिक्षा के बुनियादी ढांचे में ऐतिहासिक निवेश**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संपूर्ण कायाकल्प के लिए 2,000 करोड़ की एकमुश्त बजट व्यवस्था को स्वीकृति दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गई यह योजना बेसिक शिक्षा विभाग की अब तक की सबसे बड़ी निवेश योजना मानी जा रही है। इसे अनुदान संख्या-71 के अंतर्गत 'वृहद निर्माण कार्य मद' से क्रियान्वित किया जायेगा।

इस सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हम शिक्षा को सिर्फ विद्यालय उपस्थिति तक सीमित न रखते हुए उसे संरचनात्मक, तकनीकी और बौद्धिक रूप से समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश को देश के शिक्षा के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करें। हम हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए नवाचार, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रदेशभर में संचालित परिषदीय विद्यालयों में भवन निर्माण, संसाधन सुदृढ़ीकरण, पेयजल, शौचालय, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, एमडीएम शेड, रैंप और चारदीवारी जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन प्राथमिक शिक्षा, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के अनुरूप ही इस कार्य योजना को गति दी जायेगी। बता दें कि शिक्षा में सुधार केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका सीधा लाभ बच्चों की सीखने की गुणवत्ता और विद्यालयी जीवन के अनुभव पर भी दिखेगा। महानिदेशक स्कूल, कंचन वर्मा का कहना है कि इस रणनीति से प्रदेश के स्कूलों में छात्र नामांकन में वृद्धि, पियर लर्निंग का विस्तार, सक्रिय सहभागिता और अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा मिलेगा।

### अब नामांकन के आधार पर होगा विकास

सीएम योगी की सोच के अनुरूप, यह योजना अब केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका फोकस प्रभावी उपयोग और क्रियाशीलता पर भी होगा। प्राय: यह देखा गया है कि कम नामांकन वाले विद्यालयों में संसाधनों के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, जबकि अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में संसाधनों की सीमितता के बावजूद बेहतर उपयोग होता है। इसी परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2025-26 में 500 या अधिक छात्रसंख्या वाले विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में पुरस्कार स्वरूप उच्चीकृत किया जाएगा। इन विद्यालयों को स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी रूम, मल्टीपरपज हॉल, क्लब रूम, कंप्यूटर और आईसीटी लैब, 'लर्निंग बाय डूइंग' स्पेस और एमडीएम शेड सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

## मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मिल सकता है सेवा विस्तार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी के मुख्य सचिव और 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार का अनुरोध किया है। श्री सिंह का 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। दरअसल मनोज कुमार सिंह से पहले यूपी के मुख्य सचिव रहे पूर्व आईएएस दुर्गाशंकर मिश्रा को दो बार एक-एक साल के लिए और तीसरी बार छह महीने के लिए सेवा विस्तार मिला था। इस तरह उनको ढाई साल का सेवा विस्तार मिला। माना जा रहा है कि यूपी के बुनियादी ढाँचे और औद्योगिक विकास में सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ-साथ राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में उनके योगदान को लेकर सरकार ने केंद्र से विस्तार का आग्रह किया है।

## राजभवन ने लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति पद के लिए मांगे आवेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ विश्वविद्यालय के निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को आईआईएम कोलकाता का निदेशक बनाए जाने के बाद अब राजभवन ने लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल कार्यालय की तरफ से यह आवेदन मांगे गए हैं। राजभवन ने इस संबंध में अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक सूचना अपलोड की है। 11 अगस्त तक या उससे पहले वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. यूपीगवर्नर. जीओवी. इन पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। सूचना में घोषणा की गई है कि कुलपति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या 68 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहेंगे। केवल वे ही उम्मीदवार इस पद पर नियुक्ति के पात्र हैं जिन्होंने 65 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं की है।

सूचना में उल्लिखित योग्यता मानदंड उच्चतम स्तर की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्थागत प्रतिबद्धता है। उम्मीदवार में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट अनुभव के साथ-साथ सुदृढ़ प्रशासनिक कौशल भी होना चाहिए। नवनियुक्त कुलपति वर्तमान कुलपति का कार्यकाल पूरा होने और विज्ञापित पद रिक्त होने के बाद ही कार्यभार ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता (आईआईएम-सी) का निदेशक नियुक्त किया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई कुलपति आईआईएम जैसे केंद्रीय संस्थान में शामिल हो रहा है। यह एक दुर्लभ उदाहरण भी है जब किसी गैर-आईआईएम प्रोफेसर को आईआईएम निदेशक नियुक्त किया गया हो। लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यभार संभालने से पहले, राय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्रबंधन के प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने विभिन्न उच्च-स्तरीय समितियों और पैनलों में कई पदों पर भी कार्य किया।

## सांसद से अभद्रता करने वाला अधिकारी जनता का क्या सम्मान करेगा : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सहारनपुर के कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन के साथ अभद्रता का मामला तूल पकड़ गया। सपाई विरोध में उतर आए। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जांच के बाद एडीएम पर कार्रवाई की मांग की गई है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने फेसबुक और एक्स पर लिखा, जो अधिकारी सांसद का सम्मान नहीं करता वह जनता का सम्मान क्या करेगा। पूर्व सांसद फजलुर्रहमान ने फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा है कि हम अपनी बेटी के साथ हैं। सपा जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में लिखा कि कैराना सांसद और छुटमलपुर नगर पंचायत अध्यक्षा शमा परवीन के साथ हुई घटना निंदनीय है। इसके लिए एडीएम पर कार्रवाई होनी चाहिए।

सपा महानगर प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने पत्र भेजकर लिखा कि जन समस्याओं को लेकर सांसद इकरा हसन और अध्यक्षा एडीएम से मिलने के लिए पहुंची थीं। इस तरह उनके साथ अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक जुलाई को सांसद इकरा हसन और नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन एडीएम कार्यालय पहुंची थीं। इसके बाद कैराना सांसद की तरफसे शासन को शिकायत की गई। एडीएम ने उनके साथ अभद्रता की और कार्यालय से बाहर जाने के लिए कहा। शिकायत की कॉपी मंडलायुक्त को दी गई। मंडलायुक्त के



**सांसद इकरा हसन से अभद्रता के मामले ने पकड़ा तूल**

आदेश पर डीएम ने जांच शुरू कर दी है।

सांसद इकरा हसन ने बताया कि वह अपने किसी काम से सहारनपुर कलेक्ट्रेट गई थीं, छुटमलपुर नगर पंचायत की अध्यक्षा शमा परवीन ने परेशानी बताई। महिला व जनप्रतिनिधि होने के नाते वह उनके साथ एडीएम से मिलीं। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक एडीएम अपने कार्यालय नहीं आए। तीन बजे आने के बाद एडीएम ने अभद्र व्यवहार किया। योगी और मोदी सरकार एक तरफ तो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिला सशक्तिकरण का नारा बुलंद कर रही है, लेकिन एडीएम ने सारी हदें पार कर महिलाओं का अपमान किया। प्रोटोकॉल का पालन भी नहीं किया। शासन और प्रशासन में लिखित रूप में शिकायत की है। उनकी सरकार से मांग है कि महिला विरोधी मानसिकता के अधिकारी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## समाजसेवी व पत्रकार जनशक्ति सम्मान से हुए सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन सामाजिक संस्था प्रतिवर्ष जनशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन करती है जिसमें पत्रकार एवं समाजसेवियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाता है। संस्था के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा ने बताया इस वर्ष भी यह कार्यक्रम होटल सेलीस्टियल मनोर, ओमेक्स हजरतगंज में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, दिनेश प्रताप सिंह मंत्री उद्यान स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश एवं अति विशिष्ट अतिथि में ओपी श्रीवास्तव विधायक, अपर्णा यादव उपाध्यक्ष उ. प्र. राज्य महिला आयोग, नम्रता पाठक वरिष्ठ समाजसेविका, वरिष्ठ आईपीएस एडीजी डीके ठाकुर, एडीजी नीलाब्जा चौधरी, संस्था के मुख्य संरक्षक पूर्व आईजी आर के चतुर्वेदी, संतोष श्रीवास्तव, मनीष वर्मा, समीर शेख, प्रभुनाथ राय, सूर्यपाल सिंह, कुंवर दिनेश सिंह चौहान, प्रवीन सिंह चौहान आदि विशिष्ट अतिथि में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक वा इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह ने की।

संस्था सचिव हेमू चौरसिया, मोनालिसा ने बताया कि समाजसेवा में लगे 111 समाजसेवियों एवं 15 सम्मानित पत्रकारों को उनके सामाजिक योगदान हेतु जनशक्ति सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

## गोमतीनगर स्टेशन से चलेगी दो अमृत भारत एक्सप्रेस

### आज पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश से बिहार और पश्चिम बंगाल की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे गोमतीनगर स्टेशन से 2 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू करने जा रहा है, जिनका संचालन शुक्रवार से विशेष ट्रेन के रूप में किया जाएगा। ये ट्रेनें दरभंगा (बिहार) और मालदा टाउन (पश्चिम बंगाल) के लिए चलाई जाएंगी। इनका वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के मोतिहारी से करेंगे। दोनों ट्रेनें अयोध्या रूट से होकर गुजरेंगी। शुरुआत में यह ट्रेनें स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी और आगे चलकर इन्हें नियमित सेवा के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। रेलवे बोर्ड ने फ़िलहाल संचालन का प्रारंभिक शेड्यूल जारी किया है, जिसे स्थिति के अनुसार अपडेट किया जाएगा।

## धर्मांतरण मामले में ईडी ने शुरु की छांगुर बाबा के ठिकानों पर छापेमारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन के ठिकानो पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरु कर दी है।

ईडी ने बलरामपुर में 12 और मुंबई में दो ठिकानों पर छापे मारे। ईडी ने 100 करोड़ रुपये के अवैध फडिंग के मामले में यह कार्रवाई की है। छांगुर बाबा पर धर्मांतरण, विदेशी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाना और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली गतिविधियों के गंभीर आरोप हैं जिसकी जांच के बाद ईडी ने छापेमारी शुरु की है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को छांगुर बाबा गिरोह के हवाला नेटवर्क, उनके संदिग्ध बैंक लेनदेन और विदेशी फंडिंग के बारे में कई सुराग मिले हैं। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश एटीएस ने सभी दस्तावेज़ ईडी को सौंप दिए हैं, जिसने इन ठिकानों पर छापेमारी करने का फैसला किया है।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा कि छांगुर बाबा और उसकी मुख्य सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन से पूछताछ में पता चला है कि गिरोह के सदस्यों ने उनके नाम और विभिन्न संस्थानों में 40 से ज़्यादा बैंक खाते खोले थे, जिनसे लगभग 100 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ।

**तैयारी** | **नई दिल्ली व हैदराबाद के सफल आयोजनों के बाद अब बेंगलुरू की बारी**

## बेंगलुरु में होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पहले मेगा रोड शो

**लखनऊ/बेंगलुरू, समृद्धि न्यूज।**

- बेंगलुरू देखेगा उत्तर प्रदेश की कारोबारी शक्ति की झलक
- योगी सरकार का मिशन, यूपी को बनाएंगे ग्लोबल ट्रेड व इनोवेशन का केंद्र

उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और कारोबारी क्षमताओं की झलक अब कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में देखने को मिलेगी।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पूर्व देश के प्रमुख औद्योगिक नगरों में आयोजित किए जा रहे रोड शोज की श्रृंखला में यह तीसरा मेगा रोड शो है, जो 18 जुलाई शुक्रवार को कर्नाटक स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इससे पहले नई दिल्ली और हैदराबाद में आयोजित रोड शोज ने निवेशकों, विदेशी प्रतिनिधियों और स्टार्टअप्स के बीच उत्तर प्रदेश के प्रति जबरदस्त उत्साह और विश्वास पैदा किया है। अब बेंगलुरू में होने जा रहा यह आयोजन दक्षिण भारत के टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब में उत्तर प्रदेश के कारोबारी विजन और नीतिगत स्पष्टता को पेश करने का एक बड़ा मंच बनेगा।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस रोड शो के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य अपने निर्यात विजन 2025 को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई, खादी व ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान नेतृत्व करेंगे और 'टीम योगी' के प्रतिनिधि राज्य की कारोबारी क्षमताओं, अधोसंरचना, नीति सहयोग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे क्षेत्रों में हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तनों की जानकारी साझा करेंगे। इस आयोजन में विदेशी राजनयिक, दूतावास अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय खरीदार, उद्योग संगठन, निवेशक, तकनीकी स्टार्टअप्स और एमएसएमई बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

खास बात यह है कि बेंगलुरू के हाई-टेक वातावरण में उत्तर प्रदेश की इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, टेक्सटाइल, एग्रो-बेस्ड इंडस्ट्रीज, फूड प्रोसेसिंग और ओडीओपी जैसी प्रमुख योजनाओं की शक्ति को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

### लोकल को ग्लोबल से जोड़ने की रणनीति

यह रोड शो उत्तर प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। ओडीओपी के जरिए हर जिले की विशिष्ट पहचान को बाजार में नया विस्तार मिल रहा है और इस प्रकार यूपी एक मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड मॉडल को साकार कर रहा है। बेंगलुरू रोड शो के बाद इस श्रृंखला के अगले आयोजन मुंबई (25 जुलाई) और अहमदाबाद (30 जुलाई) में होंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य 25 से 29 सितंबर 2025 के बीच ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के लिए उद्योग जगत, विदेशी प्रतिनिधियों और व्यापारिक समुदाय को आमंत्रित करना और भागीदारी सुनिश्चित कराना है।

## आरएसएस ने बदले 60 से अधिक जिला प्रचारक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 60 से अधिक जिला प्रचारकों के पदों में फेरबदल करते हुए बड़े संगठनात्मक बदलाव किए हैं।

अगले साल होने वाले पंचायत चुनावों और 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों के लिहाज से इस बदलाव को काफी अहम माना जा रहा है। संघ के सूत्रों की मानें तो जमीनी स्तर पर बेहतर और अधिक कुशल समन्वय सुनिश्चित करते हुए संगठनात्मक तंत्र में नई जान फूंकने के लिए ही ये बदलाव किए गए हैं। जिला प्रचारक कार्यकर्ताओं को संगठित करने और जमीनी स्तर पर वैचारिक पहुंच को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आरएसएस सूत्रों ने बताया कि हर प्रांत में कम से कम 10 से 15 प्रचारकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। संघ के अनुसार यूपी में छह प्रांत हैं जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश (उत्तराखंड सहित), ब्रज, अवध, गोरक्ष, काशी और बुंदेलखंड शामिल है। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि ये बदलाव एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा हैं जो संघ अपने पदाधिकारियों की दक्षता बढ़ाने के लिए करता है। इस वर्ष, संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस संभावना से इंकार नहीं किया कि इसका उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावी मुकाबलों से संबंध हो सकता है। आरएसएस पदाधिकारी ने कहा, आरएसएस और भाजपा का वैचारिक तालमेल किसी भी चुनावी मुकाबले से पहले होता है। दूसरी ओर आरएसएस में हुए इस बदलाव को लेकर वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक कुमार पंकज का कहना है कि आरएसएस और भाजपा उत्तर प्रदेश में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। यूपी में सबसे ज्यादा लोकसभा की 80 सीटें हैं और जो पार्टियों की चुनावी महत्वाकांक्षाओं में अहम स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि, 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद उत्तर प्रदेश में आरएसएस की संगठनात्मक गतिविधियां महत्वपूर्ण हो गई हैं, जहां भाजपा को 2019 के 62 से गिरकर 33 सीटों पर आ जाने से झटका लगा था। संघ भाजपा की चुनावी गतिविधियों पर कड़ी नज़र रखना चाहता है लेकिन जरूरत पड़ने पर पर्याप्त समर्थन भी देता है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

# जिलाधिकारी ने दिए लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विद्युत विभाग एवं नेडा (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण) विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कैम्प विद्युत विभाग परिसर, गायत्री पुरम चौराहा के निकट आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभाग किया। कैम्प का निरीक्षण जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने लाभार्थियों से



बातचीत कर उनकी समस्याएं और शंकाएं सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों को योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना न केवल आम नागरिकों को सौर ऊर्जा की ओर प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना हर घर को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके माध्यम से 3 किलोवाट तक के सोलर पैनल लगवाने पर 60 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाए तथा उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में हर संभव सहायता दी जाए। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने नेडा और विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयासों की सराहना की और कहा कि विभागीय समन्वय से ही योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने अंत में आम जनता से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करें। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में अधिक से अधिक लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कर लाभ दिलाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने यह कहा है कि योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाय ताकि इस योजना से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता विद्युत, जिला परियोजना अधिकारी नेडा, अन्य विभागीय अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कैम्प में आए लोगों ने योजना की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं कई लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन मौके पर ही संपन्न कराया गया। निरीक्षण के दौरान नेडा विभाग एवं विद्युत विभाग के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा सभी वेंडर्स उपस्थित रहे।

# विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से एक्सेस टू जस्टिस (न्याय तक पहुंच) कार्यक्रम के अंतर्गत संचलित अपराजिता सामाजिक समिति द्वारा जनपद गोंडा (रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म नंबर 1) में विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान रेलवे जंक्शन पर आर.पी.एफ , जी.आर.पी. व चाइल्ड लाइन के द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया। अभियान के दौरान, रेलवे प्लेटफार्म पर ट्रेनों से आने-जाने वाले सभी यात्रियों को बाल तस्करी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसके




अतिरिक्त, प्लेटफार्म पर मौजूद वहां के लोगों व यात्रियों दुकानों के संचालकऔर आम यात्रियों को भी मानव तस्करी के विभिन्न रूपों और इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया।

अपराजिता सामाजिक समिति के प्रोजेक्ट मैनेजर सुग्रीव सिंह, एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र देव, यतेंद्र कुमार, और नारायण देवी ने यात्रियों को पंपलेट वितरित कर विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, ट्रेनों में जागरूकता स्टीकर भी लगाए गए। कैन ओ पी (प्रचार सामग्री) का उपयोग कर ट्रेनों से आने-जाने वाले यात्रियों को पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया और बाल तस्करी के बारे में लोगों को समझाकर रेस्क्यू अभियान भी चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य मानव तस्करी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके उन्मूलन में सहयोग करना।

# मृतका निशा मामले में चौकी प्रभारी माधवपुर लाइन हाजिर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

माधव पुर चौकी प्रभारी पवन कुमार गिरी को आखिर कार पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लाइन हाजिर कर के कारवाही कर दिया। अगर चौकी प्रभारी रहते हुए पवन कुमार गिरी ने अभियुक्तों के खिलाफ प्रभावी कारवाही की होती तो निशा की जान न चली जाती। थाना कटरा बाजार के छूटी पुर ग्राम के देवा पसिया निवासी जनक राज की पुत्री निशा के धान के खेत में भैंस चली गई थी। उसी को भगाने दोपहर में अकेली गई थी। तभी कुछ दूसरे समुदाय के लड़को ने उस का हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ किए था। शोर मचाने पर उस के घर के लोग आ गए थे। जिस को लेकर परिवार के लोगों को भी मारा पीटा गया था। जिस की तहरीर मृतका निशा के पिता जनक राज ने थाना कटरा बाजार के चौकी माधव पुर ले कर गए हुए थे। चौकी प्रभारी पवन कुमार गिरी ने छेड़छाड़ की तहरीर बदलवा कर सिर्फ मार पीट की कारवाही की थी। इसी से उन लोगो का हौसला और बुलंद हो गया था।और घटना के तीसरे दिन उन शकील और जमालुद्दीन ने जबरन निशा का हाथ पकड़ कर घर में खींच ले गए थे। जिस का विरोध करने पर निशा और बचाने दौड़ी उस की मां दो चाचा को मारा पीटा गया था । उन लोगों ने यही नहीं घर चढ़ कर अपशब्द बातो का प्रयोग किया था। इस से आहत हो कर निशा ने घर के दूसरी मंजिल पर बने कमरे में जा कर फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया था।

## तहसील महसी से निर्गत आय प्रमाण-पत्र हुआ निरस्त

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तहसीलदार महसी ने बताया कि खण्ड विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार व बाल विकास परियोजना अधिकारी महसी की जांच आख्या के आधार पर महसी निवासी बृजलाल पुत्र चन्दर लाल के पक्ष में निर्गत आय प्रमाण पत्र संख्या 502241018588 दिनांक 26 दिसम्बर 2024 को निरस्त कर दिया गया है।

## पुलिस के आश्वासन पर महिला ने तोड़ा धरना

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा बाजार निवासी उर्मिला पत्नी हीरा लाल आवास दिलाने के लिए कलेक्ट्रेट में स्थित पंचायत सेट के पास धरने पर बैठ गई। उर्मिला ने बताया कि उस के पति की पांच साल पहले मृत्यु हो चुकी है। दो बच्चे अनवी पटेल और रिजवी पटेल है। उस का मकान कच्चे का बना हुआ था जो ढह गया। किसी तरह उस में रहती है। परसो उस के मकान में शाप घुस गया था। अधिकारियों का चक्कर लगाने के बाद जब आवास के लिए कोई मदद नहीं मिली तो वह धरने पर बैठ गई। नगर पुलिस ने उस की मदद की भरोसा दिलाते हुए छपिया पुलिस से बात चीत कर के धरने को खत्म करा दिया।

# मॉडल वेंडिंग जोन में दुकान आवंटन प्रक्रिया बनी पारदर्शिता की मिसाल

- ओपन लॉटरी से होगा तीनों मॉडल वेंडिंग जोन की 105 दुकानों का आवंटन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नगर क्षेत्र के पटरी दुकानदारों और ठेला चालकों को सम्मानजनक आजीविका के अवसर देने के लिए मॉडल वेंडिंग जोन में दुकान आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की अनूठी पहल की है। गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थापित तीन मॉडल वेंडिंग जोन में दुकानों का आवंटन अब ओपन लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य दुकान आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और केवल पात्र आवेदकों तक ही




दुकानें पहुंचाना है। यह व्यवस्था एक पारदर्शी और निष्पक्ष आवंटन प्रणाली की मिसाल बनेगी, जिससे पात्र आवेदकों को बिना किसी भेदभाव के दुकानें मिलेंगी और किसी तरह की अनियमितता की गुंजाइश नहीं बचेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इन वेंडिंग जोन का उद्देश्य न केवल पटरी दुकानदारों को व्यवस्थित स्थान देना है, बल्कि शहर के प्रमुख इलाकों में

**105 दुकानों के लिए 1600 से अधिक आवेदन**

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वेंडिंग जोन के आवंटन में किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी न हो। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद स्तर पर प्राप्त 1600 से अधिक आवेदनों की स्क्रूटनी की जा रही है। सभी पात्र आवेदकों के बीच टाउन हॉल में ओपन लॉटरी निकाली जाएगी, जिसमें प्रत्येक आवेदक को समान अवसर मिलेगा।

यातायात व्यवस्था में सुधार और स्ट्रीट फूड कल्चर को बढ़ावा देना भी है। स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इन वेंडिंग जोन का संचालन वेंडर मैनेजमेंट कमेटी और नगर पालिका परिषद की निगरानी में ही होगा।

**23 और वेंडिंग जोन विकसित होंगे:** एसडीएम विशाल कुमार (प्रभारी अधिशासी अधिकारी) ने बताया कि पहले चरण में इन तीनों को मॉडल वेंडिंग जोन के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां कुल 105 दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इसमें, पहले वेंडिंग जोन (सिंचाई विभाग ऑफिसर्स फील्ड हॉस्टल से बाउंड्री तक) में 40 दुकानें, दूसरे वेंडिंग जोन (गांधी पार्क मेन गेट से एलबीएस चौराहा तक) में 34 दुकानें और तीसरे वेंडिंग जोन (नेकी की दीवार से जीआईसी गेट, बहराइच रोड) में 31 दुकानें हैं। प्रत्येक दुकान के लिए 15,000 प्रीमियम निर्धारित किया गया है। प्रभारी अधिशासी अधिकारी ने बताया कि गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में वर्तमान में कुल 23 वेंडिंग जोन चिन्हित हैं। अगले चरण में शेष वेंडिंग जोन को भी इसी मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

## दो चौकों प्रभारी हुए लाइन हाजिर, 12 उपनिरीक्षक बदले गए

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने संजीव कुमार राय जिगिना पुर चौकी प्रभारी थाना मनका पुर और पवन कुमार गिरी चौकी प्रभारी माधव पुर थाना कटरा बाजार को लाइन हाजिर कर दिया। वैभव सिंह को चौकी प्रभारी चचरी थाना कर्नल गंज अभिनव भरत सिंह गुफरान को थाना कर्नल गंज पंकज यादव का चौकी प्रभारी कस्बा थाना नवाब गंज उमेश सिंह को थाना नवाब गंज अरविंद राय को वाचक अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राम सुंदर सिंह को फीड बैंक आईजी आरएस शिव कुमार गिरी को चौकी प्रभारी जिगिना बाजार थाना मनका पुर पवन कुमार सिंह को चौकी प्रभारी माधव पुर थाना कटरा बाजार विनोद कुमार बरनाल को थाना कटरा बाजार भेजा गया।

# बहराइच-नानपारा रेलखंड पर विद्युतीकरण का सफल निरीक्षण, स्पीड ट्रायल भी सम्पन्न

**नानपारा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं में सुधार व परिचालनिक सुगमता के उद्देश्य से बहराइच-नानपारा (34.85 किमी) रेलखंड पर 25,000 वोल्ट एसी क्षमता की नई विद्युतकर्षण युक्त रेल लाइन का संरक्षा परीक्षण दूसरे दिन भी जारी रहा। निरीक्षण का नेतृत्व रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना ने किया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अभय कुमार गुप्ता सहित निर्माण व मंडल संगठन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सक्सेना ने सबसे पहले मटेरा स्टेशन पर यार्ड प्लान, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पैनल इंटरलॉकिंग, सिगनलिंग सिस्टम, रिले रूम, बैटरी रूम एवं स्टेशन वर्किंग रूल्स सहित विभिन्न संरक्षा मानकों का गहन निरीक्षण किया। स्टेशन मास्टर से संरक्षा विषयक प्रश्न पूछकर उनकी कार्यकुशलता भी परखी गई।इसके पश्चात मोटर ट्रॉली द्वारा मटेरा-नानपारा खंड की यात्रा कर समपार संख्या-58, ब्रिज संख्या-47,



एलएचएस-63, कर्व संख्या-3 और बैलास्ट कुशन का निरीक्षण किया गया। नानपारा स्टेशन पहुंचकर यार्ड, अधीक्षक कार्यालय, पैनल रूम, एफओबी एवं संरक्षा नियमों के अद्यतन का परीक्षण हुआ। निरीक्षण के अंतिम चरण में सीआरएस स्पेशल ट्रेन द्वारा नानपारा से बहराइच तक 130 किमी/घंटा की गति से स्पीड ट्रायल किया गया, जो सफल रहा। रेल प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि इस रेलखंड को अब पूर्ण रूप से विद्युतीकृत मानें और ओवरहेड वायर से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। मवेशियों को भी रेल लाइन के पास खुले में न छोड़ें। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बीडीओ बलहा की अध्यक्षता में बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

- किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के क्रियाकलापों के बारे में दी जानकारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड बलहा में खण्ड विकास अधिकारी बलहा अर्पणा की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मिशन वात्सल्य (बाल संरक्षण), बाल श्रम, शिक्षा सुरक्षा, बाल विवाह, आवश्यकता एवं देख-रेख, दत्तक ग्रहण प्रकिया, बाल सेवा योजना, प्रर्वतकता (स्पानसरशिप), बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना को प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श के साथ-साथ बच्चों के अधिकारों, विकास एवं बाल संरक्षण से सम्बंधित हेल्प लाईन नम्बर 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन), 181, 1090, 112 आदि तथा किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के क्रियाकलापों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। खण्ड विकास अधिकारी श्री गौतम ने निर्देश दिया कि ब्लाक व ग्राम स्तर पर नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया जाये।

इस अवसर पर परामर्शदाता सुशील वर्मा, खण्ड शिक्षाधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई से परामर्शदाता व सामाजिक कार्यकर्ता, डीसी. प्रथम संस्था व ग्राम सभा अध्यक्ष एवं आमजन मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री ने भाजपा सरकार पर लगाये गंभीर आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के विजय उत्सव लान में आयोजित विश्वकर्मा समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे सपा के पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए साथ ही बलरामपुर के चर्चित झांगुर बाबा और तत्कालीन अधिकारियों के संबंध में भी तत्काल जांच करा कर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज की आबादी साढ़े सात प्रतिशत है इतनी बड़ी आबादी होने के बाद विधानसभा में इनका कोई विधायक नही है और सरकार में कोई मंत्री नही है। समाजवादी पार्टी की जब जब सरकार बनी है चाहे नेता जी मुख्यमंत्री रहे हो या अखिलेश यादव लगातार विश्वकर्मा समाज को




हिस्सेदारी दी गयी है। इस दौरान विश्वकर्मा समाज से विधायक बनाया गया वजधान परिषद सदस्य बनाया गया। विश्वकर्मा समाज के लोगों के लिए काम किये गए, विश्वकर्मा समाज का सम्मान बढ़ाया गया और विश्वकर्मा समाज को विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया गया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार विश्वकर्मा समाज की उपेक्षा कर रही है आये दिन हत्याएं हो रही हैं बलात्कार हो रहा है विश्वकर्मा समाज की जमीनों पर कब्जा हो रहा है विश्वकर्मा समाज पर लगातार अत्याचार हो रहा है। करने वाले दबंग लोग हैं सरकार भारतीय जनता पार्टी की है। कार्यक्रम में आनन्द यादव विधायक सपा,डा त्रिलोकी नाथ विश्वकर्मा, दिवाकर विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा ,अमर नाथ विश्वकर्मा, गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ,,सर्वेश कुमार विश्वकर्मा, छन्नूलाल विश्वकर्मा, पप्पू विश्वकर्मा, देवकी नंदन विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा सन्दीप विश्वकर्मा, के के विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# नेपाली 5 किशोरियों को एसएसबी ने कुवैत जाने से रोका



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रूपईडीहा चेकपोस्ट पर एसएसबी ने पांच नेपाली किशोरियों को रोका। बुधवार की देर रात को ये किशोरियां भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रही थीं। चेकपोस्ट पर तैनात एसएसबी की एएचटीयू और बीआईटी टीम की महिला जवानों ने पूछताछ की। किशोरियों ने पहले लखनऊ घूमने जाने की बात कही। अकेले यात्रा करने की बात से संदेह होने पर गहन पूछताछ की गई। इस दौरान किशोरियों ने स्वीकार किया कि उन्हें एक व्यक्ति दिल्ली के रास्ते कुवैत भेजने वाला था। एसएसबी जवानों ने तुरंत रूपईडीहा थाना प्रभारी को सूचित किया। सभी किशोरियों को थाने लाया गया। वहां उन्हें समझाया गया कि मानव तस्कर विदेश भेजने के नाम पर उनका शोषण कर सकते हैं। काउंसलिंग के बाद किशोरियों ने घर वापस जाने की इच्छा जताई। पुलिस और एसएसबी ने देहात संस्था और मानव तस्करी रोधी इकाई को सूचित किया। संस्था के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। उन्होंने किशोरियों के परिवारों से संपर्क करने का प्रयास किया। संपर्क न हो पाने पर सभी किशोरियों को नेपाल की शांति पुनर्स्थापना संस्था के सुपुर्द कर दिया गया।

# जिले में सर्पदंश से दो की मौत, छत पर सो रही बच्ची को डसा

- महिला को काटने के बाद तकिया के नीचे बैठ गया सांप
- कोतवाली देहात इलाके के नगर ग्राम व बौंडी थाना क्षेत्र के अम्बवा तितरपुर की घटना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में इन दिनों सांपों के डसने से मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला कोतवाली देहात क्षेत्र में सामने आया है। जहां घर में सोते समय मासूम व महिला को सांप ने डस लिया। जिससे दोनों की मौत हो गई इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।डॉ. राजेश सोनकर के मुताबिक, परिजनों ने बताया कि कोतवाली देहात इलाके के नगर ग्राम की रहने वाली नेहा (10) छत पर सो रही थी। इस दौरान उसे सांप ने काट लिया, जिससे वह चीखने चिल्लाने लगी।

परिजन बच्ची को शहर के मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां पर इलाज के दौरान नेहा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नेहा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर बौंडी थाना क्षेत्र के अम्बवा तितरपुर की रहने वाली सोफिया (26) अपने बच्चों के साथ घर में बेड पर सो रही थी। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया, जिससे



उसकी हालत गंभीर हो गई. परिजन उसे स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। पति सिराज ने बताया कि रात करीब ढाई बजे पत्नी सोफिया का गला सूखने लगा और जलन सी होने लगी। तकिया को हटाया गया तो उसके नीचे सांप बैठा दिखा। जिसे लोगों की मदद से पकड़कर डिब्बे में बंद कर लिया और मेडिकल कॉलेज ले आए, सांप को देखकर हड़कंप मच गया। परिजनों ने बताया कि इसी सांप ने महिला को काटा है, जिसके बाद महिला का इलाज शुरू हो सका। मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी में तैनात डॉ. शिवम मिश्रा व डॉ. राजेश सोनकर ने बताया कि महिला की हालत गंभीर होने की वजह से लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। कोतवाल नगर राकेश सिंह ने बताया कि नेहा (10) के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं सोफिया के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया था और शव को लेकर अपने घर चले गए हैं।

## ग्र.पं., क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के वार्डों के परिसीमन हेतु समयसारिणी जारी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद के सृजन/सीमा विस्तार के कारण प्रभावित विकास खण्डों की प्रभावित ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) का आंशिक परिसीमन किये जाने के सम्बन्ध में आपत्तियां प्राप्त करने तथा उसके निस्तारण और प्रकाशन आदि के लिए समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। समयसारिणी की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का अवधारण सुनिश्चित करने का कार्य 18 से 22 जुलाई, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों की प्रस्तावित सूची की तैयारी और उसका प्रकाशन 23 से 28 जुलाई, प्रस्तावित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों पर आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य 29 जुलाई से 02 अगस्त 2025 तक किया जायेगा।

# घाघरा नदी में बच्चा डूबा, शौच के लिए गया था नदी किनारे



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र में घाघरा नदी के किनारे बसे ललतूपुरवा गांव का 7 वर्षीय सूरज अपने ढाई वर्षीय भाई छोटू के साथ शौच के लिए नदी किनारे गया था। इस दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया। छोटे भाई ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मदद के लिए पहुंचे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पैकरमा यादव ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नदी में तेज बहाव को देखते हुए उन्होंने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। बच्चे की तलाश के लिए पीएसी और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची। गोताखोरों ने तलाश अभियान शुरू किया, लेकिन देर शाम तक बच्चे का कोई पता नहीं चल सका। परिजन मौके पर पहुंचकर बिलख रहे हैं। बच्चे की तलाश जारी है।

# आवारा कुत्तों को पकड़ने में प्रशासन के छूटे पसीने,मशक्कत से पकड़े

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

शिवपुर ब्लाक क्षेत्र में कुत्ते आवारा होते जा रहे हैं। लगातार हमला कर मासूमों की जान ले रहे हैं। मंगलवार सुबह कमहरिया गांव निवासी 12 वर्षीय नूरुद्दीन को कुत्तों के झुंड ने मटेरा कलां नहर के पास हमला कर मौत की नींद सुला दिया। तब प्रशासन की गहरी नींद टूटी। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव की अगुवाई में बुधवार से कुत्ता पकड़ो अभियान चलाया गया। यह अभियान गुरुवार को भी चलाया गया। स्थानीय लोगों ने आवारा कुत्तों के गैंग के एक कुत्ते को मटेरा कलां गांव निवासी वर्मा सैनी के घर में घेर लिया। जाल आदि लगाकर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन सफलता हाथ नहीं



लगी। कुत्ता जाल को फाड़कर भागने में सफल रहा। ज्ञात हो कि इसी इलाके में बीते शनिवार को सेमरिया गांव निवासी सात वर्षीय दिलशाद को भी गंभीर रूप से घायल किया। चार माह पूर्व मटेरा कला गांव निवासी 10 वर्षीय मानसी को भी कुत्तों के झुंड ने मौत की नींद सुला दिया है। साथ ही करीब एक दर्जन लोगों पर हमला बोला है।

**जिम्मेदारी से मुकर रहे जिम्मेदार..?**

आवरा कुत्तों को पकड़ने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पशु चिकित्साधिकारी शिवपुर डॉ.मनोज वर्मा, कटरा बहादुरगंज के डॉ. अतुल मौर्या, चितौरा के डॉ.कुलदीप तथा बाबागंज के डॉ. राजेश कुमार को नामित किया है। लेकिन अभियान में महज पशु चिकित्साधिकारी शिवपुर डॉ.मनोज वर्मा ही शामिल हुए। वही वन विभाग ने भी इस अभियान से किनारा करता हुआ दिखाई दिया। मौके पर महज दो वाचर को भेजकर पल्ला झाड़ लिया। ब्लाक की टीम खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव एवं विकास श्रीवास्तव के साथ मौके पर डटी रही।

**बुलाए गए एक्सपर्ट**

खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया है कि अभियान में तीन टीमें ब्लाक स्तर से तथा वन विभाग की टीम के साथ साथ महसी इलाके से एक्सपर्ट बुलाए गए हैं। आसपास के लोगो को भी जागरूक किया जा रहा है। घर से निकलते वक्त लाठी डंडा साथ लेकर निकले।

**संवेदनाओं के साथ खिलवाड़**

सेमरिया गांव दिलशाद के घर के पास पालतू कुत्ते को पकड़ने के बाद जाल में डालकर फोटो खिंचवाकर उच्च अधिकारियों को भेजकर गुमराह कर रहे हैं। साथ ही पीड़ित परिवार के संवेदनाओं के साथ खिलवाड़ हैं।

# पशु से टकराई बाइक, पीछे से आ रहे वाहन ने युवक को रौंदा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

बहराइच-लखीमपुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के डिहवा गांव के गुरुवार देर रात करीब 1 बजे 30 वर्षीय रमजान अली बाइक से नानपारा से बहराइच की ओर जा रहे थे। तभी उनकी बाइक कि एक गाय से टक्कर हो गई। हादसे में रमजान अली और गाय दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। रात 3 बजे प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने वाहन नंबर से जानकारी जुटाकर मृतक के परिजनों को सूचित किया। छोटे अली के पुत्र रमजान अली ग्राम बरहिया, थाना बहराइच कोतवाली देहात के रहने वाले थे। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिला प्रशासन ने बाढ़ की तैयारियों का लिया जायजा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



गंगा के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए एवं गंगा कटरी में बाढ़ की स्थिति पैदा होने पर वहां पर होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तहसील प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को अपर जिलाधिकारी डलमऊ पहुंची उप जिलाधिकारी डलमऊ अहमद फरीद खान के साथ तैयारी का जायजा लिया गंगा कटरी के जमालनगर मोहद्दीनपुर,पूरे रेवती सिंह चक मलिक भीटी सहित दर्जनों गांव में बरसात के दिनों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है।

तहसील प्रशासन द्वारा इससे निपटने के लिए विशेष तैयारी की जाती है पिछले एक सप्ताह से गंगा के जलस्तर में मध्यम गति से बढ़ोतरी देखी जा रही है जिसको लेकर तहसील प्रशासन बाढ़ से निपटने की तैयारी में जुट गया है। जगह-जगह पर बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह ने उप जिलाधिकारी डलमऊ अहमद फरीद खान के साथ बाढ़ से निपटने के लिए की गई तैयारी का निरीक्षण किया एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एसडीएम डलमऊ अहमद ने बताया कि बाढ़ से निपटाने की तैयारी की जा रही है बाढ़ की स्थिति होने पर राहत एवं बचाव के लिए सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

### घट रहा गंगा का जलस्तर

पिछले एक सप्ताह से पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण गंगा के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी के बाद गुरुवार को गंगा के जलस्तर में गिरावट देखने को मिली जहां पर एक समय गंगा का जलस्तर 96.790 मीटर तक पहुंच गया था वहीं बुधवार को गंगा का जलस्तर स्थिर हो गया और गुरुवार को मामूली गिरावट भी देखने को मिली केंद्रीय जल आयोग डलमऊ के कर्मचारियों ने बताया कि दो दिनों से गंगा के जलस्तर में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

# एक करोड़ के गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, दो कार भी पकड़ी गई

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



एसटीएफ लखनऊ ने रायबरेली पुलिस के सहयोग से अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह के चार तस्करों को गुरुबक्शगंज में गिरफ्तार कर लिया। इसकी निशानदेही पर 101 किलोग्राम गांजा, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है को बरामद किया गया साथ ही दो कार भी पकड़ी गई हैं। पुलिस टीम ने पट्टी पड़ा थाना कोतवाली नगर सोनपुर उड़ीसा निवासी किशोर कुमार मेहर, बारीगांव थाना उलुण्डा सोनपुर उड़ीसा निवासी कंपल बगरती, गौड़ाघाट पड़ा थाना कोतवाली नगर सोनपुर उड़ीसा निवासी तुसार महापात्रा व मुंडीपडर थाना मनमुंडा जनपद बोध उड़ीसा निवासी मानस महापात्रा गिरफ्तार किया है। तस्कर काफी समय से गांजा की तस्करी कर रहे थे साथ ही रायबरेली, लखनऊ सहित आसपास के जिलों में नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस पकड़े गए तस्करों से पूछताछ कर रही है।

### आबकारी विभाग ने दो सौ किग्रा महुआ लहन नष्ट कराया



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार,रोबिन आर्य की संयुक्त टीम ने लालगंज तहसील के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की बड़ी कार्रवाई की। आबकारी टीम द्वारा गुरुवार को थाना खीरो के अन्तर्गत मुस्तकीन गंज, बेहटा सातन पुर, उन्नतखेडा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। चार अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत करते हुए एक महिला अभियुक्त को गिरफ़्तार किया गया। जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**डलमऊ, रायबरेली।** खिड़की के बाहर रखे कूलर में उतर रहे करंट की चपेट में आने से फल विक्रेता की मौत हो गई परिजनों को जानकारी हुई तो इलाज के लिए उसे अस्पताल ले गए जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के घुरवारा बाजार निवासी लालबहादुर उर्फ राजा पुत्र रोशनलाल उम्र लगभग 26 वर्ष बुधवार की देर रात वह दुकान बंद करके घर पहुंचा और कमरे के बाहर खिड़की पर लगे कूलर पर रखें कपड़े को उठाने गया तभी कूलर में उतरे करंट की चपेट में आ गया जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ ले गए जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### दो बाइकों की टक्कर में एक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सापो गाँव के पास दो बाइकों की आमने सामने टक्कर मे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताते चलें कि घायल बाइक सवार अजीत कुमार पुत्र राम दुलारे निवासी अजराइल खेड़ा मजरे पस्तौर अपने गांव से राजामऊ की तरफ आ रहा था तभी सांपों के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही मौका पाकर दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगो के द्वारा तत्काल सूचना एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### खेत में काम कर रहा युवक सर्प दंश का शिकार, पहुंचा अस्पताल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत छीट खेड़ा मजरे उमरपुर गांव में खेतो मे काम कर रहा युवक सर्पदंश का शिकार हो गया। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल युवक विन्देश कुमार पुत्र ननकऊ निवासी छीट खेड़ा मजरे उमरपुर उस समय सर्पदंश का शिकार हो गया, जब वह अपने खेतों में धान की नर्सरी का ढेर उठा रहा था। युवक ने तत्काल आसपास मौजूद किसानों को इस घटना की जानकारी दी। तभी मौके पर पहुंचे युवक के परिजनों व आसपास मौजूद किसानों के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### जहरीले सांप के काटने से महिला की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत पूरे बख्शी मजरे घाटमपुर गाँव में लालमती पत्नी रमेश कुमार वर्मा को बृहस्पतिवार की सुबह शौच से वापस आने पर नल के पास एक विषैले सांप ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजन सामुदायिक सवास्थ्य केंद्र जामों ले गए, जहां डाक्टरों ने महिला की हालत को गंभीर देखते हुए मालिक मोहम्मद जायसी जिला संयुक्त चिकित्सालय असैदापुर गौरीगंज के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बारिश में कच्ची दीवार ढही, 11 भेड़ों की मौत, 10 घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार को भेटुआ विकासखंड के गांव विशुनपट्टी बैंसणा में गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे एक बड़ा हादसा हो गया है। बारिश के चलते एक कच्ची दीवार गिर जाने से दीवार के नीचे दबकर 11 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 10 भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही 112 डायल पुलिस और हलका लेखपाल को सूचना दी गई, लेकिन मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी नहीं पहुंचे। पशु पालन विभाग का एक सहायक वहां उपस्थित हुआ। पीड़ित किसान छोटे लाल पुत्र छेदी राम ने बताया कि हादसे के बाद लगातार विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई उचित मदद नहीं मिली। सूचना मिलने के बावजूद भी हलका लेखपाल उमेश यादव स्वयं मौके पर नहीं पहुंचे, बल्कि अपने मुंशी बिहारी लाल को भेज दिया। स्थानीय लोगों से पूछने पर यह जानकारी मिली कि लेखपाल प्रतिदिन घटना क्षेत्र से दूर घर चले जाते हैं, जिससे समय पर उनकी मौजूदगी नहीं हो पाती। यह हादसा न केवल प्राकृतिक आपदा का परिणाम है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही की एक और मिसाल भी है। ग्रामीणों ने उचित मुआवज़े और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### डीपी एक्ट में तीन वांछित गिरफ्तार




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर धारा 85, 80 बीएनएस व ¾ डीपी एक्ट थाना मुसाफिरखाना में 3 वांछित अब्दुल रऊफ पुत्र अब्दुल हफीज, अजमेरुल निशा पत्नी अब्दुल रऊफ खान तथा महजबीन बानो पत्नी मो. सलमान खान निवासीगण कटरा भद्दौर थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### करोड़ों के घोटाले के आरोपी प्रधान की जांच शुरू



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जगदीशपुर में ग्राम सभा के सरकारी धन के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम का गठन किया है। जांच टीम विकासखंड जगदीशपुर के गड़रियाडीह और पूरे गौहर में पहुंची। जांच के दौरान शिकायतकर्ता, ग्राम प्रधान और दर्जनों ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। शिकायतकर्ता ने जांच टीम से सभी बिंदुओं पर गहन जांच का आग्रह किया। दूसरी तरफ, ग्राम प्रधान ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। ग्राम प्रधान का कहना है कि उन्होंने खलिहान की जमीन खाली करने को कहा था। इससे नाराज होकर उन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। प्रधान अतीक अहमद ने कहा कि वे जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने किसी तरह का घोटाला करने से इनकार किया है। साथ ही कहा कि अगर जांच में दोषी पाए जाते हैं तो जो भी कार्रवाई होगी, उसे स्वीकार करेंगे। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन दिवसीय विद्युत बिल समाधान का मेगा शिविर लगाया गया

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी हो रही समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड लखनऊ के निर्देश पर विद्युत वितरण खण्ड डलमऊ में तीन दिवसीय बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए मेगा शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर 17 जुलाई से 19 जुलाई तक चलेगा विद्युत उपखंड अधिकारी संजय कौशल ने बताया कि शिविर में उपभोक्ताओं के बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शिविर लगाकर समाधान किया जा रहा है जिसमें बिल संशोधन विद्युत मीटर भार वृद्धि नया कनेक्शन खराब मीटर विधा परिवर्तन बिजली चोरी राजस्व निर्धारण एवं बिल जमा करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेगा कैंप में शिकायतों का पंजीकरण कराकर निस्तारण किया जाएगा तथा बिल संशोधन मौके पर या अधिकतम सात दिवस में कर दिया जाएगा। कैंप सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 तक रहेगा। इस मौके पर अधिशासी अभियंता धर्मवीर सिंह, उपखंड अधिकारी संजय कौशल, अवर अभियंता अजय कुमार, बाबू शैलेंद्र कुमार, लाइनमैन विजय कुमार, पंकज कुमार, विनोद सोनी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीडीओ ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सीडीओ ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर अभिषेक वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संचारी रोगों के रोकथाम के लिए नगर पंचायत ने कसी कमर: प्रभात साहू

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



बारिश का मौसम चल रहा है और तमाम तरह के जीव जंतु इस मौसम में पैदा होते हैं खासकर मच्छर जो हमें कई तरह की बीमारियां देकर बीमार कर देते हैं। पैसे के साथ हमारी सेहत का भी नुकसान होता है वही नगर पंचायत महराजगंज द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर नगर के हर वार्ड में दवा वो का छिड़काव किया जा रहा है जिससे कि लोग बीमार ना पड़े। अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बताया कि कस्बे के हर वार्ड में बीमारियां न उत्पन्न हो इसके लिए छिड़काव करवाया जा रहा है और नगर के लोगों को स्वस्थ रखने के लिए युद्ध स्तर पर यह कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत महराजगंज द्वारा संचारी रोगों के रोकथाम के लिए यह कदम उठाया गया है जो युद्ध स्तर पर चल रहा है नगर के हर वार्ड में फागिंग करवाई जा रही है। जिससे की बीमारियां न फैले और नगरवासी स्वस्थ बने रहें।

# बीएसपी ने बनाई रणनीति, एक बूथ पांच यूथ

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने एक निजी होटल में बैठकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी समय में पंचायत चुनाव एवं विधानसभा के चुनाव होने हैं बछरावां विधानसभा में बहुजन समाज के लोगों की काफी अच्छी खासी आबादी है। वहीं बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक भारती ने बताया कि गांव चलो अभियान के तहत बहन जी के आदेश के अनुसार एक बूथ पांच यूथ सदस्यता अभियान की विस्तृत चर्चा की गई। वही बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा बछरावां अध्यक्ष रामबरन पासी ने बताया कि सेक्टर गठन 77 बूथ कमेटी का गठन करते हुए सदस्यता अभियान लोगों को जोड़ना है और बहुजन समाज पार्टी की नीतियों की चर्चा लोगों के बीच करना है जिससे कि लोग प्रभावित होकर पार्टी से जुड़े। बसपा के संतोष भारती जिला संयोजक भाईचारा कमेटी के संयोजक ने बताया कि आगामी समय में 2027 के चुनाव होने हैं। जनता भारतीय जनता पार्टी एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों से पूरी तरह से ऊब चुकी है और एक बार फिर वह बहन जी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है। क्योंकि बहनजी ने अपनी सरकार में दिखा दिया कि कानून व्यवस्था किस चीज को कहते हैं। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारिका सिंह, विधानसभा प्रभारी संजय सहित बसपा के अन्य नेता मौजूद रहे।

# शराबी पति को पैसे न देना पत्नी को पड़ा भारी, पति ने पीटकर किया घायल

**बछरावां, रायबरेली**

शराब के नशे का आदी पति द्वारा पत्नी से पैसे की मांग करने पर पत्नी के द्वारा पैसे न दिए जाने पर उसके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है, घायल पत्नी का इलाज अस्पताल में किया गया है। बीते बुधवार शाम 7:30 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर बड़ी मजार के पास का मामला है। कस्बा निवासिनी ममता देवी पत्नी मुकेश उम्र लगभग 30 वर्ष जो अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए ट्यूब फैक्ट्री में दिहाड़ी मजदूरी का काम करती है।

जानकारी प्राप्त हुई है कि पति लगातार शराब पीने का आदी है जो केवल इधर-उधर घूमा करता है। और पत्नी अपने बच्चों का भरण पोषण करने के लिए ट्यूब फैक्ट्री में मजदूरी करती है। फैक्ट्री से वापस आते समय लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर बड़ी मजार के पास पति के द्वारा पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग की गई।

पत्नी द्वारा पैसे न दिए जाने की बात कही गई। जिससे नाराज पति के द्वारा पत्नी को सड़क पर ही पटक पटक घायल कर दिया गया। मारपीट को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए तब जाकर पति मौके से फरार हो गया। घायल हुई महिला को आसपास के लोगों ने इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां महिला का इलाज किया गया है। घटना की जानकारी 112 पुलिस को दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# कृषि विभाग व एसडीएम की संयुक्त टीम ने खाद की दुकानों पर की छापेमारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**




जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि जनपद में खरीफ की बुआई तथा धान की रोपाई के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित दर पर निजी क्षेत्र के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं व विनिर्माताओं के गोदामों, बिक्री केंद्रों कृषि विभाग के अधिकारियों एवं उप जिला मजिस्ट्रेटों की संयुक्त टीम गठित करते हुए जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में उर्वरक बिक्री केन्द्र पर सघन छापेमारी व उनके अभिलेख तथा स्टॉक की जाँच कर अधिक मूल्य पर बिक्री, कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अन्य प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाय। तहसील अमेठी में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार एवं उप जिला मजिस्ट्रेट आशीष सिंह, तहसील मुसाफिरखाना में जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार एवं उप जिला मजिस्ट्रेट अभिनव कनौजिया एवं तहसील गौरीगंज में वरिष्ठ प्रा. सहा. ग्रुप, (कृषि) डॉ अंकुर सिंह एवं उप जिला मजिस्ट्रेट प्रीति तिवारी तथा तहसील तिलोई में भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार एवं उप जिला मजिस्ट्रेट अमित सिंह के द्वारा उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों एवं गोदामों में सघन छापेमारी की गई। सघन निरीक्षण किए जाने के दौरान संयुक्त टीमों द्वारा कुल 31 उर्वरक बिक्री केंद्रों, गोदामों का निरीक्षण किया गया जिसमें 14 संदिग्ध नमूनों को संकलित कर प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा गया साथ ही अनियमितता पाए जाने पर 4 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने तिलोई मेडिकल कॉलेज का किया दौरा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक डॉ. किंजल सिंह ने जनपद के तिलोई, में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। यह कॉलेज 200 बेड के रेफरल अस्पताल में अस्थाई रूप से संचालित है। निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही तैयार इमारतों पर नाम पट्टिका लगाने को कहा। उन्होंने बताया कि अन्य जिलों के मेडिकल कॉलेजों में कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। महानिदेशक ने अस्पताल की ओपीडी, इमरजेंसी और वार्ड की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली का भी जायजा लिया। निरीक्षण में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रीना शर्मा, डॉ. योगेश कुमार और सीएमएस डॉ. आजम खान उपस्थित रहे। इसी दौरान नेत्र विभाग की ओपीडी में गंभीर लापरवाही सामने आई। विभाग में कोई नेत्र चिकित्सक मौजूद नहीं था और मरीजों की जांच एक वार्ड बॉय कर रहा था। विभाग में डॉ. राजेश शर्मा सहित पांच चिकित्सक तैनात हैं। उधर प्राचार्य डॉ. रीना शर्मा का कहना है कि सभी चिकित्सक अपने-अपने कक्षों में उपस्थित थे।

# डीएम-एसपी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक की संयुक्त अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया की प्रभावशीलता केवल मामलों के त्वरित निस्तारण से ही सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने अभियोजन कार्यों में गति लाने, लंबित मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित कराने और स्पीडी ट्रायल को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने अभियोजन से जुड़े मामलों की नियमित मॉनीटरिंग करने को कहा। ऐसे मामले जो सामान्य वाद, राजस्व वाद अथवा आपराधिक प्रकृति के हैं, उन्हें विभागीय समन्वय से शीघ्र निस्तारित किया जाए। गत माह में दर्ज मामलों, उन पर लिए गए निर्णयों, डिस्पोज्ड केस और पुराने लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि अपराध नियंत्रण और अभियोजन की प्रभावशीलता के लिए पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि रखनी होगी। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए ताकि न्यायालयों में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत कर अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि महिला अपराध, साइबर क्राइम और अन्य संवेदनशील मामलों को गंभीरता से लिया जाए तथा पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारीगण, थानाध्यक्षों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीएसए ने शुरू की अवैध स्कूलों की जांच

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

**खबर का असर**


मानकविहीन विद्यालयों की भरमार से बेसिक शिक्षा की स्थिति चिंताजनक

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने जनपद में कक्षा 1 से 8 तक चल रहे स्कूलों की जांच शुरू कर दी है। जिसमें अब तक बेसिक शिक्षा अधिकारी की जांच में 75 विद्यालय बगैर मान्यता प्राप्त पाए गए हैं। जिनको बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से अवैध करार करते हुए, इन विद्यालयों को बंद करने हेतु नोटिस जारी की गई है। विदित हो कि दैनिक समाचार पत्र समृद्धि न्यूज़ ने अपने एक जुलाई 25 के अंक में जनपद में मानक विहीन चल रहे विद्यालयों से देश के भविष्य नौनिहालों के भविष्य पर चिंता व्यक्त करते हुए मानक विहीन विद्यालयों की भरमार से बेसिक शिक्षा की स्थिति चिंताजनक खबर का शीर्षक देते हुए जनपद में बुनियादी शिक्षा के गिरते हुए ढांचे पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस तरफ केंद्रित करने की कोशिश करते हुए इस खबर को प्राथमिकता से चलाया था। जिसके परिप्रेक्ष्य में बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने संज्ञान लेते हुए जनपद में 75 विद्यालयों को मान्यता विहीन पाया। अब बारी आती है उन विद्यालयों की जिन्होंने येन केन प्रकारेण किसी प्रकार से मान्यता प्राप्त कर ली है। परंतु नियमानुसार विद्यालय संचालित करने के जो मानक हैं क्या ये मान्यता प्राप्त विद्यालय उन मानकों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं। अब देखना यह होगा कि क्या बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी का ध्यान इन विद्यालयों की ओर केंद्रित होगा जिन विद्यालयों के पास मानक विहीन अध्यापक हैं, मानक विहीन भूमि है, मानक विहीन संचालन व्यवस्था है, मानक विहीन सुविधाएं हैं तथा इन विद्यालयों में किताबें कौन सी पढ़ाई जा रही हैं, पेय जल की उपलब्धता कैसी है, मानक के अनुरूप विद्यालय भवन से लेकर सुलभ शौचालय की स्थिति क्या है। जो कि अभी भविष्य के गर्भ में छिपी हुई है।

## बेहतरी की ओर भारत

देश में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर अनेकों बार सवाल उठाए गए, लेकिन सवाल उठने वालों के अब मुंह बंद रखना होगान कारण विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट है जो दर्शाती है कि उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य है, जो आधार और डिजिलिजेशन की वजह से संभव हो पाया ह। सरकार की दूरदर्शी सोच और बेहतर नीतियों की वजह से आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच देश के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने में मदद मिली है। आधार ने योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान करने, धोखाधड़ी को कम करने और सीधे लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
आधार और डिजिटल पहचान के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के मुख्य पहलुओं में लाभार्थियों की सटीक पहचान IDAI के अनुसार आधार ने लाभार्थियों की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने में मदद की है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचे, जिससे धोखाधड़ी और डुप्लीकेसी कम हुई है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से सरकारी योजनाओं के तहत लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा किए जाते हैं, जिससे बिचौलियों को हटाया जाता है और पारदर्शिता बढ़ती है। आधार ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है, जिससे वंचित लोगों को बैंकिंग सेवाओं और ऋण तक पहुंच प्राप्त हुई है और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचा है। योजनाओं को और प्रभावी बनाने के लिए 3 जुलाई 2025 तक देश के 142 करोड़ से अधिक लोगों के आधार कार्ड जारी किए जा चुके हैं। राज्य की योजनाओं का भुगतान और सब्सिडी को सीधे लोगों के खातों में पहुंचा जा रहा है। इसकी वजह से देश की बचत भी बढी है। एक आंकड़े के अनुसार मार्च 2023 तक देश की संचय खाते की बचत 3.78 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी थी। जाहिर है कि इनमें से जाकर लोगों का पैसा प्रत्यक्ष और सीधे खातों तक वित्तीय मदद पहुंच रहा है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इस कवर परिवार को सालाना रूपये 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार 3 जुलाई 25 तक देश भर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके लिए देश भर में 32 हजार से अधिक अस्पताल सूचीबद्ध किए गए हैं। इस योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान व वंदना योजना शुरू की जा चुकी है, चाहे उनकी आय जो कुछ भी हो। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ है। लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वस्थ खाता बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को भी नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित, आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीन फील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ तक का कर्ज दिया जा रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो डिजिटलिटेशन प्रणाली ने वास्तव में सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों में सुधार किया है, जिससे भ्रष्टाचार और अक्षमता को कम करने में मदद मिली है। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं, जैसे कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता और कनेक्टिविटी की कमी, लेकिन सरकार इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। सरकार डिजिटल पहचान के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच को और अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस पर काम भी चल रहा है।

# न्याय, जवाबदेही व मानव अधिकारों के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं



**अगर न्यायालय की ज़रूरत की बात हम करें तो अपराध की दुनिया पर लगाम लगाने के लिए न्यायालय की जरूरत पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व में न्याय दिलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना हुई थी। प्रतिवर्ष आज ही के दिन 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है। इसे आमतौर पर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्याय दिवस भी कहा जाता है। इसी दिन अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की स्थापना हुई थी। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के प्रति जागरूक करना है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के क्रियाकल्प की करें तो, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय एक स्थाई और स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक ऑर्गेनाइजेशन है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय और मानव अधिकारों के सबसे गंभीर उल्लंघन के आरोपियों को दंडित करने में सक्षम है। जिसमें नरसंहार का अपराध, अपराधों का युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराध शामिल है। अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय स्थापना तब हुई जब, राज्यों ने रोम में एक कानून को अपनाया इस की प्रतिमा को अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय के संविधि के रूप में जाना जाता है। आईसीसी राष्ट्रीय अदालतों की जगह नहीं लेता है। लेकिन यह तब उपलब्ध होता है जब कोई देश जांच करने में सक्षम नहीं होता और अपराधियों पर यह मुकदमा चला सकता है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय को अंतिम उपाय मानने की करें तो, अंतिम उपाय की अदालत के रूप में सेवा करने के इरादे से,आईसीसी मौजूदा राष्ट्रीय न्यायिक प्रणालियों का पूरक है और अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग तभी कर सकता है जब राष्ट्रीय अदालतें अनिच्छुक हों या अपराधियों पर मुकदमा चलाने में असमर्थ हों। इसमें सार्वभौमिक क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र का अभाव है और यह केवल सदस्य राज्यों के भीतर किए गए अपराधों, सदस्य राज्यों के नागरिकों द्वारा किए गए अपराधों, या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा न्यायालय को संदर्भित स्थितियों में अपराधों की जांच और मुकदमा चला सकता है।**

वैश्विक स्तरपर एक दो दशक से जिस तरह संगठित अपराधों की संख्या में अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय व स्थानीय समूह की गतिविधियों में वृद्धि हुई है इसे गंभीरता से रेखांकित करना समय की मांग है। मैं यह मानता हूं कि उनके संगठित अपराधों को अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में देखें तो जांच एजेंसियों द्वारा आजकल अपराध की थ्योरी को अन्तर्राष्ट्रीय एंगल से जांच करने की थ्योरी भी अपनाई जाती है जिस तरह से वर्तमान में रूस-यूक्रेन इज़राइल हमास युद्ध, व अनेक देशों के स्थानीय लोकल स्तरोंपर मानवीय अधिकार हनन अपराध चर्चा में आ रहा है व विशेष रूप से युद्ध अपराध चर्चा में आया हैं, युद्ध अपराध के लिए विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय मानक मौजूद हैं, सहित अनेक केसों की तारें विदेशों तक जुड़ी हुई है। एक आपराधिक संगठन को हम गिरोह,माफिया, भीड़, सिंडीकेट, अंडरवर्ल्ड या गैंग्लैंड भी कह सकतें है, जिसमें अनेक अपराध जैसे सफेदपोश अपराध, वित्तीय अपराध, राजनीतिक अपराध, युद्ध के अपराध सहित अनेक परिभाषित अपराधों को शामिल किया जा सकता है जो अंतरराष्ट्रीय कनेक्टेड होते हैं इसीलिए आज हम ऐसे अपराधों और न्याय पर चर्चा करेंगे जो अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में आते हैं उनके पीड़ितों को न्याय दिलाने, दुनियाँ भर में हो रहे गंभीर अपराधों पर रोक लगाने विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से सचेत रहने के प्रति जागरूक करने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2025 के उपलक्ष में इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।
साथियों बात अगर हम आज की दुनिया में विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस 2025 की प्रासंगिकता की करें तो (1) राजनीतिक संघर्षों, युद्ध अपराधों और असंख्य मानवाधिकार उल्लंघनों के इस युग में, विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। (2)यह विश्वव्यापी स्तर पर एक पर्याप्त रूप से सुदृढ़ अंतर्राष्ट्रीय कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता की ओर ध्यानआकर्षित करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए जम्मिेदार, बिना जवाबदेही के न बच सकें।(3) यूक्रेन, गाजा और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में उभर रहे संकटों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय न्याय एक महत्वपूर्ण तंत्र है जो आम नागरिकों की रक्षा करता है और आगे होने वाले अत्याचारों को प्रभावी रूप से रोक सकता है। (4) यह अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) जैसी संस्थाओं और न्याय प्रशासन में राज्यों के बीच सहयोग के महत्व को भी उजागर करता है। (5) ऐसे युग में जहाँ बहुपक्षवाद और कानून के शासन को बढ़ती चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, यह स्मरणोत्सव शांति, जवाबदेही और पीड़ितों के अधिकारों के प्रति वैश्विक निष्ठा की याद दिलाता है। (6) इसलिए यह एक ऐसी न्यायपूर्ण दुनिया की दिशा में प्रेरणा देता है जहाँ न्याय सीमाओं और राजनीतिक हितों से परे जाकर सख्ती से लागू हो।
साथियों बात अगर हम विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस मनाने के उद्देश्यों की करें तो, (1) विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उसे बढ़ावा देना तथा दुनिया में सबसे गंभीर अपराधों के लिए दंड से मुक्ति के विरुद्ध संघर्ष करना है (2) यह अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) जैसे कानूनी तंत्रों के माध्यम से नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के कुख्यात अपराधियों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर बल देता है। (3) यह दिवस मानवाधिकारों की सुरक्षा, कानून के शासन को बनाए रखने और पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। (4) इसलिए यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सहयोग और ठोस अंतर्राष्ट्रीय कानूनी ढाँचों के माध्यम से एक अधिक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष विश्व के निर्माण हेतु मिलकर काम करने की याद दिलाता है।
साथियों बात अगर हमअंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) को समझने की करें तो-परिचय (1) यह विश्व का पहला स्थायी, स्वतंत्र और अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण है जो उन व्यक्तियों पर मुकदमा चलाता है जिन्होंने अत्यंत गंभीर अपराध किए हों। (2) इसमें चार प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को सम्मिलित किया गया है- नरसंहार युद्ध संबंधी अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध तथा आक्रामकता से संबंधित अपराध। (3) इस न्यायालय का मुख्यालय हेग, नीदरलैंड्स में स्थित है और यह जुलाई 2002 से कार्य कर रहा है। (4) भारत ने अभी तक रोम संविधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, अतः वह आईसीसी का सदस्य नहीं है। (5) भारत का मानना है कि आईसीसी की कुछ धाराएं उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता, सैन्य कार्रवाई और आंतरिक सुरक्षा नीतियों के लिए बाधक हो सकती हैं। (6) भारत यह भी आशंका जताता हैकि आईसीसी पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के वीटोयुक्त देशों का अत्यधिक प्रभाव है, जिससे निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है।
साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के ढांचे की करें तो, संयुक्त राष्ट्र सेसंबंधित अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय द हेग में है। इस न्यायालय में 6 भाषाओं (अंग्रेजी, फ्रेंच, रसियन, स्पेनिश, अरेबिक, चाइनीज) में सुनवाई होती है, लेकिन काम अंग्रेजी और फ्रेंच में ही होता है। इसके सदस्य देशों की संख्या 123 है। 17 जुलाई 1998 को इसकी स्थापना हुई थी, इसने 1 जुलाई 2002 से कार्य करना प्रारंभ कर दिया।
साथियों बात अगर हम न्यायालय की ज़रूरत की करें तो अपराध की दुनिया पर लगाम लगाने के लिए न्यायालय की जरूरत पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व में न्याय दिलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना हुई थी। प्रतिवर्ष आज ही के दिन 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है। इसे आमतौर पर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्याय दिवस भी कहा जाता है। इसी दिन अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की स्थापना हुई थी। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के प्रति जागरूक करना है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के क्रियाकल्प की करें तो, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय एक स्थाई और स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक ऑर्गेनाइजेशन है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय और मानव अधिकारों के सबसे गंभीर उल्लंघन के आरोपियों को दंडित करने में सक्षम है। जिसमें नरसंहार का अपराध, अपराधों का युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराध शामिल है।
अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय स्थापना तब हुई जब, राज्यों ने रोम में एक कानून को अपनाया इस की प्रतिमा को अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय के संविधि के रूप में जाना जाता है। आईसीसी राष्ट्रीय अदालतों की जगह नहीं लेता है। लेकिन यह तब उपलब्ध होता है जब कोई देश जांच करने में सक्षम नहीं होता और अपराधियों पर यह मुकदमा चला सकता है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय को अंतिम उपाय मानने की करें तो, अंतिम उपाय की अदालत के रूप में सेवा करने के इरादे से,आईसीसी मौजूदा राष्ट्रीय न्यायिक प्रणालियों का पूरक है और अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग तभी कर सकता है जब राष्ट्रीय अदालतें अनिच्छुक हों या अपराधियों पर मुकदमा चलाने में असमर्थ हों। इसमें सार्वभौमिक क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र का अभाव है और यह केवल सदस्य राज्यों के भीतर किए गए अपराधों, सदस्य राज्यों के नागरिकों द्वारा किए गए अपराधों, या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा न्यायालय को संदर्भित स्थितियों में अपराधों की जांच और मुकदमा चला सकता है।
अतः अगर हम उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस न्याय जवाबदेही और मानव अधिकारों के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है दुनियाँ की सरकारें प्रण करें- अन्याय के नए रूपों को विफ़ल करेंगे, न्यायिक संस्थाओं को मज़बूत करेंगे व पीड़ितों को सशक्त बनाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को अपराधियों के प्रत्यर्पण, आतंकवाद पनाहगार देशों का संज्ञान, अंतर्राष्ट्रीय संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार करने की शक्तियां देना समय की मांग है।

***लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट हैं।***

### विचार

# बाजार बड़ा लेकिन खरीदार छोटा, क्या टिक पाएगी टेस्ला इंडिया में



*अजय कुमार*

मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स की चमचमाती सड़कें, शीशे के भव्य शोरूम में खड़ी एक कार और बाहर भीड़ का उत्साह 15 जुलाई की सुबह कुछ ऐसी ही थी, जब भारत में टेस्ला ने आधिकारिक तौर पर कदम रखा। टेस्ला यानी उस सपने का नाम, जो अमेरिका में नवाचार की पहचान बन चुका है। लेकिन भारत में यह सपना साकार होगा या फिर वही हश्र होगा जो पहले भी कई विदेशी कंपनियों का हुआ, यही सवाल आज देश का हर गंभीर ऑटो विशेषज्ञ पूछ रहा है। टेस्ला की Model Y भारत में लॉन्च हुई है, जिसकी कीमत रु. 60 लाख से रु.70 लाख के बीच है। यह गाड़ी आम आदमी के सपनों से कहीं दूर है, और इसीलिए यह चर्चा का विषय बन गई है। भारत में जहां कारों की औसत कीमत रु.11.5 लाख है, वहीं टेस्ला की शुरुआती कीमत छह गुना अधिक है। सवाल यह नहीं कि टेस्ला महंगी क्यों है, सवाल यह है कि भारत जैसे मूल्य-संवेदनशील बाजार में क्या वह टिक पाएगी?

भारत में गाड़ी खरीदना केवल यात्रा का जरिया नहीं, यह स्टेटस सिंबल भी है। लेकिन स्टेटस के साथ-साथ भारतीय ग्राहक वैल्यू फॉर मनी भी चाहता है। भारत में आज भी SUV सेक्टर में रु. 20-30 लाख की रेंज में टाटा, महिंद्रा और हुंडई जैसी कंपनियों का बोलबाला है। टेस्ला अगर इस रेंज में आती तो शायद बड़ी हलचल मचती, लेकिन 60 लाख से ऊपर की रेंज में वो खरीदारों का एक सीमित तबका ही पकड़ सकती है। और यह सीमित तबका भी टेस्ला के लिए आसान नहीं होगा। भारत में मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू और पोर्शे पहले से इस प्रीमियम सेगमेंट में मौजूद हैं। साल 2024 में भारत में 50 लाख से ऊपर की गाड़ियों की हिस्सेदारी मात्र 1 से 1.5 प्रतिशत थी। यानी 100 में से सिर्फ एक या दो खरीदार ही इस रेंज में खर्च करते हैं। टेस्ला को इन्हीं के बीच अपनी जगह बनानी होगी।

यही नहीं, भारत की EV नीति और इंपोर्ट टैक्स भी टेस्ला के लिए बड़ी चुनौती हैं। फिलहाल जो मॉडल लॉन्च किए गए हैं, वे चीन की शंघाई फैक्ट्री से आयातित हैं। और भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर 70 प्रतिशत से ज्यादा इंपोर्ट ड्यूटी लगती है। यही कारण है कि टेस्ला की कीमतें भारत में दो गुना हो जाती हैं। अगर कंपनी भारत में मैन्युफैक्चरिंग शुरू करती है और सरकार की नई EV नीति के तहत रु. 4,150 करोड़ का निवेश करती है, तो उसे इंपोर्ट ड्यूटी में राहत मिल सकती है। लेकिन मस्क इस पर अब तक कोई साफ संकेत नहीं दे पाए हैं।अब बात करें ब्रांड के भावनात्मक पक्ष की। भारत में आईफोन जैसे महंगे ब्रांड्स की भी सीमित पहुंच है। आज भी भारत में एप्पल की बाजार हिस्सेदारी केवल 7-12 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में यह 40 प्रतिशत के आसपास है। इसका सीधा अर्थ है कि भारत के मध्यम वर्ग में महंगे ब्रांड्स का क्रेज तो है, लेकिन जेब उतनी मजबूत नहीं। ऐसे में टेस्ला को भी वही चुनौती झेलनी होगी, जो एप्पल झेल रही है "ब्रांड दिखे, पर बिके नहीं।"

उद्योग जगत भी इस एंट्री को लेकर सतर्क है। एक प्रमुख भारतीय ऑटोमोबाइल ग्रुप के अध्यक्ष ने तो एलन मस्क को सोशल मीडिया पर चुनौती देते हुए लिखा "चार्जिंग स्टेशन पर मिलते हैं!" यह सिर्फ एक मजाक नहीं, बल्कि एक सीधा संदेश है कि टेस्ला को भारतीय ब्रांड्स हल्के में नहीं लेने वाले। टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसी कंपनियां पहले ही 10 से 25 लाख की रेंज में EV गाड़ियाँ उपलब्ध करा रही हैं, जो आम भारतीयों की जरूरत और बजट दोनों से मेल खाती हैं। अब सवाल यह भी है कि क्या भारत का चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर टेस्ला जैसे ब्रांड को सपोर्ट करने के लिए तैयार है? फिलहाल नहीं। टेस्ला ने भले ही मुंबई और दिल्ली में सुपरचार्जिंग स्टेशन लगाने की योजना बनाई हो, लेकिन पूरे देश में नेटवर्क बनाना एक लंबी प्रक्रिया है। और जब तक यह नेटवर्क तैयार नहीं होता, तब तक टेस्ला का बाजार केवल दिखावे तक सीमित रहेगा। टेस्ला का भविष्य इस पर भी निर्भर करेगा कि वह भारतीय ग्राहकों के लिए क्या पेशकश करती है। अगर टेस्ला भविष्य में रु. 40-45 लाख की रेंज में कोई मॉडल लाती है, तो वह मिड प्रीमियम ग्राहकों को आकर्षित कर सकती है। ये वही ग्राहक हैं जो 30 लाख की गाड़ी खरीदने की हैसियत रखते हैं और ब्रांड वैल्यू के लिए थोड़ा और खर्च करने को तैयार रहते हैं। लेकिन जब सामने टाटा, महिंद्रा और हुंडई जैसे भरोसेमंद ब्रांड हों, तो टेस्ला को केवल ब्रांड इमेज के सहारे सफलता नहीं मिलेगी।




इतिहास भी यही कहता है। हर्ले डेविडसन, शेव्रले और फोर्ड जैसी कंपनियों ने भी भारत में धमाकेदार एंट्री की थी, लेकिन कुछ वर्षों बाद उन्हें भारत छोड़ना पड़ा। वजह साफ थी भारतीय बाजार को समझने में चूक। सिर्फ नाम और टेक्नोलॉजी से भारत में गाड़ी नहीं बिकती, यहां लोगों की जरूरत, खर्च की सीमा और सेवा नेटवर्क की अहम भूमिका होती है। भारत में EV का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन अभी शुरुआती दौर में है। 2025 तक कुल गाड़ियों की बिक्री में EV की हिस्सेदारी केवल 4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। ऐसे में टेस्ला को जल्दबाजी नहीं, बल्कि रणनीति से काम लेना होगा। उसे भारत के लिए खास मॉडल, कीमत और सर्विस नीति बनानी होगी। टेस्ला की भारत में एंट्री एक नई शुरुआत है, लेकिन इसका भविष्य इस पर निर्भर करेगा कि क्या एलन मस्क भारत को सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि एक साझेदार मानते हैं। अगर वह भारत में उत्पादन, रोजगार और तकनीक साझा करते हैं, तो उन्हें भारत का दिल भी मिलेगा और बाजार भी। वरना यह एंट्री भी एक शानदार लेकिन अल्पकालिक तमाशा बनकर रह जाएगी।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

### साहित्य



## पेड़ को बचाइए

**डॉ. अनुराधा प्रियदर्शिनी**

*प्राण वायु पेड़ से ही*
*पशु-पक्षी का ठिकाना*
*धरा के श्रृंगार पेड़*
*जंगल बचाइए।*

*सूर्य ताप बढ़ रहा*
*पेड़ कटे बेहिसाब*
*गर्मी से बेहाल सभी*
*आप चेत जाइए।*

*फल-फूल पेड़ देते*
*शीतल छाँव उनसे*
*विकास की दौड़ में*
*अंधे न हो जाइए।*

*धूप जब भी सताए*
*वृक्ष छाँव सुखकारी*
*शीतल पवन बहे*
*चौपाल सजाइए।*

*पीपल बरगद से*
*दिन-रात प्राणवायु*
*छाँव भरपूर देते*
*जीवन बचाइए।*



## राशिफल

**मेषः-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**वृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनुः-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही न करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

# शिक्षक : ज्ञान के वाहक या वैचारिक प्रचारक?



*संजय सक्सेना*

बरेली के महात्मा गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज में हिंदी के शिक्षक डॉ. रजनीश गंगवार द्वारा पढ़ी गई कविता "तुम कांवड़ लेने मत जाना" पर मचा बवाल सिर्फ एक कविता पर विवाद नहीं है, बल्कि यह भारत में धार्मिक आस्था, शिक्षा, तर्क और अभिव्यक्ति की आज़ादी के बीच खिंची उस लकीर का उदाहरण है जो आज की तारीख में लगातार गहरी होती जा रही है। यह मामला दिखाता है कि आज के समय में शिक्षक, विद्यार्थी, समाज और राजनीति के बीच की संवेदनशील रेखाएं कितनी धुंधली होती जा रही हैं। कविता का मूल भाव यदि देखा जाए, तो छात्रों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना था। लेकिन जिस रूप में यह बात कही गई, उसमें धार्मिक प्रतीकों का प्रयोग इस तरह किया गया कि मामला श्रद्धा और तिरस्कार के बीच फंस गया। कविता की पंक्तियां थीं, "कांवड़ ढोकर कोई डीएम, एसपी नहीं बना है। भांग, धतूरा, गांजा, सुल्फा मद से कोई उद्धार नहीं हुआ है। तुम कांवड़ लेने मत जाना, ज्ञान का दीप जलाना।" शब्दों की गहराई को देखें तो यह सिर्फ सलाह नहीं, बल्कि कटाक्ष था। 'कांवड़', 'गांजा़', 'धतूरा़', 'सुल्फा़' जैसे शब्दों का संयोजन उस धार्मिक परंपरा पर प्रश्नचिह्न लगाता है जो करोड़ों लोगों के लिए एक श्रद्धा है। कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव भी है। इसमें सामूहिकता, अनुशासन, सेवा और संकल्प का भाव होता है। ऐसे में जब एक शिक्षक इसे इस तरह चित्रित करता है कि जैसे यह सिर्फ नशे और फालतूपन का प्रतीक है, तो समाज के एक बड़े हिस्से में आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है। कविता के पक्ष में यह तर्क दिया जा सकता है कि शिक्षक ने बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करने के लिए यह उदाहरण दिया। लेकिन क्या प्रेरणा देने के लिए धार्मिक परंपराओं को नीचा दिखाना जरूरी हो जाता है? क्या कोई शिक्षक यह नहीं कह सकता था कि शिक्षा ही सर्वोत्तम साधना है या ज्ञान का मार्ग ही सफलता का मार्ग है बिना किसी धर्म, परंपरा या भावना पर कटाक्ष किए? जब बात शिक्षा की होती है, तो तटस्थता सबसे जरूरी तत्व बन जाती है। एक शिक्षक का हर शब्द विद्यार्थियों पर गहरा प्रभाव डालता है, ऐसे में उसकी बातों में संतुलन और संवेदनशीलता दोनों होनी चाहिए।
इस कविता की सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि इसका संदर्भ भले ही शिक्षा था, लेकिन भाषा और प्रतीकों की वजह से यह सीधे धर्म से टकरा गई। और जब मामला धर्म बनाम शिक्षा में तब्दील होता है, तो वह केवल कक्षा तक सीमित नहीं रह जाता।
फिर वह समाज की सड़कों पर उतर आता है। यही इस मामले में हुआ। सोशल मीडिया पर लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया दी, एफआईआर दर्ज हुई, शिक्षक को सस्पेंड किया गया और मामला राजनीतिक रंग में रंग गया। यहां यह सवाल उठता है कि क्या हमारे शिक्षक शिक्षा के नाम पर वैचारिक प्रचार कर रहे हैं? क्या यह कविता केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक थी या किसी गहरे वैचारिक आग्रह की परिणति थी? डॉ. गंगवार का अतीत अगर देखा जाए तो वे एक समय एबीवीपी से जुड़े रहे हैं, लेकिन उनकी कविता उस विचारधारा से मेल नहीं खाती। बल्कि उन्होंने जिस प्रकार की भाषा और प्रतीक का इस्तेमाल किया, वह उन्हीं लोगों की धार्मिक परंपराओं पर कटाक्ष करती है जिनके बीच वे पहले खड़े रहे थे। इसलिए एबीवीपी ने भी तुरंत उन्हें निलंबित कर दिया। यह विरोधाभास इस बात का संकेत है कि शिक्षा के क्षेत्र में अब केवल ज्ञान नहीं, विचारधारा भी प्रवेश कर चुकी है। भारत जैसे देश में, जहां धर्म केवल आस्था का नहीं, बल्कि जीवन पद्धति का हिस्सा है, वहां किसी धार्मिक परंपरा को इस प्रकार नकारात्मक रूप में दिखाना केवल विवाद नहीं, बल्कि सामाजिक विभाजन को गहरा करना है। यह विभाजन दो ध्रुवों में बंटता जा रहा है एक ओर वे लोग हैं जो तर्क, वैज्ञानिक सोच और शिक्षा को सर्वोपरि मानते हैं और दूसरी ओर वे हैं जो परंपरा, आस्था और धार्मिकता को अपनी पहचान का मूल मानते हैं। लेकिन क्या यह जरूरी है कि ये दोनों विचारधाराएं एक-दूसरे की विरोधी हों? क्या हम ऐसा समाज नहीं बना सकते, जहां एक बच्चा शिवभक्त भी हो और वैज्ञानिक सोच वाला भी? क्या वह कांवड़ भी उठा सकता है और आईएएस भी बन सकता है? भारत का इतिहास तो यही कहता है कि यहां धर्म और ज्ञान साथ चलते हैं। इस पूरे विवाद में एक और पहलू जो ध्यान देने लायक है, वह है अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का।
डॉ. गंगवार ने माफीनामा जारी कर कहा कि उनका उद्देश्य किसी धर्म का अपमान नहीं था। लेकिन भारत का संविधान भी यही कहता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता निरंकुश नहीं हो सकती। अनुच्छेद 19(2) के तहत, यह स्वतंत्रता कुछ सीमाओं के भीतर ही स्वीकार्य है, जिनमें सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और दूसरों की भावनाएं शामिल हैं। एक शिक्षक को यह समझना चाहिए कि वह कक्षा में जो कहता है, वह केवल विचार नहीं, बल्कि मूल्य बनकर विद्यार्थियों के मन में बस जाता है। इसीलिए शिक्षकों के शब्दों में विशेष जिम्मेदारी होनी चाहिए। वे अगर कुछ कहना भी चाहते हैं, तो उसमें कटाक्ष नहीं, सहमति और संतुलन होना चाहिए। राजनीतिक प्रतिक्रिया ने भी इस मामले को और जटिल बना दिया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने डॉ. गंगवार के समर्थन में बयान दिया और कहा कि एक शिक्षक बच्चों को ज्ञान की बात कर रहा है, उसके खिलाफ एफआईआर करना असहिष्णुता है। यह बात एक सीमित नजरिए को दर्शाती है। सवाल यह है कि अगर यही कविता किसी अन्य धर्म की धार्मिक यात्रा पर होती, तो क्या यही समर्थन होता? क्या यही लोग तब भी खड़े होते? यह दोहरा मापदंड भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राजनीतिक एजेंडे को उजागर करता है।
यह विवाद एक आईना है, जिसमें भारत की शिक्षा व्यवस्था, धार्मिक सहिष्णुता और राजनीतिक हस्तक्षेप तीनों को साफ देखा जा सकता है। शिक्षक अब केवल पढ़ाने वाले नहीं रह गए, वे अब विचारधारा का माध्यम भी बनते जा रहे हैं। यह स्थिति खतरनाक है। अगर कक्षा में ज्ञान के स्थान पर तिरस्कार परोसा जाने लगे, तो भविष्य का समाज असंतुलित और बंटा हुआ होगा। यह घटना हमें चेतावनी देती है कि हमें अपने शिक्षकों को केवल विषय विशेषज्ञ नहीं, बल्कि संवेदनशील विचारक बनाना होगा। उन्हें यह सिखाना होगा कि कैसे वे विद्यार्थियों को प्रेरित करें बिना किसी विश्वास या परंपरा को नीचा दिखाए। शिक्षा का काम बच्चों को सोचने की क्षमता देना है, न कि उन्हें किसी खास दिशा में मोड़ना। अगर शिक्षक अपनी बात को कहने के लिए किसी समुदाय की आस्था पर हमला करेगा, तो वह शिक्षक नहीं, प्रचारक कहलाएगा। अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि तुम कांवड़ लेने मत जाना जैसी कविताएं अगर छात्रों को पढ़ाई की ओर ले जाती हैं, तो उसकी भाषा ऐसी होनी चाहिए जिसमें न व्यंग्य हो, न तिरस्कार। भारत जैसे विविधताओं वाले देश में संतुलन ही सबसे बड़ा धर्म है। शिक्षक अगर इस संतुलन को नहीं साध सके, तो फिर कौन साधेगा? इस मामले में केवल शिक्षक नहीं, पूरा समाज कठघरे में है। हमें यह तय करना होगा कि शिक्षा को कैसे एक ऐसी भूमि बनाई जाए जहां सभी विचार, सभी विश्वास, और सभी रास्ते साथ चल सकें। यही भारतीयता है, यही भारत की आत्मा है।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**

## खबरें एक नजर में

### खाद न मिलने से किसान इधर-उधर भटकने को मजबूर




**मौदहा हमीरपुर।** खरीफ की फसल के लिए किसान रासायनिक खादों के लिए इधर-उधर भटक रहे है। जिससे किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। नगर क्षेत्र में एफसीआई एक्रय विक्रय, सरकारी समितियों में रासायनिक खाद न होने से किसान प्राइवेट दुकानों से मिलावटी खाद खरीद कर फसलों में डालता है जिसका असर फसलों में पड़ेगा। पीड़ित किसान जुम्मन अली हिमौली निवासी ने बताया कि 10 बीघे में धान की फसल और 15 बीघे में तिल की फसल बोई हुई जिन्हें खाद की नितांत आवश्यकता है लेकिन सरकारी एफसीआई क्रय-विक्रय एसरकारी समितियों में सरकार द्वारा अभी तक खाद न भेजें जाने से फसले कमजोर हो रही है और जिसकी पैदावार में असर पड़ेगा। मुसीबत का सामना करना पड़ेगा इसी प्रकार अरतरा निवासी बृजेश कुमार खंगार ने बताया कि मैंने धान की फसल लगाई हुई है रासायनिक खादों की बेहद आवश्यकता लेकिन क्रय विक्रय एफसीआई व सरकारी समितियों में खाद न होने से हमारी फसले बर्बाद हो रही है और संबंधित अधिकारी खाद नहीं पहुंच पा रहे।

### मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार बीपी सिंह ने टापटेन छात्रों को सम्मानित किया है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है। सफलता पाने के लिए लगातार परिश्रम करना पड़ता है। इसके बाद हाईस्कूल के छात्र आदर्श राजपूत कार्तिकेय मयंक सहित अन्य टापटेन छात्रों को सम्मानित किया है। इसी तरह इंटरमीडिएट में विद्यालय व जिला स्तर पर स्थान प्राप्त छात्र कवितांए छात्र नमन गुप्ताए दीपेंद्र राजपूत को मुख्य अतिथि व विद्यालय के प्रबंधक श्यामसुंदर मुखिया ने छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष केजी अग्रवाल, शिवरतन विश्वकर्मा, पूर्व प्राचार्य हरिनारायण नगाइच, प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### जबरन शादी का दबाव बनाया

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि बीते 15 दिनों से उसकी 15 वर्षीय नातिन को अलीगढ़ निवासी एक युवक फोन कर जबरन शादी करने का दबाव बनाता है। आरोप लगाया कि फोन पर नातिन से अश्लील बातें करता है। बताया कि उसकी नातिन ने कई बार फोन करने से रोका तो युवक नहीं मान रहा है। जिससे उसकी नातिन परेशान रहती है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गोकुलडेरा गांव निवासी बंशीधर पुत्र राजाराम के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज है। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। इसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था पुलिस ने आज वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वही क्षेत्र के बेरी गांव निवासी रंजीत पुत्र गज्जू को शांति भंग करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। तथा चालान किया गया है।

### पेड़ गिरने से राहगीर व सब्जी विक्रेता बाल-बाल बचे



**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के सब्जी मंडी में रास्ते पर एक पेड़ धराशाई होने से सब्जी फरोस व राहगीर बाल बाल बच गए। पेड़ रास्ते पर पड़े होने के चलते वाहनों का आवागमन बाधित रहा। बरसात के चलते नगर के सब्जी मंडी में बुधवार की सुबह चिल्ला का एक भारी पेड़ भरभरा कर रास्ते पर गिर पड़ा। रास्ते के अगल-बगल सब्जी लगाने वाले व राहगीर बाल बाल बच गए। सुबह का समय होने के कारण लोगों का निकलना चलना कम था यदि यह पेड़ दोपहर में गिरता तो कोई अनहोनी घटना हो सकती थी। पेड़ रास्ते में पड़ा होने के कारण शाम तक वाहनों का आवागमन बाधित रहा।

### प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित, भंडारे का किया गया आयोजन

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के मराठीपुरा मोहल्ले में बाबा कुंवा परिसर में मां दुर्गा व हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सैकड़ों नगर वासियों ने उपस्थित होकर पूजा अर्चना की। प्राण प्रतिष्ठा के बाद आज मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। नगर के मराठीपुरा में प्राचीन बाबा कुंवा में समस्त नगर वासियों के सहयोग से जीर्णोद्धार कराया गया जिसमें प्राचीन शिव मंदिर में माँ दुर्गा व हनुमानजी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद ढोल बाजे के साथ मोहल्ले में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यात्रा सम्पन्न हुई जिसमें नगर के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार को मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व सभासद महेश गुप्ता ने समस्त भक्तों से भंडारा प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई, साइबर क्राइम का मामला

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी युवती ने खाते से ठगी करके पैसे निकाल लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी युवती प्रिया सिंह पुत्री विजय नारायण ने थाने में बताया कि मेरा खाता गांव स्थित स्टेट बैंक शाखा में है। जिसमें 73 हजार रुपए जमा थे 25 जनवरी को आनलाइन ठगी करके निकाल लिए है। जिसकी शिकायत साइबर सेल 1930 में की थी। लेकिन अभी तक कोई। कार्यवाही नहीं की गई है। पीड़ित ने थाने में बुधवार को तहरीर देकर बताया कि टेलीग्राम में ठग द्वारा स्क्रीन शॉट भेजने को कहा गया। तथा पालिसी बताई गई। जिसमें एक हजार रुपए भेजने पर तेरह सौ मिल गए। इसके बाद पांच हजार रुपए भेजे तो वापस 6 हजार तीन सौ रुपए मिले। इसके पंद्रह हजार रूपये ट्रांजैक्शन किया तो पैसा होल्ड कर दिया गया। तथा उसके द्वारा एक लिंक दिया गया जिसमें पचास हजार ट्रांजैक्शन किया। तभी मेरे खाते से 73 हजार रुपए उड़ा दिए। जिसमें अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज किया है।

### बरसात में मजरे के बच्चे नहीं पहुंच पाते हैं विद्यालय

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के कुतुबपुर ग्राम पंचायत के मजरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में आने का रास्ता न होने के कारण बच्चे बरसात के मौसम में विद्यालय नहीं पहुंच पाते हैं। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कुतुबपुर खोड में प्राथमिक विद्यालय संचालित है। इसमें अलग अलग स्थान पर डेरा बनाकर लोग निवास करते हैं। जौहरिया डेरा निवासी टीकाराम ने बताया कि छोटे बच्चे कच्चे रास्ते से होकर आधा किलोमीटर दूर प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जाते है। बरसात में बच्चों को कच्चे पगडंडी वाले रास्ते से विद्यालय जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। विद्यालय के सामने से कच्चा रास्ता हमारे डेरा तक जाता है। इसमें खड़ंजा डालने की मांग की है। उसने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा कोई विकास कार्य हमारे डेरा में नहीं कराया गया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला, कानपुर रेफर

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी युवक के ऊपर पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। परिजन घायल को लेकर कुरारा आए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। वही इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी मनीष पुरवार को पुरानी रंजिश के चलते गांव निवासी विनय खंगार पुत्र श्याम बाबू ने चाकू से जान लेवा हमला कर घायल कर दिया। परिजन घायल को लेकर सी चसी लेकर आए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। मनीष गांव में रहकर खेती किसानी में पिता का सहयोग करता है।इसके पूर्व बुधवार को देर शाम विनय ने मनीष के घर में पत्थर फेंके थे। जिसकी सूचना डायल 112 को दी गई थी। पुलिस आने पर वह मौके से फरार हो गया था।ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक सुबह मनीष किसी कार्य से गांव में गया था। तो उसी समय विनय ने उसे पकड़कर पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। हमीरपुर से कानपुर रिफर किया गया है। अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

### एक साल बीतने के बाद भी ठेकेदार ने नहीं बनाया विद्यालय

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के कुतुबपुर खोड में संचालित जूनियर विद्यालय की बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण विभाग द्वारा इसकी नीलामी करा दी गई है। तथा ठेकेदार द्वारा भवन गिरा कर सामग्री। ले गया है। लेकिन एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद नए भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। जूनियर विद्यालय में पंजीकृत छात्र गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे है। क्षेत्र के कुतुबपुर खोड में स्थित जूनियर विद्यालय की नीलामी दिसंबर 2024 में की गई थी। इस भवन का निर्माण वर्ष 2007 में हुआ था। इसके दीवारों में दरार आ गई थी तथा छत भी टपक रही थी जगह-जगह छत उखड़ गई थी। जर्जर हालत में इस विद्यालय भवन को नीलाम कर दिया गया था। 3 मार्च 2024 को इस भवन की निकली सामग्री ठेकेदार ले गया है। लेकिन नए भवन के निर्माण की अभी तक पहल नहीं हो पाई है।

# 'सीएमओ, लोनिवि व विद्युत विभाग के अफसर कार्य प्रणाली सुधारें, अन्यथा होगी कार्रवाई'

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के प्रभारी व जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर समीक्षा की। जिला योजना समिति की बैठक ली। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा पुराने यमुना घाट को सुरक्षित करने तथा संगमहेश्वर मन्दिर के बचाव हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि बाढ़ के समय जनमानस को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए ताकि लोगो को समस्याएं उत्पन्न न हो। इसके साथ ही जिला योजना समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024.25 की वित्तीय व भौतिक प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गयी इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा जनपद की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में

**▸ डाक्टर की नियुक्ति हमीरपुर में प्रैक्टिस करते है कानपुर में: स्वतंत्र देव**



बताया गया कि सीएम डैशबोर्ड पर विकास प्राथमिकता कार्यक्रम में जनपद को माह दिसम्बर 2024 व मार्च एवं जून 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद की उपलब्धियों को लेकर जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अच्छा काम किया जा रहा है किन्तु चिकित्सा लोक निर्माण एवं विद्युत विभाग के कार्यो में कमियॉ देखने को मिल रही है। इनके सम्बध में जनप्रतिनिधियों मीडिया का फीडबैक भी अच्छा नही है। इसके संबंध में प्रभारी मंत्री ने सीएमओ, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी एवं विद्युत को सख्त निर्देश दिए है कि अपने-अपने विभागों में व्याप्त विसंगतियों को सुधारें अन्यथा कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि ऐसा संज्ञान में आया है कि कई डॉक्टर नौकरी यहांकर रहे है और प्रैक्टिस कानुपर या अन्य जगह करते है जो कदापि स्वीकार्य नहीं है। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में पेंशन हेतु पात्र सभी लोगो को हर हाल में पेंशन मिलनी चाहिए। गरीबों के राशन से छेड़छाड़ न की जाए। हाल ही में निर्मित क्षतिग्रस्त पुलिया का पुनः निर्माण तथा गड्ढामुक्ति मानक के अनुरूप करायी जाए। खराब काम करने बाली फर्मो को ब्लैक लिस्ट किया जाए। विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित संज्ञान लें और 48 घण्टे के भीतर ट्रॉस्फार्मर बदल दिया जाए। सावन के दृष्टिगत कांवड यात्राओं के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत, विधायक सदर डॉ मनोज कुमार प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रिजवाना शाहिद सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## निरीक्षण में लापरवाह चार सफाई कर्मियों का वेतन काटा




**▸ एडीओ पंचायत व सचिव का भी वेतन रोका**

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र मिश्रा ने बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायत चंदपुरवा बुजुर्ग एवं पचखुरा खुर्द का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था और संसाधनों के दुरुपयोग को लेकर कई खामियाँ सामने आई, जिस पर कड़ी कार्रवाई की गई।

चंदपुरवा बुजुर्ग में आरआरसी सेंटर बंद मिला और सचिवालय के सामने बालू का ढेर देखकर डीपीआरओ ने नाराजगी जताई। ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिली। सफाई कर्मी रामशंकर, मनोज कुमार और बीर बहादुर के अनुपस्थित मिलने पर उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि गांव में कूड़ा उठाने के लिए क्रय किया गया ई-रिक्शा प्रधान द्वारा निजी कार्यो में उपयोग किया जा रहा है, जिस पर आपत्ति जताते हुए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इसके पश्चात डीपीआरओ ने पचखुरा खुर्द ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। यहां भी पंचायत भवन एवं रास्तों में गंदगी पाई गई। सफाई कर्मी बीरबल के अनुपस्थित मिलने पर उसका भी एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया। यहां भी आरआरसी सेंटर बंद मिला और ई-रिक्शा के दुरुपयोग की पुष्टि हुई। शौचालयों की खराब स्थिति विशेष रूप से टाइल्स टूटने की शिकायत पर मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में पर्यवेक्षणीय कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर एडीओ पंचायत सुरेश कुमार और ग्राम सचिव की लापरवाही के चलते जुलाई माह का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी आवश्यक सुधार शीघ्र करने के निर्देश भी दिए गए।

### मवई गांव में तमंचा दिखाकर भाग खड़ा हुआ चोर

**राठ(हमीरपुर)।** मंगलवार की रात घर में चोरी करने के उद्देश्य से घुसे चोर को स्वजनों ने पकड़ लिया। तमंचा दिखाकर चोर भाग खड़ा हुआ। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के मवई गांव निवासी गंगाराम पुत्र हरीराम अहिरवार ने बताया कि मंगलवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसके दूसरे मकान में चार चोर ताला तोड़कर घुस गए। आहट सुनाई देने पर जब स्वजनों ने देखा तो ताला टूटा हुआ था। ललकारने पर एक चोर को पकड़ लिया। आरोप लगाया कि चोर ने तमंचा उसके सीने में लगा दिया और धक्का मारकर भाग गया। बताया कि उसने चोर को पहचान लिया है। अन्य तीन चोर भी भाग गए इससे पहले भी गांव में कई चोरियां हो चुकी है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### गेट पर मिले युवक की इलाज दौरान मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के ब्लाक गेट पर गंभीर अवस्था में मिले 45 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। गुरूवार को शव की शिनाख्त औंड़ेरा गांव निवासी वीर सिंह के रुप में हुई। मृतक के भाई विमलेश ने बताया कि उसका भाई मानसिक रूप से विक्षिप्त था। कस्बे में मांगकर अपना पेट भरते थे। मंगलवार दोपहर गंभीर हालत में ब्लाक गेट पर मिले। एंबुलेंसकर्मियों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। स्वजन शव को घर ले गए।

## तीन दिवसीय मेगा कैम्प का आयोजन, 11.73 लाख की हुई वसूली

**मौदहा हमीरपुर।** विद्युत पावर कारपोरेशन के निर्देशन में तीन दिवसीय मेगा कैम्प का आयोजन किया जाना है जिसमे विद्युत संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए विभाग द्वारा 17 जुलाई से 19 जुलाई 25 तीन दिवसीय मेगा कैम्प का आयोजन किया जा गया है जिसमे प्रथम दिवस पर उपखंड कार्यालय मौदहा में कैम्प लगाकर उपभोक्ताओं के बकाया बिलों का निस्तारण करते हुए 11,73 लाख की वसूली की गई है। इस कैम्प के दौरान उपखंड अधिकारी आर के वर्मा ने बताया की




इस कैम्प के माध्यम से उपभोक्ताओं की विद्युत बिल मीटर व अन्य समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया जाएगा उन्होंने उपभोक्ताओं ने अपील की है की बकायेदार विद्युत बिलों के निस्तारण के लिए इस कैम्प का लाभ अवश्य उठाएं और अपने बकाए बिलों का भुगतान करें। इस मेगा कैम्प के दौरान मौदहा अवर अभियंता राजू प्रसादए इचौली जे ई सौरभ गुप्ता सहित समस्त विद्युत स्टाफ मौजूद रहा।

## सचिवों को दिया गया नैनो उर्वरक का प्रशिक्षण, उप महाप्रबंधक विपणन ने किया संबोधित, साठ सचिवों ने लिया भाग

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** विकास भवन कुछेछा में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर इफको नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी आधारित सचिव प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रमाकांत




द्विवेदी ने की। कार्यक्रम का संचालन इफको के क्षेत्रीय अधिकारी शशि कांत ने किया। उन्होंने सचिवों को इफको एवं नैनो उर्वरकों की उपयोगिता पर संक्षिप्त जानकारी दी। इफको राज्य कार्यालय लखनऊ से पधारे उप महाप्रबंधक ;विपणन एससी मिश्रा ने नैनो यूरिया प्लस नैनो डीएपी और सागरिका के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पारंपरिक रासायनिक उर्वरक किस प्रकार मृदा और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ प्रशांत ने मृदा परीक्षण और संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान सचिवों को उर्वरकों के पास मशीन से वितरण की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। अपर जिला सहकारी अधिकारी त्रिभुवन ने नैनो उर्वरकों के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सचिवों से इनके अधिकाधिक प्रचार.प्रसार का आह्वान किया।कार्यक्रम में जनपद के 60 से अधिक सहकारी समितियों के सचिवों ने भाग लिया।

## अब निर्माण श्रमिकों को कन्या विवाह पर रु.55,000 की सहायत

**कानपुर, समृद्धि न्यूज़।**

निर्माण श्रमिकों के सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के माध्यम से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अपनी पुत्रियों के विवाह पर रु.55,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना श्रमिक परिवारों को विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक अवसरों पर राहत देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह पहल श्रमिकों के सामाजिक उत्थान की दिशा में एक मजबूत कड़ी है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ केवल उन्हीं श्रमिकों को मिलेगा जिनका बोर्ड में




पंजीकरण कम से कम एक वर्ष पुराना हो, पंजीकरण सक्रिय हो तथा नियमित अंशदान किया गया हो। विवाह की तिथि प्रस्ताव की तिथि के बाद की होनी चाहिए और विवाह के समय वधू की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं वर की आयु न्यूनतम 21 वर्ष होना अनिवार्य है। एक श्रमिक अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह हेतु ही इस योजना का लाभ ले सकता है। डीएम ने बताया कि योजना का आवेदन विवाह से पूर्व अथवा विवाह के 90 दिन के भीतर किया जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और upbocw.in पोर्टल पर उपलब्ध है। एवं स्वयं तथा CSC/जन सेवा केंद्र से भी आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज़ जैसे श्रमिक पंजीकरण प्रमाण पत्र, बेटी का जन्म प्रमाण पत्र, वर-वधू की आयु का प्रमाण, विवाह प्रमाण पत्र (यदि विवाह हो चुका हो), बैंक पासबुक की प्रति और श्रमिक का हालिया फोटो आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की कि वे इस योजना की जानकारी प्राप्त कर समय से आवेदन करें और पात्र होने पर इसका लाभ अवश्य लें। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य पात्र श्रमिकों को जागरूक करने में भी सभी लोग भागीदार बनें, जिससे कोई भी ज़रूरतमंद इस सहयोग से वंचित न रह जाए।

## बच्चों को आकर्षित कर रहा है साफ-सुथरा कुतुबपुर खोड़ का स्कूल

**▸ हेडमास्टर की सोच व मेहनत लायी रंग, सारी सुविधाओं से लैस है विद्यालय**

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

शिक्षक व नोनिहालों के प्रयासों से हरियाली से जगमग स्त्र2ूल कुतुबपुर खोड़ प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अच्छेलाल प्रजापति की दूरदर्शी सोच व कठिन परिश्रम के कारण आज विद्यालय परिसर हरियाली के हराभरा हैं। अंगूर सन्तराम अमरूद चीकू आम अमरूद कटहल नीबू जैसे पेड़ो और इनके फलों से छात्र छात्राओं के स्वाद के साथ साथ पोष्टिकता भी मिल रही है। वही हरा भरें विद्यालय परिसर में उनके पढने ललक भी लालायतित होती है। पर्यावरण जलवायु परिवर्तन भूगर्भ जल जैसे विषयों पर किताबी ज्ञान के अलावा शिक्षण



अधिगम सामग्री जैसे मुददे पर इन पेड़-पौधों से समझ बना रहे है। वही इन फलदार पेडों पौधो के अतिरिक्त उत्पादन होने पर बच्चो के माता पिता भी इनका स्वाद चख लेते है । एक ओर जहॉ उमस भरे मौसम मे भीं विद्यालय परिसर का अलग ही माहौल रहता है। शिक्षक अच्छेलाल प्रजापति के अनुसार उन्होने जब इस विद्यालय का तैनाती हुई उस समय आम स्कूलो की तरह यह भी स्कूल था लेकिन अभिभावको एवं छात्र छात्राओ को सहयोग लेते हुए विद्यालय मे पेड पौधे लगाये सब्जियॉ लगाई और इनकी सामूहिक जिम्मेदारी भी बाटी। वही जानवरो से सुरक्षा से लिये बाउंड्री के अतिरिक्त पॉच फुट ऊची तार जाली भी लगवाई सभी पेडो तक आसानी से पानी पहुच सके और सिचाई में दिक्कत न हो इसके लिये जगह जगह पाइपलाइन फिटिग करवाई ताकि सिचाई में असुबिधा न हों।

## सप्लाई नलों में करीब एक सप्ताह से आ रहा गंदा और मटमैला पानी, जनता परेशान

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में एक सप्ताह से अधिक मुख्यालय में मटमैला युक्त पानी सप्लाई नालों से लगातार आ रहा है। मटमैला युक्त पानी से मुख्यालय की जनता आक्रोशित बनी हुई है। गंदा पानी आने पर मुख्यालय की जनता ने अधिकारियों से लेकर के जनप्रतिनिधियों से भी समस्या से निजात दिलाने को लेकर अवगत कराया है। जनता की समस्या को लेकर भाजपा कार्यकर्ता राहुल अग्रवाल ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी डीएम को सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि मुख्यालय में लगभग 8 दिन से अधिक समय से सप्लाई नलों में जो पानी आ रहा है वह बेहद गंदा और मटमैला आता है। उन्होंने कहा कि सप्लाई नलों में जल्द से जल्द साफ सुथरा पानी आने लगे तो मुख्यालय की जनता को राहत मिल सके। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जिम्मेदारों एवं संबंधित कर्मियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने भारी वर्षा



से उर्मिल बांध में अत्यधिक पानी का बहाव एवं बाढ़ को दोषी बताकर खाना पूर्ति की जा रही है। जबकि एक सप्ताह से अधिक हो जाने के बाद भी फिल्टर प्लांट एवं बांध पर कोई भी जिले के जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण करना तो दूर रुचि ही नहीं ले रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज से मांग कि है कि जिम्मेवारो पर कड़ी कार्रवाई की जाए द्य बारिश के मौसम में एक मजिस्ट्रेट को निरीक्षण के लिए नियुक्त किया जाय द्य सरकार की मंशानुसार मुख्यालय की जनता को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो सके तथा आम जनता को दिक्कते न उठानी पड़े।

## 27 को 5 परीक्षा केंद्रों में संपन्न कराई जाएगी आरओ व एआरओ की परीक्षा

**महोबा।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में आरओ व एआरओ परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिले के 5 परीक्षा केंद्रों में आरओ व एआरओ की परीक्षा आगामी 27 जुलाई को संपन्न कराई जाएगी। जिसमें 2120 अभ्यर्थी भाग लेंगे। बैठक में परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिले में आगामी 27 जुलाई को आरओ व एआरओ की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से 12.30 के बीच संपन्न कराई



जाएगी। मुख्यालय के वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए, वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक बी, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं राजकीय पॉलिटेक्निक को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोई भी परीक्षार्थी टाई, बेल्ट, आभूषण या इलेक्ट्रॉनिक घड़ी पहनकर केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेगा। सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को एंट्री दी जाएगी।

**राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान**

## दोनों पक्ष आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को हुए तैयार

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान मे विभिन्न प्रकृति जैसे वैवाहिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, घरेलू हिंसा के मामले, चैक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारें से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी




मामलों को मध्यस्थता हेतु सन्दर्भित कर निस्तारण कराया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत आज एक पारिवारिक वाद में पत्नी रजनी उर्फ हृदेश तथा पति राजेश कुमार के बीच सुलह करायी गयी। इस प्रकरण में मीडिएटर राकेश कुमार पटैरिया के प्रयास से दोनों पक्षों के बीच सुलह हुई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बताया गया कि दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति तथा शान्ति से जीवन व्यतीत करने का आश्वासन दिया गया है। दोनों पक्ष आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को तैयार हुए तथा आगे भविष्य में खुशहाल जीवन व्यतीत करने का भरोसा दिलाया। तेन्द्र पाल अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उक्त मध्यस्थता अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना है। साथ ही यह भी बताया कि 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में सुलह योग्य लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में मध्यस्थता केन्द्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संदर्भित कराते हुए सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराये। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत न्यायालयों में सुलह योग्य लम्बित प्रकरणों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराने हेतु अधिकाधिक संख्या मे मध्यस्थता केन्द्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में वाद संदर्भित कराते हुये इस अभियान का लाभ उठाये।

# नारकोटिक्स नियंत्रण को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक

## अवैध गतिविधियों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता: जिलाधिकारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की अध्यक्षता में जनपद में नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर एक जूम बैठक की गई। इस बैठक में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, कस्टम विभाग, आबकारी विभाग, एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद में नारकोटिक्स से संबंधित अवैध गतिविधियों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग के अधिकारियों से कहा कि शराब और अन्य मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने हेतु नियमित निरीक्षण किया जाय।उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं के बीच जनजागरूकता अभियान चलाया जाय। जिसमें विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतरविभागीय समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों ने जनपद में अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी तथा आगामी रणनीतियों पर चर्चा की। अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत कार्य करें तथा आपसी सहयोग से जनपद को नशामुक्त बनाये रखने हेतु ठोस प्रयास करें।

## विद्युत बिल समाधान के लिए लगा मेघा कैम्प

**फतेहपुर, बाराबंकी।** पटेल नगर मोहल्ले मे विद्युत बिल समाधान के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया। विद्युत उपखंड के एसडीओ मनोज कुमार यादव ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान किया। मालूम हो कि कैंप 17,18 और 19 जुलाई को खंड स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसमे सभी शिकायतो का निस्तारण कर उपभोक्ताओं को 1912 के तहत पंजीकरण और रसीद दी जाएगी।कैंप सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। एसडीओ ने बताया कि उपभोक्ताओ की समस्याओं का समाधान मौके पर या अधिकतम 7 कार्यदिवस में किया जाएगा। कैंप में नया कनेक्शन,भार वृद्धि और खराब मीटर का समाधान किया जाएगा। साथ ही बिल संशोधन,विद्युत नाम परिवर्तन और बिजली चोरी संबंधी कार्यवाही भी की जाएगी।




## स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन

**मसौली, बाराबंकी।** परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने को लेकर स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय अमदहा में किया गया।वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025-26 में 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों के नामांकन को लेकर ब्लॉक मसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय अमदहा के बच्चों व शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर अभिभावकों को जागरूक किया। सभी बच्चे स्लोगन लिखी तख्तियों जिसमें मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ।हम सबने ठाना है, स्कूल जरूर जाना है। हम बच्चों का नारा है,शिक्षा अधिकार हमारा है के नारे लगाते हुए गांव की गलियों से गुजरे। तो अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्सवर्धन किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अतीकुर्रहमान रैली के दौरान अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल जरूर भेजें। इस दौरान प्रधानाध्यापिका मीना बांसफोर,पूर्णिमा वर्मा, उमेश वर्मा, लक्ष्मी मौर्या, पदमिनी वर्मा, निधि वर्मा सहित स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना लोनीकटरा क्षेत्र में छंदरौली रेलवे स्टेशन के निकट एक अज्ञात युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आज सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन के निकट झाड़ियों में पड़ा देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तुरंत स्टेशन अधीक्षक को सल दी। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। रेलवे चौकी प्रभारी नीरज पांडेय ने बताया कि युवक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अर्टिगा-पल्सर की टक्कर में बाइक सवार घायल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर कल्याणी नदी के निकट आर्टिका एव पल्सर बाइक मे आमने सामने हुई जोरदार टक्कर मे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर हालत मे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। गुरुवार को छोटा जैन मंदिर बाराबंकी निवासी जितेंद्र सिंह सैनी पुत्र जय प्रकाश सैनी अपनी पल्सर बाइक नम्बर यूपी 32 एच ए 3485 से रामनगर से बाराबंकी की ओर जा रहा था तभी सामने से आ रही आर्टिका गाड़ी 32 जेड एन 7122 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे थाना मसौली से उपनिरीक्षक राजकरन सिंह आकाश मौर्या ,प्रियाशु यादव ,सुरेंद्र यादव ,राकेश चौरसिया ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जिसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# सपा मनाएगी संविधान मानस्तम्भ स्थापना दिवस

▸ प्रभारी लोकसभा सदस्य लाल जी वर्मा होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




आरक्षण दिवस को संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस के रूप में वृहद स्तर पर मनाने का दिशा निर्देश पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से प्राप्त हुआ है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और प्रभारी लोकसभा सदस्य लाल जी वर्मा होंगे

उक्त जानकारी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने छाया चौराहा स्थित जिला कार्यालय में आयोजित तैयारी बैठक में उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम संबंधित राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देशों को अवगत कराते हुए व्यक्त किये। जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 26 जुलाई को संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस को जिला समाजवादी पार्टी बहुत ही वृहद रूप मनायेगी राष्ट्रीय अध्यक्ष का सख्त निर्देश है किस कार्यक्रम में पार्टी के सभी फ्रंटल संगठनों के जिला अध्यक्ष अपनी पूरी जिला कार्यकारिणी के साथ उपस्थित रहेंगे ब्लॉक विधानसभा और बूथ स्तर के सभी पदाधिकारी को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निर्देशित भी करेंगे इसलिए जिला संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी में लगाते हुए कार्यक्रम की सूचना विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर पहुंचने के साथ-साथ गांव-गांव पहुंचने रूपरेखा तैयार कर ले हर भूत से कम से कम पांच पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हो इसकी तैयारी भी सुनिश्चित कर ली जाए कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ ग्राम वासियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने की जिम्मेदारी भी आप सभी के कंधों पर है इसलिए आप सभी अभी से कार्यक्रम की तैयारी में लग जाए और कार्यक्रम की सूचना पहुंचाने का कार्य तत्काल शुरू कर दें जिससे आगामी 26 जुलाई को होने वाले संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस कार्यक्रम को बहुत ही भव्य रूप से संपन्न कराया जा सके।

बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष कामता यादव, संजय रिजवान, जिला सचिव ओमचंद यादव, मोहम्मद आफाक, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा आदि प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जर्जर मार्ग में जलभराव से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड के गांव मिर्जापुर पंचायत में मार्ग जर्जर व पानी भरे होने से उचित दर विक्रेता के यहां राशन लेने जाने में लोगों को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिर्जापुर पंचायत की यह वह गली है जिस पर मो सलीम, मो सत्तार,मो इकबाल,कमल रावत आदि तमाम लोगों सहित कोटे की दुकान पर राशन लेने जाने के लिए ग्राम वासियो का आना जाना होता है। यहां भरे हुए गंदे पानी व जर्जर गढ्ढे वाली गली में लोग निकलने को मजबूर है। उचित दर विक्रेता मो रहीस ने बताया की गली पूरी तरह गढ्ढे वा वारिश के मौसम में तालाब में तब्दील है क्योंकि खण्डजा निर्माण कार्य न होने से ऐसी हालत है।दुकान पर आने वाले उपभोक्ताओ के लिए हमने स्वयं कुछ मिट्टी पटाई करवाई है।राहगीरों के मुताबिक गली मे लगातार लगभग दो सालो से बारिश मे पानी भर जाता है। पानी धूप में सूखने के अलावा कही निकलता नही है। खंडजा पुराना होकर जमीन में धंस गया है। हम सभी को उसी भरे गंदे पानी में होकर अपने घरों को जाना पड़ता है। कई बार प्रधान व विकास खण्ड पर शिकायत के बाद भी कोई सुधि लेने वाला नहीं है।

यह गली बीच गांव के इंटरलॉकिंग मार्ग से होकर गुलाम रसूल के दरवाजे से मो रहीस उचित दर विक्रेता वा शकील सलमानी के दरवाजे से होकर गांव के दो मार्गों को जोडती है जिस पर सभी ग्रामीणो का आवागमन रहता है। ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्रामीणो की समस्याओं का निरीक्षण कर जल्दी ही समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

## खबरें एक नजर में

### नवागत बीडीओ ने कार्यभार संभाला



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** विकास खंड सिरौलीगौसपुर में नए खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने कार्यभार संभाल लिया। वे अदिति श्रीवास्तव के स्थानांतरण के बाद इस पद पर नियुक्त हुए हैं। गुरुवार अपराह्न में ब्लॉक सभागार में नवनियुक्त बीडीओ का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। भाजपा नेता पुष्पेंद्र शुक्ला अंशू, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा,दया शंकर शुक्ला और शैलेंद्र कुमार शुक्ला मखन्चू समेत कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे। सभी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। बीडीओ संजीव गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे क्षेत्र का विकास निष्पक्ष रूप से कराएंगे। कार्यक्रम में ग्राम सचिव राजेश कुमार रावत, सतीश वर्मा, रवि रावत और कुलदीप वर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### रामेश्वर शिवाला में महाआरती एवं प्रसाद वितरण आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा स्थित रामेश्वरम शिवाला पर श्रावण मास के अंतर्गत पड़ने वाली विशिष्ट तिथियों पर भव्य श्रृंगार, महा आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। श्री रामेश्वरम शिवाला मंदिर समिति द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत आगामी 21, 28 जुलाई और 4 अगस्त को पड़ने वाले सोमवारों के अलावा 23 जुलाई को पड़ने वाली श्रावण शिवरात्रि एवं 29 जुलाई को नाग पंचमी के अवसर पर इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुंचकर हिस्सा लेंगे।

### नशे में धुत पिता ने बेटे पर किया हमला, घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के बारीखेरा गाँव में गुरुवार सुबह शराब के नशे में धुत्त एक पिता ने अपने बेटे पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गांव में हुई इस घटना में राम किशोर ने अपने परिवार को रात में घर के अंदर बंद कर दिया। पुत्र सुरेश कुमार ने बताया कि उनके पिता राम किशोर शराब के नशे के आदी हैं।रोज शराब पीकर परिवार को गालियां देते और मारपीट करते हैं। बीती रात भी वे नशे में धुत होकर आए और गालियां देने लगे। परिवार के सदस्य घर के अंदर जाकर सो गए। सुबह जब परिवार की नींद खुली तो देखा कि घर का दरवाजा बाहर से बंद था। सुरेश छत के रास्ते बाहर निकला और जैसे ही वह दरवाजा खोलने लगा। उसके पिता ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार कर लहूलुहान कर दिया। घायल सुरेश को उसकी मां और पत्नी ने 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया। जहां उपचार चल रहा है। पीड़ित ने अपने पिता के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि तहरीर मिली है। जाँच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### न्यायालय के आदेश पर पिता-पुत्र पर एफआईआर दर्ज

**जालौन,उरई।** दो माह पूर्व दलित दंपति के साथ घर में घुसकर पिता पुत्र ने महिला को बुरी नियत से पकड़ कर कपड़े फाड़ दिए थे। आरोपियों ने घर में रखे सामान को भी तोड़फोड़ दिया था। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी रजनी देवी पत्नी संतोष कुमार भाटिया ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी से 20 मई को घर वापस आई थी। शाम करीब पांच बजे वह घर के बाहर धुलाई कर रही थी। तभी वहां मोहल्ले के ही शकील व उनके बेटे सबी खान आ गए और गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर वह बुरी नियत से पकड़कर उसे घर के अंदर ले गए और जमीन पर पटक दिया। लोहे की राड व डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। बचने की कोशिश की तो कपड़े फाड़ दिए जिससे उसकी लज्जा भंग हुई है।

# तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए बनाई जा रही कार्ययोजना

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार ने गुरुवार को स्थानीय नगर पंचायत में विभिन्न तालाबों का निरीक्षण करके सौन्दर्यीकरण के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। गुरुवार को धरौली वार्ड निवासी जगजीवन ने अधिशासी अधिकारी मिलकर एक व्यक्ति द्वारा जल निकासी के लिए बनाई गई नाली को अवरुद्ध करने की शिकायत की थी जिसकी जांच करने के लिए ईओ कर्मियों के साथ मौकेपहुंचे तो उसका जर्जर मकान देखकर दंग रह गए उन्होंने आवास की पात्रता सूची में नाम देखकर उसे पात्र घोषित करते हुए पत्रावली बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जगजीवन की जल निकासी की समस्या का भी समाधान करा दिया। तलाबों का होगा सौन्दर्यीकरण अधिशासी अधिकारी ने जांच के दौरान धरौली वार्ड में स्थित तालाबों का निरीक्षण करके उसके सौन्दर्यीकरण के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश कर्मियों को दिए उन्होंने कहा कि आकाक्षी नगर विकास योजना के अंतर्गत नगर के सभी तालाबों का चयन करके उनका सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। कन्या विवाह योजना का लाभ लेने की की अपील इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कन्या के खाते में60 हजार रुपए भेजने के साथ ही 40 हजार रुपए की गृहस्थी का सामान दिया जाता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इसका लाभ लेने की अपील की। इस दौरान के उनके साथ मनीष श्रीवास्तव, राम लव कुश, उत्कर्ष मिश्रा सहित कई सभासद मौजूद रहे।

## पुलिस ने मैजिक चालक के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

**जालौन,उरई।** बारह दिन पूर्व कोंच मार्ग पर ऑटों में तेज रफ्तार मैजिक के टक्कर मारने से ऑटों सवार दंपति के घायल होने के मामले में घायल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मैजिक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी अमृत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी शिवानी के साथ ऑटो से रात करीब 11 बजे देवरी से जालौन जा रहे थे। जब उनका आटो कोंच मार्ग पर स्थित डीडी मैमोरियल स्कूल के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मैजिक कार के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण वह व उनकी पत्नी घायल हो गई थी। राहगीरों ने मदद कर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था।

# नए स्वरूप में लोगों को आकर्षित कर रहा जैदपुर का इमामबाड़ा



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के छोटी बाजार वार्ड स्थित छोटा इमामबाड़ा अपने नए स्वरूप से लोगों का ध्यान खींच रहा है।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम और वार्ड सभासद मोहम्मद कासिम के प्रयासों से इस क्षेत्र का कायाकल्प और सौन्दरीकरण किया जा रहा है।

इमामबाड़े के आसपास के क्षेत्र में बेहतरीन रंग बिरंगी इंटरलॉकिंग की गई है। साथ ही आकर्षक लाइटों से इसे सजाया गया है।इस नए स्वरूप ने स्थानीय लोगों का ध्यान खींचा है। जैदपुर कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग यहां सेल्फी लेने के लिए रुक रहे हैं।

वार्ड छोटी बाजार के सभासद मो कासिम से बात करने पर उन्हौने बताया बोर्ड ने छोटे इमामबाड़ा की दयनीय स्थिति को सजाने और संवारने मे हमारे प्रस्ताव पर सहमति दी और आज छोटा इमामबाड़ा जैदपुर वासियो के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना है।सैकड़ो नौजवान सेल्फी ले रहे और खुशियाँ मना रहे है।इसके लिए अपने बोर्ड के साथियो और अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम और अधिशाषी अधिकारी जी का आभार व्यक्त किया।नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राम जनक तिवारी ने बताया कि आने वाले समय में जैदपुर नगर पंचायत जिले में पहले स्थान पर होगी।उन्होंने कहाकि विकास कार्यों से जैदपुरवासियो की सुविधाओ मे वृद्धि होगी।

# मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर में 43 शिकायतें आयी, आठ निपटी



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत वितरण मण्डल उरई के उपखंड अधिकारी कार्यालय प्रथम में अधीक्षण अभियंता नन्दलाल की मौजूदगी में मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपभोक्ताओं की बिजली बिल से जुड़ी सभी प्रकार की जैसे नये संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विद्या परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य संबंधित कार्यो की शिकायतों का निस्तारण किया गया।

इसके साथ ही आयी शिकायतों का पंजीकरण टोल फ्री नंबर 1912 पर किया गया। मेगा समाधान शिविर में 43 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें 8 का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि अवशेष शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित जेई को मौके पर भेजा गया है ताकि उनका भी समय से समाधान हो सके। इसीक्रम में 5 लाख 50 हजार रुपये बकाया बिलों की वसूली जमा हुई।

उप खंड अधिकारी कार्यालय प्रथम में आयोजित मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर में मौजूद अधीक्षण अभियंता नंदलाल ने बातचीत के दौरान बताया कि विभाग की मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर आयोजित कराने के पीछे मुख्य मंशा यही है कि शिविर में आने वाली शत प्रतिशत शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में मेगा शिविरों का आयोजन स्थलों पर ही सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि जिनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

# चार गांवों का टूटा संपर्क, बढ़ते जलस्तर से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिले के रामपुरा विकास खंड अंतर्गत हुकुमपुरा, बिलौंड, जखेता और सुल्तानपुरा गांव का संपर्क मुख्यालय से पूरी तरह कट गया है। नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण पीपों का पुल बंद कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब इन गांवों के लोग जालौन जिले में प्रवेश करने के लिए मजबूरी में मध्यप्रदेश के रास्ते होते हुए इटवा जिला होकर आ रहे हैं। इससे न केवल दूरी बढ़ गई है, बल्कि आपातकालीन स्थिति में मदद पहुंचाना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। मरीजों को रामपुरा तक पहुंचाने के लिए गांव के नाविकों द्वारा नाव से पार कराना पड़ रहा है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, जीआरपी ने कब्जे में लिया

**कालपी ,जालौन।** रेलवे स्टेशन कालपी के आसपास ट्रेन की चपेट आकर मौतों की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। गुरुवार को कालपी के यमुना नदी के रेलवे पुल में 30 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौके पर हुई मौत हो गयी। सूचना पाकर जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह ने घटनास्थल का जायजा लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह ने बताया कि गुरुवार की दोपहर 11.40 बजे यमुना नदी के रेलवे पुल के पिलर नम्बर 5 में युवक के शव के पड़े होने की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। कालपी रेलवे पुल की कोठी नम्बर 5 मिले शव के पहचान करने में जीआरपी पुलिस जुटी है। लेकिन शाम तक शिनाख्त नहीं हो सकी।

# डीपीएस ने सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप में जीते 12 मेडल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के एमनीव विजन स्कूल,इटावा में सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप 2025 - 26 का आयोजन किया गया। जिसमे डीपीएस के चैंपियंस ने 12 मेडल विद्यालय के नाम कर लिए जिनमे 4 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल्स है। प्रतियोगिता में यूपी,बिहार और झारखंड राज्य की विभिन्न जूडो की टीमों ने प्रतिभाग किया था। जूडो कोच प्रभाकर सिंह के दिशा निर्देशन में दिल्ली पब्लिक स्कूल,इटावा से जूडो खिलाड़ियों में अंडर 11 आयु एवम 40 किलो भार वर्ग में आराध्य कुमार ने शानदार सिल्वर मेडल जीता तो अक्षय यादव ने भी अंडर 14 आयु और 35 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीत लिया, इसी प्रकार से अंडर 17 आयु और 57 किलो भार वर्ग में स्पर्शिता सिंह ने सिल्वर मेडल जीता तो डीपीएस की ही एक अन्य छात्रा दिव्या यादव ने भी अंडर 19 आयु और 70 किलो भार वर्ग में कड़े मुकाबले के साथ सिल्वर मेडल अपने विद्यालय के नाम कर लिया। चारो सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी सितंबर अक्तूबर माह में राजस्थान के श्री गंगानगर में आयोजित होने वाली नेशनल जूडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसी क्रम में नंदिनी यादव ने अंडर 14 आयु और 40 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता, अर्णव यादव ने अंडर 14 आयु एवम 50 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता,पायल यादव ने भी अंडर 17 आयु एवम 52 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता तो पलक तिवारी ने भी अंडर 17 आयु एवम 63 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज जीता वहीं अविरंशिखा सिंह ने अंडर 17 आयु एवम 70 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज जीता, देव यादव ने देव यादव ने अंडर 19 आयु एवम 81 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज जीता, विवान तिवारी ने अंडर 19 आयु एवम 40 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज जीता तो अदिति सिंह ने भी अंडर 14 आयु एवम 36 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर अपने विद्यालय के नाम कर लिए। बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए प्रिंसिपल भावना सिंह ने कहा कि,हर खेल में हार जीत होती ही है इसलिए एक प्रतियोगिता से प्रेरणा लेकर दूसरे की तैयारी भी शुरू कर देनी चाहिए। दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के चेयरमैन डॉ विवेक यादव एवम वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव ने बच्चों के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने और भविष्य में ऐसे ही आगे बढ़ते रहने के लिए सभी को शुभकामनाएं और अपना आशीर्वाद दिया।

# पेयरिंग स्कीम के खिलाफ कम्युनिस्ट पार्टी ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन




ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकार की पेयरिंग स्कीम के अंतर्गत स्कूल बंदी के निर्णय के खिलाफभारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। ज्ञापन में दर्शाया कि सरकार ने जिन स्कूलों में 50 से कम बच्चे है उनको बंद कर दूसरे स्कूल में समायोजित करने का निर्णय लिया है, यह निर्णय बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। अभी तक 150 स्कूल बंद भी कर दिये गये हैं। पिछले दस वर्षो में वैसे भी उत्तर-प्रदेश में लगभग 27 हजार स्कूल बंद किये जा चुके हैं। इससे प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा मिल रहा है और कोचिंग को भी बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे में गरीब अंचल के बच्चे बुनियादी शिक्षा का अधिकार पाने में असमर्थ हो जायेगें। यह षड्यंत्र भाजपा ने गरीब बच्चों को शिक्षा से दूर रखने के लिए रचा है। नजदीकी स्कूल बंद होने का सबसे बुरा असर लड़कियों की शिक्षा पर पड़ेगा जो किसी भी समाज और देश के विकास के लिए बुनियादी शर्त है। 1 किलोमीटर के दायरे में कक्षा 5 तक तथा 3 किलोमीटर के दायरे में कक्षा 8 तक के शिक्षा के स्कूल का प्रावधान करता है। ऐसा लगता है कि सरकार ने इस के दुष्प्रभावों पर गंभीरता से विचार नहीं किया है। कम्युनिस्ट पार्टी की मांग है कि पेयरिंग स्कूलों के आदेश को रद्द किया जाये। इस मौके पर जिलामंत्री सुनील कुमार कटियार, रामकुमार, संतोष कुमार, बलवीर सिंह, उत्तम कुमार, प्रमोद कुमार शाक्य, अभिषेक कुमार, भिखारी लाल, अजीत कुमार, विकास राठौर, आशाराम, सुभाष चंद्र शाक्य, देवेंद्र सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 जिसका अनुक्रमांक 0053037 व इंटर मीडिएट वर्ष 2021 जिसका अनुक्रमांक 215043002 का प्रमाणपत्र-सह-अंक पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है। मुझे दूसरी प्रति की आवश्यकता है।

**कान्हा पुत्र स्व0 हरिओम सिंह निवासी ग्राम मण्डी गुड, फतेहपुर सीकरी, तहसील किरावली, जनपद आगरा।**

**नाम संशोधन**

मेरे हाईस्कूल प्रमाण-पत्र में पिता का नाम त्रुटिवश (MUJEEV KHAN) अंकित हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का सही नाम MUJIB KHAN दर्ज है। मेरे हाईस्कूल के प्रमाण पत्र में पिता का सही नाम MUJIB KHAN दर्ज किया जाये।

**निहाल खांन पुत्र मुजीब खांन नि0 ग्राम-सरफाबाद व पोस्ट-जरारी जिला-फर्रुखाबाद (उ0प्र0) पिन-209739**

# शराब सेल्समैन से लूट करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

**▸ पुलिस ने कब्जे से लूटे गए 66,200 रुपए की नगदी व एक बाइक की बरामद**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

शराब ठेके के सेल्समैन के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे से लूट गए 66200 रुपए, एक बाइक व एक बैग बरामद किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में 15 जुलाई की रात करीब 10:15 बजे ग्राम मझिला स्थित देशी शराब ठेके पर कार्यरत सेल्समैन अमरनाथ पुत्र सिपाहीलाल निवासी ग्राम जैतापुर थाना ठठिया के साथ बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर करीब एक लाख तीस हजार की नगदी लूटकर मारपीट की थी। घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में ठेका मालिक वैभव चतुर्वेदी पुत्र अरविन्द चतुर्वेदी निवासी ग्राम कौलेपुर्वा थाना ठठिया द्वारा थाना इन्दरगढ़ पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चौधरी, उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र, कांस्टेबल दिनेश सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह सहित पुलिस टीम ने अभियुक्त दीपक कुशवाहा उर्फ फुलौरी (19) एवं रोहित (27) दोनों निवासी ग्राम मझिला, थाना इन्दरगढ़ को क्रमशः कटैया पुल और हरईपुर मोड़, तिर्वा रोड से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने अपने अन्य दो साथियों राघव सिंह उर्फ जितेश एवं रौनक खाँ के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया।



घटना का खुलासा करते एसपी विनोद कुमार व मौजूद आरोपित

### पूछताछ में हुआ खुलासा

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने गांव के ही अवनीश उर्फ बिल्टू की मोटरसाइकिल (होंडा SP 125) यह कहकर ली कि घूमने जाना है। इसके बाद चारों ने ठेके के आस- पास रेकी की और सेल्समैन के निकलने के बाद उसका पीछा किया। जब सेल्समैन ने मोटरसाइकिल नहीं रोकी तो पीछे से रौनक ने उसके सिर पर डंडा मारा जिससे वह गिर गया। इसके बाद चारों ने बैग लूट लिया। जिसमें कुछ खाने-पीने का सामान और नकदी रखी थी। खाने- पीने का सामान फेंककर पैसे आपस में बांट लिए थे।

### फरार अभियुक्तों की जल्द होगी गिरफ्तारी

एसपी विनोद कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि शराब ठेके के सेल्समैन के साथ बाइक सवार लूट की घटना का अंजाम देने बाले दो शातिरों को पुलिस ने 24 घण्टे में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से लुटे गए 66200 की नगदी व एक बाइक बरामद की गई है। घटना में शामिल दो फरार अभियुक्तों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# विद्युत समस्याओं पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अभियंताओं से की चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम लक्षीराम नगला स्थित कैंप कार्यालय पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने विद्युत विभाग के अभियंताओं के साथ क्षेत्र की विद्युत समस्याओं पर चर्चा की। प्रिया शाक्य ने विकासखण्ड छिबरामऊ के ग्राम भारापुर में 8-10 विद्युत कनेक्शन धारकों के लिए केबिल व ट्रांसफार्मर की व्यवस्था और मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की हाईटेंशन (एचटी) लाइन हटाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि इस लाइन से गांव में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने स्पष्ट किया कि एचटी लाइन पहले से मौजूद थी, जबकि मकान बाद में बने। उन्होंने कहा कि लाइन हटाने के लिए बजट नहीं है, लेकिन निधि उपलब्ध होने पर इसे हटाया जा सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित कटौती के अतिरिक्त होने वाली बिजली कटौती पर भी चिंता जताई और सुधार की मांग की। इस पर अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंताओं मगन सिंह और राजीव कुमार भारती को कटौती के समय के अलावा यथासंभव विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्मार्ट मीटर की सुविधा और यूपीपीसीएल के कंजूमर ऐप के माध्यम से बिजली खपत व बिल भुगतान की जानकारी दी। उन्होंने जनपद कन्नौज के अन्तर्गत विद्युत सुधार से सम्बन्धित योजनाओं के कार्यो की विवरण पुस्तिका भी जिला पंचायत अध्यक्ष को भेंट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने तीनों अभियंताओं को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

# टूटी पुलिया का निर्माण शुरू, हादसों से मिलेगी राहत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के बनवारी नगर से गंगेश्वर नाथ मंदिर रोड के मोड़ पर, हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज के खेल मैदान के सामने लंबे समय से टूटी पड़ी पुलिया का निर्माण कार्य नगर पालिका ने शुरू कर दिया है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि अब इस पुलिया पर मजबूत लेंटर डाला जा रहा है, ताकि यह टिकाऊ और सुरक्षित हो सके।

इस पुलिया की मरम्मत की मांग लंबे समय से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, एसबीवीएस संस्था के गौरव अमर त्रिपाठी, सयुस के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद फारूकी और हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने उठाई थी। यह टूटी पुलिया कई हादसों का कारण बन चुकी थी। 8 जुलाई को एक कार का टायर इसमें फंस गया, जिसे लोगों ने बड़ी मुश्किल से निकाला। 7 जून को एक बाइक सवार युवक नाले में गिर गया, हालांकि उसे गंभीर चोटें नहीं आईं। मार्च में एक वाहन की टक्कर से पुलिया की दक्षिणी दीवार टूट गई थी, लेकिन नगर पालिका ने तब कोई कार्रवाई नहीं की। पांच माह पहले प्रकाशित खबर में इस खतरे को उजागर किया गया था, पर उदासीनता के कारण स्थिति जस की तस रही। पिछले वर्षों में इस पुलिया में गिरकर एक व्यक्ति की मौत और कई लोग घायल हो चुके हैं। भारी वाहनों का आवागमन भी इस संकरी पुलिया के लिए चुनौती है। अब निर्माण शुरू होने से स्थानीय लोगों को राहत की उम्मीद है।





## माधौनगर में लगा मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के निर्देश पर ग्राम माधौनगर में आयोजित मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर में 20 उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर में बिल, मीटर और मोबाइल अपडेट से संबंधित शिकायतें प्रमुख थीं। एसडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 बिल, 12 मीटर और अन्य मोबाइल अपडेट से संबंधित थीं, सभी का समाधान कर दिया गया। अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती ने कहा, ꖦबिजली बिल से परेशान हैं तो मेगा कैम्प है समाधानꖦ उन्होंने उपभोक्ताओं से शिविर में आकर समस्याओं के निदान का लाभ उठाने की अपील की। अगले शिविर 18 जुलाई को खुबरियापुर (पथरा फीडर) और 16 जुलाई को अकबरपुर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होंगे। इन शिविरों में शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण और 1912 पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। बिल संशोधन मौके पर या अधिकतम 7 दिनों में होगा। शिविर में नये संयोजन, भार वृद्धि, जिला परिवर्तन जैसे कार्य भी होंगे। शिविर में जेई वीर बहादुर, टीजी-2 मानवेन्द्र, मीटर रीडर अश्वनी, बंटू और आशीष मौजूद रहे।

## मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी विवाद को लेकर गांव के ही लोगों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आए उसके भाई से भी मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम मैकुपुर्वा निवासी श्याम सिंह पुत्र भजन लाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 10 जून की शाम करीब 6.30 बजे उसके गांव के ही गौरव, सौरभ, विजय शंकर, रामबाबू ने किसी बात को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आए उसके भाई देवेंद्र से भी मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गमा देवी मंदिर के सामने जलभराव से श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला गणेश चौधरी स्थित शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर के सामने सड़क पर बरसाती पानी का जमावड़ा हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या और गंभीर हो गई है। मंदिर के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन जलभराव के कारण उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय श्रद्धालुओं अभिषेक तिवारी, मुकेश मिश्रा, रवि तिवारी, भारत सिंह वर्मा, राजाराम वर्मा, प्रमोद शर्मा, नरेश पाठक, चंचल दुबे, सहदेव सिंह भदोरिया, पुष्पेंद्र गुप्ता आदि ने नगर पालिका से जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। श्रद्धालुओं ने सभासद के माध्यम से नगर पालिका को प्रार्थना पत्र भी सौंपा है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से शीघ्र समाधान की गुहार लगाई है ताकि मंदिर आने वाले भक्तों को राहत मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### बेटे की मौत के बाद पिता ने भी तोड़ा दम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मंगलवार रात तालग्राम रोड बहवलपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार को दोहरी त्रासदी दी। तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर दे सुनील राठौर की मौत हो गई। इस सदमे को बर्दाश्त न कर पाने के कारण उनके पिता हरि प्रसाद ने भी दम तोड़ दिया। सुनील सौरिख तिराहे पर सब्जी की ठेली लगाते थे, मंगलवार की रात करीब 9 बजे घर लौट रहे थे। तभी स्टार कोल्ड स्टोर के पास ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सुनील की मौत की खबर सुनते ही उनके पिता हरि प्रसाद, निवासी तिवारियान मोहल्ला सदमे में चले गए और उनकी भी मृत्यु हो गई। इस दोहरे हादसे ने परिवार को गहरे दुख में डुबो दिया। सुनील की पत्नी रीता राठौर, बेटियों वंशिका और प्रज्ञा, तथा विकलांग मां राम मूर्ति का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैला दी है।

### ग्राम पंचायत अधिकारी की विदाई में उमड़ी भीड़

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** कस्वा सकरावा में तीन वर्ष से तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी दीवान सिंह का उमर्दा ब्लॉक में स्थानांतरण होने पर कस्बे के संभ्रांत लोगों व ग्राम प्रधानों ने ग्राम पंचायत सचिवालय पर एक बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान प्रतिनिधि श्रीराम शाक्य ने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारी दीवान सिंह का तीन साल का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा। पूर्व प्रधान जितेन्द्र त्रिपाठी कल्लू ने बताया स्थानातंरण एक शतत प्रक्रिया हैं। जो विभाग में होता रहता हैं। नवागंतुक सचिव मनोज कुमार ने चार्ज लिया। लोगों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान शिवपाल यादव, विश्वनाथ यादव, पंचायत सहायक मुकेश त्रिपाठी, लेखपाल आशीष अवस्थी, राहुल शर्मा,उपेन्द्र कुमार,अमित कुमार शाक्य, आदि लोग मौजूद रहे।

### कार न मिलने पर तलाक देकर किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अतिरिक्त दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और उसे तीन तलाक देकर घर से बेघर भी कर दिया। पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी इदरीश अली पुत्र लियाकत अली ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी पुत्री आफरीन को उसके ससुरालीजन आए दिन अतिरिक्त दहेज में कार की मांग कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। बीती 25 मई 2025 को उसके पति अमन अली, ससुर मुनीम अली, सांस रहीसा बेगम, जेठ तालिब अली, ननद जूली व सहरूब ने उसकी पुत्री से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद उसके पति अमन ने उसे तीन तलाक देकर घर से बेघर भी कर दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेवरात व नगदी लेकर महिला फरार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जेवरात व नगदी सहित विवाहित महिला को एक युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया। पति ने महिला व युवक की काफी खोजबीन की। लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पीड़ित पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 16 जुलाई की दोपहर करीब 12 बजे उसकी 30 वर्षीय पत्नी को थाना छिबरामऊ के ग्राम सिंहपुर निवासी एक युवक अपने भाई व बहन के सहयोग से कहीं भगा ले गया। महिला अपने साथ घर में रखे 50 हज़ार रुपये व जेवरात भी ले गई। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस की बड़ी सफलता, दो इनामी अपराधी गिरफ्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में विशुनगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगस्टर एक्ट के दो इनामी वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। विशुनगढ़ थानाध्यक्ष गौरव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो इनामी अभियुक्तों रामऔतार पुत्र गंगाराम और राहुल पुत्र रामऔतार निवासीगण ग्राम पालपुर को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। यह गिरफ्तारी मुकदमा संख्या 308/2025, धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई। पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

# गोभी वर्गीय सब्जियों की नर्सरी उत्पादन में अपनाएं बेड तकनीक

**▸ सब्जियों की नर्सरी उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा सदर विकासखंड के ग्राम देवकली बांगर में गोभी वर्गीय सब्जियों की नर्सरी उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने किसान भाइयों को उन्नत नर्सरी उत्पादन विधियों की जानकारी दी। डॉ. अमर सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में गोभी वर्गीय सब्जियों की नर्सरी लगाने के लिए बैड तकनीक को अपनाना अत्यंत लाभकारी होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि नर्सरी बैड की चौड़ाई 0.75 मीटर से 1 मीटर, लंबाई 8 से 10 मीटर और ऊंचाई लगभग 15 सेंटीमीटर होनी चाहिए। साथ ही, एक बैड से दूसरे बैड के बीच 30 सेंटीमीटर की दूरी रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु में जड़ सड़न की समस्या आम होती है, जिससे फसल को भारी नुकसान होता है। इससे बचाव के लिए किसानों को ट्राइकोडर्मा 5 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 100 किग्रा सड़ी गोबर की खाद के साथ मिलाकर एक सप्ताह पहले भूमि में डालने की सलाह दी गई। इसके अलावा, दीमक व अन्य कीटों के नियंत्रण हेतु ब्यूवेरिया बेसियाना 5 किग्रा प्रति हेक्टेयर को 100 किग्रा गोबर की खाद के साथ मिलाकर प्रयोग करने की भी सलाह दी गई।

पौधों की जड़ों की सुरक्षा के लिए 8 से 10 ग्राम ट्राइकोडर्मा को प्रति लीटर पानी में घोलकर जड़ों का शोधन करने की विधि बताई गई। कार्यक्रम में केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र यादव ने किसानों को मौसम के अनुसार पौध रोपण करने और मैड पर रोपण तकनीक अपनाने की सलाह दी।

# बारिश में भी बिजली बहाल करने में जुटा विद्युत विभाग

**▸ जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्युत विभाग के कर्मचारी सक्रिय**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के सख्त निर्देश के बाद जनपद में विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए विद्युत विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है। कि किसी भी परिस्थिति में विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। और यदि फॉल्ट की कोई समस्या उत्पन्न होती है। तो उसे तत्काल ठीक किया जाए। डीएम के निर्देशन में विभाग की तत्परता उस समय देखने को मिली। जब हाल ही में हुई तेज़ बारिश के दौरान एक बड़े हिस्से में बिजली बाधित हो गई थी। बारिश की परवाह किए बिना, विद्युत विभाग के लाइनमैन ने भीगते हुए मौके पर पहुँचकर केबल फॉल्ट को ठीक किया और आधे शहर की बिजली आपूर्ति को बहाल कर दिया। अधिशासी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि विद्युत फॉल्ट जैसी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी पूरी टीम 24म7 अलर्ट मोड में है। सभी ज़ोन में टीमों को तैनात किया गया है। जो किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई कर रही हैं।


फाल्ट को ठीक करते कर्मचारी

# गुरसहायगंज नगर पालिका को मिला मंडल में प्रथम व राज्य में द्वितीय स्थान

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के घोषित हुए परिणाम में नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज को सर्वाधिक अंक मिले है। जिसमें पालिका ने मंडल में पहला व प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इससे पालिकाध्यक्ष, ईओ एवं स्वच्छ भारत मिशन गुरसहायगंज के ब्रांड एंबेसडर सहित पालिका कर्मियों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने सामूहिक प्रयास को सफलता का आधार बताया है। गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के घोषित हुए परिणाम में नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने मंडल में प्रथम व राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पालिका के द्वारा नगर में कूड़ा एकत्रीकरण, निस्तारण व सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर स्वच्छता का प्रमाण दिया गया है। जिसके चलते इसे रेटिंग भी प्राप्त हुई है। इस अवसर पर पालिका के अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने बताया कि पालिका कर्मियों के सामूहिक सहयोग से प्रदेश व मंडल में स्थान व सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता ने भी पालिका को स्थान व सम्मान मिलने पर कर्मियों को इसका श्रेय दिया है। पालिका के स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर मयंक गुप्ता के नेतृत्व व मेहनत के दम पर स्वच्छता अभियान में पालिका को स्थान मिला है। नगर का नाम प्रदेश व मंडल स्तर पर रेटिंग के साथ स्थापित हुआ है।

## पुत्र पर लगाया मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक आए दिन शराब के नशे में मां के साथ गाली गलौज करता है। विरोध करने पर मारपीट पर अमादा होकर जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम मल्लपुर्वा निवासिनी रेनु देवी पत्नी सुभाष कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पुत्र आए दिन शराब के नशे में उसके साथ गाली गलौज करता है। मना करने पर मारपीट पर अमादा हो जाता है और जान से मारने की धमकी भी देता है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 10 किलो अवैध गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**▸ पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को भेजा जेल**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 10 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया। जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। छिबरामऊ थाना के उप निरीक्षक रावेन्द्र सिंह, नीरज कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल सूरज प्रकाश, सतेन्द्र सिंह सहित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तालग्राम रोड बहबलपुर तिराहा, बाबा की बगिया जाने वाले मार्ग से गौरव पाठक (27) पुत्र दयाशंकर निवासी मोहल्ला काटी टोला, थाना बेवर- मैनपुरी, हर्ष शर्मा (23) पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला काटी टोला डाक खाने के पास, थाना बेवर- मैनपुरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 किलोग्राम नाजायज गांजा और एक अदद मोटर साइकिल (यूपी 84 एल 6360) बरामद की। थाना छिबरामऊ में दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। और विधिक कार्रवाई के उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।


आरोपित गौरव व हर्ष

### अपराधियों पर दर्ज है पहले से कई मुकदमे

**कन्नौज।** गौरव पाठक का आपराधिक इतिहास बेहद गंभीर है। जिसमें आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 11 मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। वहीं हर्ष शर्मा के विरुद्ध दो मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें हालिया एनडीपीएस एक्ट का मामला भी शामिल है।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर गांव के ही लोगों ने महिला से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम झूसी नागर निवासिनी रेनू देवी पत्नी श्याम सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 16 जुलाई की शाम करीब 6.30 बजे उसके गांव के ही साधु पुत्र रामनाथ, दीपू पुत्र साधू ने रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दिलाने के लिए एफएएम ट्रिप का शुभारंभ

**▸ प्रतिनिधिमंडल ने इत्र नगरी के प्रमुख स्थानों का किया भ्रमण**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से एफएएम ट्रिप (फेमिलियाराइजेशन ट्रिप) कन्नौज के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसका उद्देश्य कन्नौज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक धरोहर को देश और दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करना है। इस प्रतिनिधिमंडल में देशभर से आए टूर ऑपरेटर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े अन्य विशेषज्ञ शामिल हुए।

### भ्रमण किए गए प्रमुख स्थल

आनंद भवन पैलेस तिर्वा, एफ.एफ.डी.सी. सेंटर, पुरातात्विक संग्रहालय, बाबा गौरी शंकर मंदिर, 52 खंभा मजार, बड़ा बाजार एवं परफ्यूम शॉपिंग एरिया का भ्रमण किया।

मंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल स्थलों का भ्रमण नहीं, बल्कि कन्नौज की बहुआयामी संस्कृति, विश्वविख्यात इत्र उद्योग, और समृद्ध ऐतिहासिक धरोहरों को एक व्यापक मंच पर लाने का प्रयास है। यह प्रयास स्थानीय पर्यटन को गति देगा तथा आर्थिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। यात्रा का समन्वय एफएएम ट्रिप के सफल आयोजन हेतु जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सचिव व पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ. मोहम्मद मकबूल एवं मुख्यमंत्री फेलो नमन दुआ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर निदेशक पर्यटन एवं प्रबंध निदेशक, यूपीएसटीडीसी ईशा प्रिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी रहे।

# फूड पॉइजनिंग से बच्ची की मौत, तीन बच्चों की हालत गंभीर, लोहिया रेफर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

फूड पॉइजनिंग से एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसी परिवार के तीन अन्य बच्चों की हालत बिगड़ गयी। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां से उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज के ग्राम ग्राम लखनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत गांव की छात्रा रीता उम्र 11 वर्षीय पुत्री रामसिंह ने बताया कि बीती रात उसकी मां मनिका देवी ने सोयाबीन की सब्जी व नमक के पराठे बनाये थे। जैसे ही मैं व मेरी बहन गीता उम्र 12 वर्ष, बहन सुनीता उम 10 वर्ष, भाई अंशुल उम्र 6 वर्ष ने उपरोक्त सब्जी व नमक के पराठे खाये। सुबह होने पर बहन सुनीता व अन्य सभी की हालत बिगड़ गयी।



सीएचसी में भर्ती फूड पॉइजनिंग के शिकार बच्चे

जिस पर गांव के ही प्रधान जो कि झोलाछाप छाप भी हैं, को दिखाया। उन्होंने सुनीता को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य बच्चों को उल्टी दस्त शुरु हो गये। घटना की सूचना 108 एम्बुलेन्स को दी गयी। मौके पर पहुंचे एम्बुलेन्स ई0एमटी सुनील कुमार, पायलट शाकिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। वहीं माँ मनिका देवी व पिता रामसिंह ने बताया की बच्चियों ने गॉव के प्राथमिक विद्यालय व उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ती हैं। बीते दिन स्कूल में जाकर मिड-डे-मील में बनी तहरी खा ली। जब हमारे बच्चे घर पर आये, तभी उनको उल्टी दस्त शुरु हो गये। हमने बेटी सुनीता को नीबू का घोल बनाकर पिला दिया। सुबह होने पर बेटी सुनीता की मौत हो गई। घटना की सूचता पाते ही उपजिलाधिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह, तहसीलदार विक्रम सिंह, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल विजय कुमार, सिपाही आशीष ने पहुँचकर जॉच पड़तात कीष। उधर सूचना पाते ही डिप्टी सीएमओ रजन गौतम डा0 विपिन को साथ लेकर मृतका सुनीता के घर पहुँचे तथा खाद्य सुरक्षा आयुक्त अजीत सिंह, खाद्य अक्षय प्रधान ने तहरी, आटा, सरसों के तेल, चाय का नमूना भरवाया। मृतका का पिता राम सिंह जौरा स्थित ईंट भट्टे पर नौकरी करता है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घर में परिजनों से जानकारी करते एसडीएम

### विद्यालय की इंचार्ज ने बताया 69 लोगों ने खायी तहरी, अन्य की क्यों नहीं बिगड़ी हालत

प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज प्रगति कटियार ने बताया कि पीड़ित परिवार द्वारा मि-डे-मील को दोष देना गलत है। उन्होंने बताया कि स्कूल में बनी तहरी को तो 69 बच्चों और अध्यापकों ने भी खाया था। उन्होंने बताया कि मृतका सुनीता और उसका भाई गुलशन पिछले तीन दिनों से तो स्कूल ही नहीं आ रहे हैं, जबकि उनका भाई अंशुल बुधवार को स्कूल आया था। वहीं स्कूल के अन्य बच्चों ने भी तहरी खाना और किसी की हालत न बिगड़ना बताया। वहीं एसडीएम रवेंद्र सिंह ने भी कहा कि मिड-डे-मील खाने से बच्चों की हालत नहीं बिगड़ी है।

### गांव में मेडिकल कैंप लगाकर वितरित की गयीं दवायें



ग्रामीणों को दवायें वितरित करते चिकित्सक

लखनपुर गांव में फूड प्वाइजनिंग की घटना होने के बाद डाक्टर विपिन कुमार ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ गांव में कैंप लगाया और ग्रामीणों को डायरिया व बुखार की दवाओं का वितरण किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मौसम बदल रहा है। ऐसे में विशेष ऐतियात बरतने की जरुरत है। ठंडी चीजों से परहेज करें, अन्यथा खांसी, जुकाम, बुखार जल्द गिरफ्तार में ले सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को सलाह भी दी।

# बाढ़ आपदा से निपटने को लेकर प्रशासन तैयार, एनडीआरएफ टीम ने दिया प्रशिक्षण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर गुरुवार को तहसील सभागार में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की छह सदस्यीय टीम ने इस मौके पर अधिकारियों, कानूनगो और लेखपालों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए।

एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व कर रहे एसआई आनंद कुमार ने बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में उपयोग आने वाले घरेलू संसाधनों की जानकारी दी। टीम ने बताया कि किस प्रकार राफ्टिंग, रस्सी, सूखे नारियल, खाली प्लास्टिक की बोतलें और लकड़ियों के गट्ठर जैसी वस्तुओं से लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा सकता है। आपात स्थिति में स्ट्रेचर के अभाव में स्थानीय संसाधनों से घायलों को ले जाने की विधियां भी प्रदर्शित की गईं। इसके अलावा (सीपीआर) सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार के सरल व प्रभावी तरीके भी सिखाए गए। प्रशिक्षण के दौरान एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें लेखपालों और अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन लेखपाल आशीष ने किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, प्रभारी तहसीलदार अभिषेक सिंह, कानूनगो और क्षेत्रीय राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे। एनडीआरएफ की इस पहल को प्रशासन और ग्रामीणों द्वारा सराहा गया। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण न केवल आपदा के समय तत्परता बढ़ाते हैं, बल्कि कर्मचारियों को मानसिक और तकनीकी रूप से तैयार भी करते हैं।



प्रशिक्षण देती एनडीआरएफ की टीम

### गैंगेस्टर के मामले में दो आरोपियों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने सूरजपाल उर्फ डावला पुत्र हृदयराम बाथम, राजेश उर्फ राजू पुत्र विजेंद्र निवासीगण उलियापुर कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 जुलाई की तिथि नियत है। बीते 22 वर्षो पूर्व प्रभारी निरीक्षक नर सिंह पाल मय हमराही सरकारी गाड़ी ड्राइवर के क्षेत्र में गस्त के दौरान समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत सूरजपाल, रामबहादुर, राजेश के विरुद्ध कोतवाली कायमगंज में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने सूरजपाल, राजेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 जुलाई की तिथि नियत है।

# युवक को बुलाकर गायब करने का आरोप

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



▸ परिजनों ने हत्या करने की जतायी आशंका

थाने के बाहर रोते बिलखते परिजन तथा इन्सेट में युवक का फोटो

राजेपुर थाना क्षेत्र से एक युवक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया, लेकिन लापता नहीं, ये पूरा मामला हत्या और साजिश का है। परिजनों ने जिन युवकों पर हत्या और शव गायब करने का आरोप लगाया है उनकी गिरफ्तारी तो दूर, राजेपुर पुलिस ने मामले की गुमशुदगी दर्ज करने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

पीड़ित महिला अनूरा देवी पत्नी स्व0 मातादीन निवासी जमापुर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका बेटा रितेश पाल 15 जुलाई की रात लगभग 8:30 बजे फर्रुखाबाद में दुकान पर बैठा था। उसी समय पिंकू पुत्र रंगीले निवासी बदनपुर वहां पहुंचा और उसे बहाने से अपने गांव चलने को कहा। रितेश पिंकू को मोटरसाइकिल से लेकर रवाना हो गया। इसके बाद से रितेश का कोई सुराग नहीं है। रात भर इंतजार के बाद परिजनों ने रितेश के मोबाइल पर कई बार कॉल किया, लेकिन फोन नहीं उठा। बाद में रितेश के मित्र अभय ने बताया कि रितेश ने खुद फोन कर जानकारी दी थी कि पिंकू, प्रांजल पुत्र विनोद, कल्लू पुत्र लुखद्दू और एक अज्ञात युवक मिलकर उसकी बुरी तरह पिटाई कर रहे हैं।

सूचना मिलने के बाद परिजन तुरंत बदनपुर पहुंचे, लेकिन वहां न तो रितेश मिला न मोटरसाइकिल न ही कोई सुराग। मोबाइल भी तब से बंद है। परिजनों को पक्की आशंका है कि इन लोगों ने रितेश की हत्या कर दी है और शव को ठिकाने लगा दिया है, लेकिन हैरानी और शर्म की बात ये है कि जब पीड़िता थाने पहुंची तो राजेपुर पुलिस ने मामले को गुमशुदगी बताकर टरका दिया। हत्या की स्पष्ट सूचना और संदेह के बावजूद न कोई एफआईआर दर्ज हुई न कोई पूछताछ न ही कोई दबिश, क्या जनपद की पुलिस अब तब हरकत में आएगी जब किसी नाले या खेत से रितेश की लाश बरामद होगी। पीड़िता अनूरा देवी ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि राजेपुर पुलिस की इस घोर लापरवाही की जांच हो, नामजद आरोपियों पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

## खबरें एक नजर में

### आत्महत्या के मामले में सांसद प्रतिनिधि व सिपाही गये जेल



पुलिस हिरासत में सांसद प्रतिनिधि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मऊदरवाजा थाना पुलिस ने युवक दिलीप द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में सांसद प्रतिनिधि एवं दीवान व सिपाही को जेल भेज दिया है। मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि मुकदमे के आरोपी दीपान महेश उपाध्याय, सिपाही जसवंत एवं सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मालूम हो कि थाना मऊदरवाजा के ग्राम छेदानगला निवासी राम रहीश राजपूत के युवा पुत्र दिलीप राजपूत ने बीते दिनों घर में पुलिस पिटाई से क्षुब्ध होकर आत्महत्या कर ली थी। राम रहीश ने इस मामले में दीवान महेश उपाध्याय, सिपाही जसवंत सिंह, दिलीप के ससुर बनवारी लाल एवं उनकी मदद करने वाला जहानगंज के ग्राम आलूपुर निवासी रजनेश राजपूत के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### मारपीट व फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छह को पकड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव मिल्किया पहाड़पुर में विवाद तथा फायरिंग होने की सूचना थाना पुलिस को दी गई। ग्रामीणों के द्वारा दी गई सूचना पर थाने के एसएसआई राम सिंह, कार्यवाहक थाना अध्यक्ष तुरंमत घटनास्थल के लिए रवाना हुए। जहां पता चला की जमीन के विवाद में दोनों तरफसे लाठी-डंडे चल रहे थे। भारी पुलिस बल देख लोग मौके से भागने लगे, लेकिन तब तक थाना पुलिस ने घेराबंदी करके छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें छह लोगों का थाने पर लाकर मारपीट, झगड़ा तथा शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष राम सिंह, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार तथा सभी कांस्टेबिल, हमराह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

### सीवरेज लाइन बिछाये जाने के कारण सड़क का रुका निर्माण कार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद स्थित चौमुखे महादेव जाने वाले मार्ग की स्थिति दयनीय पर समाचार पत्र समृद्धि न्यूज में प्रकाशित की गयी खबर पर संज्ञान लेते हुए चेयरमैन जोया शाह फारूकी के अथक प्रयास से 15वें वित्त आयोग द्वारा प्राचीन चौमुखे महादेव मन्दिर का रोड पास हुआ था तथा निर्माण कार्य प्रगति पर था, लेकिन कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद के पत्र संख्या-960/डब्लू-9/04 दिनांक 04.06.2025 को पत्र प्राप्त हुआ। एसबीएम 02 कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत शमसाबाद सीवरेज योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित सीवर लाईन के एलाइनमेंट में आने वाली सड़कों का निर्माण न कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुये। इस कारण चौमुखे महादेव मन्दिर का मार्ग निर्माणाधीन है। सीवरेज लाईन बिछाये जाने के कारण निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

### हरियाणा की घटना को लेकर वाल्मीकि समाज ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय वाल्मीकि समाज चेतना मंच ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर हरियाणा की घटना को लेकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि हरियाणा के हिसार में क्वार्टर एरिया में वाल्मीकि समुदाय के नाबालिग नव युवक के साथ पुलिस ने नशे में चूर होकर जन्मदिन के दिन बर्बरता पूर्वक स्पीकर बंद कराकर हत्या कर दी। सरकार जनता की रक्षा के लिए नियुक्त है। पुलिस द्वारा दुरुपयोग किये गये बल व बेबजह नाबालिक की हत्या की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाये। संगठन मांग करता है कि इस घटना की जांच सीबीआई को सौंपी जाये। वहीं दूसरे ज्ञापन थानाध्यक्ष को देकर ग्राम कान्हेपुर मोहम्मदाबाद की घटना में सुरक्षा की गुहार लगायी गई है। मोहम्मदाबाद के कान्हेपुर में पीड़ित वाल्मीकि परिवार ने भी सुरक्षा की गुहार लगायी है। इस मौके पर रवि कुमार, राजेश कुमार, विष्णु लाल, निर्मल कुमार, राहुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ई-केवाईसी के मामले में ब्लाक फिसड्डी डीपीओ ने कार्यकत्रियों को लगायी फटकार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ई-केवाईसी करने के मामले में ब्लॉक फिसड्डी पाए जाने पर डीपीओ ने कर्मचारियों के साथ बैठक कर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को फटकार लगायी।जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय के सभागार परिसर में गुरुवार को जिले के डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव ने विकास खंड के कर्मचारियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक बुलाई। जिसमें पोषण ट्रैकर एप पर लाभार्थियों की ई-केवाईसी व फेस कैप्चरिंग, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना तथा संभव अभियान के तहत चलाई गई योजनाओं में विकास खंड का स्तर गिरता देख डीपीओ ने कर्मचारियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक बुलाई। जिसमें कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की शिकायतें भी सामने आईं। कुतुबुद्दीन केंद्र पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण वितरण बनाकर सहायता के लिए घर में पोषण वितरण किया जाता है, जिसमें आधा अधूरा राशन लाभार्थियों को दिया जाता है। इस बात की शिकायत ग्रामवासियों ने की। जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्रवाई करने की बात कही। वहीं उमरपुर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री को भी कड़ी फटकार लगाते हुए सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय को निर्देशित किया कि वह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नोटिस जारी करें। वही चांदपुर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नोटिस देकर सेवा समाप्ति करने की बात कही।

इस मौके पर डीपीओ सुनील श्रीवास्तव, फॉलोअर इंदल बाबू, सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय, डीसी धर्मेंद्र कुमार, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह व समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।



कार्यकत्रियों की बैठक लेते डीपीओ तथा मौजूद सीडीपीओ

# किशोरी के साथ छेड़छाड़ के मामले में चार को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार सिंह ने रवी पुत्र कल्लू, आनंद पुत्र सुन्दर, पंकज पुत्र पप्पी लाल, सोनू पुत्र बहादुर निवासी अंगूरीबाग कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन-तीन वर्ष का कारावास व चार-चार हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते सात वर्षो पूर्व पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था कि मैं क्लास 10 की छात्रा हूँ। मैं जब स्कूल जाती हूँ, तो रवी, आनन्द, पंकज, सोनू जो कि आवारा किस्म के लड़के हैं। आए दिन यह लोग मेरे साथ छेड़छाड़ करते रहते है तथा गंदी-गंदी हरकतें करते हैं। लगभग दो माह पूर्व उपरोक्त लोगों ने मेरे साथ मेरे कपड़ों में हाथ डाल दिया। मेरे चीखने पर मोहल्ले वाले आ गए। उन्होंने मुझे बचाया है। आरोपियों से माफी मांगी थी उसके बाद स्कूल जाना बंद कर दिया था। अब परीक्षाएं चल रही हैं परीक्षा देने स्कूल जाना पड़ता है। उक्त आरोपी मुझे रास्ते में परेशान करते है। गलत जगह छूने का प्रयास करते है। पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने रवी, आनन्द, पंकज, सोनू को तीन-तीन वर्ष का कारावास व चार-चार हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### विद्युत अधिकारियों ने मैंगा कैंप लगाकर चार लाख की वसूली की



मेगा कैंप में मौजूद ग्रामीण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में विद्युत उप केंद्र पर एसडीओ ने कर्मचारियों के साथ मेगा कैंप लगाकर लाखों रुपए की राजस्व की वसूली की। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद रोड पर बने 3311 केवीए विद्युत उपकेंद्र पर आज एसडीओ नवाबगंज धर्मेंद्र कुमार वर्मा तथा जेई नईम अख्तर तथा जेई अब्दुल मजीद तथा अन्य कर्मचारियों के साथ उच्च अधिकारियों के निर्देशन में मेगा कैंप लगाया गया। जिसमें राजस्व वसूली, कनेक्शन विच्छेदन, नवीन कनेक्शन तथा विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं को निपटने के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मेगा कैंप आयोजन में एसडीओ नवाबगंज में कर्मचारियों के साथ लगभग चार लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई तथा दूर दराज से आए ग्रामीणों की समस्याओं को निस्तारित किया गया। इस मौके पर एसडीओ नवाबगंज धर्मेंद्र कुमार वर्मा, जेई नईम अख्तर, जेई अब्दुल मजीद तथा विद्युत विभाग के समस्त अकाउंटेंट लिपिक तथा टीजी२ गोपाल मिश्रा, लाइनमैन प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, विकास यादव, अनिरुद्ध कुमार, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।

# सा इंडस्ट्रीज टायर प्लांट में लगी आग, लगभग 60 से 65 लाख का नुकसान

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

टायर प्लांट में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग को फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुझा पाया। घटना की जानकारी पर पहुंची डायल 112 ने चौकी मदनपुर के इंचार्ज रमेश सिंह तथा कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला को सूचना दी। जिस पर कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बताते हैं कि पास में ही एफसीआई गोदाम बना हुआ है। जिसमें लाखों टन अनाज रहता है। वह भी चपेट में आ सकता था। थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र धीरपुर में बीती रात्रि लगभग 10:30 बजे सा इंडस्ट्रीज टायर प्लांट की मशीन में बरसात का पानी चले जाने से शॉर्टसर्किट हुआ। जिससे देखते ही देखते भीषण आग लग गई। आनन-फानन मे फैक्ट्री में कार्य कर रहे 8 मजदूर में से 7 मजदूर बाहर भाग गए तथा जनपद एटा के सराय अगहत निवासी मूलचंद का 25 वर्षीय पुत्र शिव कुमार उसी में रह गया। जब तक वह वहां से निकला तब तक आग ने भीषण रूप धारण कर लिया था। आग की चपेट में आने के बाद शिव कुमार झुलस गया। जिसे कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने डायल 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भिजवाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सनी मिश्रा ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया। सा इंडस्ट्रीज टायर प्लांट के मालिक अरविंद पांडे ने बताया कि प्लांट की 75 प्रतिशत मशीनरी जल गई हैं। आग लगने से प्लांट में मौजूद लगभग 22000 हजार लीटर ऑयल, कंट्रोल पैनल, टीएलसी बाईपास, कंप्रेशर, चार बड़ी मोटर, सुलेशन टैंक, गैस टैंक, स्टोरेज टैंक, प्रॉसेसिंग लाइन आदि सामान जल गया है। जिसमें नुकसान की लगभग अनुमानित कीमत 60 से 65 लाख है। वही अरविंद पांडे ने बताया कि प्लांट लगाने वाली कम्पनी एपी मेकेनाइर अहमदाबाद घटना से संबंधित साक्ष्य भेज दिए गये हैं। हो सकता है नुकसान इससे ज्यादा हुआ हो, वह कम्पनी जांच के बाद पुष्टि करेगी।



प्लाट में लगी आग का दृश्य

# राशन उठान के भाड़े को लेकर समूह संगिनी ने ब्लाक मिशन मैनेजर को पीटा

▸ पुलिस ने संगिनी का शांतिभंग में किया चालान, दोनों ओर से दिये गये शिकायती पत्र

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक सभागार में समूह की महिलाओं की एक बैठक के दौरान समूह संगिनी द्वारा राशन उठान के भाड़े को लेकर ब्लाक मिशन मैनेजर से वार्ता की। जिस पर वह भड़क गये और अपशब्दों का प्रयोग लगे। जिससे गुस्सायी महिलाओं ने मैनेजर की चप्पलों से सभागार के अन्दर पिटाई कर दी। जिससे ब्लाक परिसर मे अफरा-तफरी मच गई। घटरा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर समूह संगिनी क्षमा का शान्तिभंग में चालान कर दिया। जहां उन्होने उपजिलाधिकारी कार्यालय से जमानत करवाई। कायमगंज ब्लाक में मिशन मैनेजर के पद पर कार्यरत नरेन्द सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह सहित पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि गुरुवार को वह राशन उठान में लगे समूहों की मीटिग ले रहे थे।

मीटिंग समापन के दौरान विपुल राठौर उर्फ पपला व चार अज्ञात लोग गैंग के साथ आए तथा मुझे जातिसूचक गाली देते हुए मारने पीटने लगे और गैंग के साथ मुझे मीटिग हॉल मे गिराकर मारा व घसीटते हुए बाहर लाये तथा मुझे जान से मारने की धमकी दी। मैंने जिसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मारपीट के दौरान का वीडियो मेरे पास है। वहीं दूसरी ओर से क्षमा गंगवार पुत्री रमेश चन्द गंगवार निवासी नरैनामऊ थाना कायमगंज ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि दोपहर समय 3 बजे बैठक के दौरान ब्लाक मिशन मैनेजर नरेन्द्र सिंह ने मुझसे अश्लील टिप्पणियां करने लगे और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। जिसका विरोध करने पर ब्लाक मिशन मैनेजर कहने लगा कि मुझे मालूम है कि तू कितनी शरीफ है। जिसकी शिकायत करने पर कोतवाली में करने पर पुलिस ने समूह की क्षमा व दुर्गा पत्नी रामू निवासी फिजपुरा थाना कायमगंज का शान्तिभंग में चालान कर दिया।



ब्लाक मिशन मैनेजर को पीटती समूह की महिलायें

# डबल डेकर बस से आ रहे पेट्रोल पम्प कर्मी की लाश बस की सीट पर मिली

▸ सूचना पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल, शव का भरा पंचनामा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डबल डेकर बस से घर आ रहे पेट्रोल पम्प कर्मी की लाश सीट पर मिली। उसके सिर पर चोट थी और जीभ भी बाहर निकली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद हरदोई के हरपालपुर नयागाँव निवासी 45 वर्षीय रामवरन यादव पुत्र मुलायम सिंह यादव गुड़गाँव के हीरोहोंडा चौराहे स्थित एक पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन का कार्य करता था। रामवरन की बहन सत्यवती निवासी सितवनपुर नवाबगंज ने बताया कि बीते बुधवार को रात लगभग 9:30 बजे वह डबल डेकर बस से गुड़गांव से फर्रुखाबाद आने के लिए बैठा। सुबह जब बस गुरुवार को 9:30 बजे थाना कादरी गेट के ग्राम सातनपुर मन्दिर के सामने अड्डे पर पहुंची। जिसमे सभी सवारियां उतर गयीं। जब चालक विवेक पुत्र हवलदार व परिचालक चन्दन पुत्र वीर सिंह निवासी भरपुर अलीगंज एटा ने गाड़ी को देखा, तो रामवरन का शव सीट पर पड़ा था। उसके सिर में चोट लगी थी। चालक विवेक ने डायल 112 पर फोन किया। जिसके बाद कार्यवाही थानाध्यक्ष कादरीगेट कामता प्रसाद, आईटीआई चौकी प्रभारी विशेष कुमार, फिल्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची और जाँच पड़ताल की। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल से सम्पर्क किया तो परिजन मौके पर आये। मृतक रामवरन का विवाह नहीं हुआ था। वह तीन भाईयों में दूसरे नम्बर का था। आईटीआई चौकी प्रभारी विशेष कुमार ने बताया कि अभी जाँच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।



मृतक का फाइल फोटो



सातनपुर बस अड्डे पर जांच पड़ताल करती पुलिस

# 29 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापा, तीन विक्रेताओं के लाइसेन्स निलम्बित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी द्वारा कृषकों को सुगमतापूर्वक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु उर्वरक प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापा/जाँच की कार्यवाही करायी गयी।

जिला कृषि अधिकारी जानकारी देते हुए बताया कि सदर तहसील में जिला कृषि अधिकारी एवं आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, अमृतपुर तहसील में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर एवं अपर जिला कृषि अधिकारी तथा कायमगंज तहसील में उप कृषि निदेशक एवं सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा छापे की कार्यवाही की गयी। छापे में उर्वरक के 29 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया एवं उर्वरक के 13 नमूनें गुणवत्ता परीक्षण हेतु ग्रहित किये गये। इनका परीक्षण राज्य स्तरीय प्रयोगशाला से कराया जायेगा एवं परिणांम अमानक प्राप्त होने की दशा में सम्बन्धित विक्रेता का लाइसेन्स समाप्त करते हुए विधिक कार्यवाही भी की जायेगी।

छापे के दौरान प्रतिष्ठान बन्द कर गायब होने वाले विक्रेताओं के लाइसेन्स निलम्बित कर दिये गये है। विक्रेता दुकान बन्द कर बिना किसी



छापेमारी करती टीम

मेसर्स छोटू फर्टिलाइजर्स हथियापुर-निरीक्षण के समय विक्रेता दुकान बन्द कर बिना किसी सूचना के गायब मिले। मेसर्स न्यू मां गायत्री बीज भण्डार अमृतपुर-निरीक्षण के समय सूचना के गायब मिले। मेसर्स हरियाली कृषक सेवा केन्द्र फैजबाग निरीक्षण के समय विक्रेता दुकान बन्द कर बिना किसी सूचना के गायब मिले। जिसके कारण जांच नहीं की जा सकी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि नियमित छापामार कार्यवाही जारी रहेगी। कोई भी विक्रेता मुख्य उर्वरकों के साथ टैगिंग, निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री करनें, किसान को पीओएस मशीन से कृषकों का आधार अंकन करते हुए उनकी इन्तखाव, खसरा खतौनी/जोतवही आदि देखकर उनकी जोत के आधार पर संस्तुत मात्रा से अधिक उर्वरक की बिक्री करते पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। किसानों को अवगत कराया गया कि जनपद में लगातार उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है।

उर्वरक का अनावश्यक भण्डारण न कर संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें।

# चार ओवरलोड वाहन सीज, एक का चालान, 3.19 लाख का जुर्माना



पकड़े गये ट्रक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने राजेपुर तथा मोहम्मदाबाद क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। राजेपुर थाना क्षेत्र में चार ओवरलोड वाहनों को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया तथा उन पर 2.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में यातायात प्रभारी के साथ चेकिंग करते हुए एक ओवरलोडेड डंपर को चालान कर उसे पर 1.09 लाख का जुर्माना तथा 70 हजार रुपये का टैक्स लगाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ संगठन समीक्षा प्रभारी नामित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी इन दिनों फ्रंटल संगठनों की समीक्षा कर निष्क्रिय पदाधिकारियों की छंटनी कर नए लोगों को मौका देने एंव संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने का काम रही है। जानकारी देते हुए सह मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता ने बताया कि जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह ने सैनिक प्रकोष्ठ के विधानसभा बार संगठन समीक्षा हेतु प्रभारी नामित किये है। जिसमें सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रामाधार सिंह यादव को कायमगंज विधानसभा का प्रभारी व बृजेश कुमार राव सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी सैनिक प्रकोष्ठ को अमृतपुर विधानसभा प्रभारी एवं छोटे सिंह यादव सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी सैनिक प्रकोष्ठ को सदर विधानसभा प्रभारी और रामविलास सिंह यादव को भोजपुर विधानसभा का प्रभारी नामित किया है। जो संगठन की समीक्षा एवं पीडीए जन पंचायतों को गति देंगे और अपनी सात दिनों के अंदर जिलाध्यक्ष को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने बताया कि संगठन जनपद में निरंतर कार्य कर रहा है। अब काम करने वाले ही संगठन में पदाधिकारी बनाये जायेंगे।



कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित बच्चे

## राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए अर्पिता व आदित्य का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गायत्री इंटरनेशनल स्कूल निकट गुड़गांव देवी मंदिर से 19 और 20 जुलाई को चौक स्टेडियम में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन दो बच्चे कक्षा 10 की अर्पिता भारद्वाज व कक्षा 8 के आदित्य चतुर्वेदी का चयन हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर दोनों बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चेयरमैन मनोज अग्रवाल व डायरेक्टर देवांश अग्रवाल और प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चे लगातार कराटे में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे है। उन्होंने बच्चों को जीतकर लौटने की बधाई दी। कोच पारस भारद्वाज ने कहा कि सभी के सहयोग से बच्चे आगे बढ़ रहे है। वहीं प्रशिक्षक पुष्कर भारद्वाज के साथ उमंग, पाखी सक्सेना, चेतन सिंह, आदित्य चतुर्वेदी, कृष्णा गुप्ता, आराध्या दीक्षित, वेदांत रस्तोगी, ईशानवी मिश्रा, अभियान मिश्र आदि प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत व जिला प्रचारक मानवेन्द्र सिंह, प्रबंधक संजीव चौहान, मनोज श्रीवास्तव, सुशील एवं प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम का परिचय कृष्ण कुमार कटियार ने कराया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने कहा कि देश की तरक्की के लिए शिक्षा एक ऐसा मार्ग है जिससे हम देश को आगे की ओर ले जाते है। जो देश अपनी संस्कृत को भूल जाता है वो देश विश्व पटल से मिट जाता है, रोम इसका जीता जगता उदाहरण है। जो विश्व पटल से गायब हो गया। अतः जिसकी शिक्षा नहीं होती उस देश का विनाश निश्चित है। विद्या भारती ने बच्चों में चुनाव कराकर सांसद बनने का सफर तय कर प्रधानमंत्री बनते हैं, जो लोकतंत्र को मजबूत करने का काम करते हैं। यह विद्या भारती के विद्यालय में होते है जिससे हम आगे बढ़ कर देश का नेतृत्व कर सकें। सांसद मुकेश राजपूत ने विद्यालय के सांसदों का शपथ ग्रहण कराया व मानवेंद्र ने प्रधानमंत्री रुद्र सारस्वत व उपप्रधानमंत्री शौर्य शुक्ला, आशुतोष अवस्थी को बौद्धिक प्रमुख, आकाश तिवारी न्यायाधीश को शपथ दिलाई। सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा तक एक ही तरह के लक्ष्य कि समाज में विकास हो कोई भी समस्या हो वो मिलकर उनका निदान करना चाहिए, कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, होते है जो भी कार्य दिया जाए, उसे मनन, चिंतन कर आगे बढ़ना चाहिए। जिला प्रचारक मानवेंद्र सिंह ने बताया की नेतृत्व, कृतत्व की भावना से करना चाहिए।





विद्यार्थियों को शपथ दिलाते सांसद

वीरेश परमार ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर प्रदीप अवस्थी, प्रदीप शर्मा, प्रदीप कुमार सिंह, रामानंद पांडे, शिवमोहन मिश्र, शिवकुमार यादव, राहुल कुमार, आलोक सिंह, संजीव कुमार, गोविन्द, बृजपाल सिंह, रजनीश मिश्रा, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, आयुष, अरुण कुमार, आर्तिका शुक्ला, सरला, सोनम शुक्ला, रश्मि परिहार, प्रियंका, मंजरी आदि मौजूद रहे।

# रेलवे रोड पर लग रहे बिजली ट्रांसफार्मर को व्यापारियों ने रोका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे रोड पर सिल्वर साइन टॉकीज के बाहर बिजली विभाग द्वारा एक ट्रांसफार्मर स्थानांतरित किया जा रहा था। जिसको लेकर युवा व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव ने ट्रांसफार्मर लगने से रोका और जेई से वार्ता के दौरान नोकझोंक हुई। रेलवे रोड पर सिल्वर साइन टॉकीज के बाहर दीपक अग्रवाल की मोबाइल की दुकान है व घर भी है। ट्रांसफार्मर लगने से घर का रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। दीपक अग्रवाल की मोबाइल की दुकान भी छुप रही थी। जिसकी सूचना वहां के लोगों ने व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव व युवा नगर महामंत्री रोहन कश्यप उर्फराजा को दी। मौके पर व्यापार मंडल की टीम ने पहुंचकर जय अजय बाबू व ठेकेदार से बात की और कहां की पब्लिक की बिना सहमति के ट्रांसफार्मर नहीं लगने दिया जाएगा। जेई ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की बात सुनी। व्यापारी और पब्लिक की सहमति पर ट्रांसफार्मर स्थानांतरण को रोका गया। मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी। बिजली विभाग ने कहा कि सभी की सहमति से ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जा रही है। विकास वर्मा का वहीं पर घर है जो दिव्यांग है। निकलने की दिक्कर बनी रहती है। सभी ने कहा कि बिजली विभाग को लोड बढ़ाना है तो उसी जगह एक ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करें।



जेई से वार्ता करते व्यापारी नेता

# सपा का प्रतिनिधि मण्डल पहुंचा नगला छेदा



पीड़ित पिता को सांत्वना देता सपा का प्रतिनिधि मण्डल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विगत दिनों थाना मऊदरवाजा क्षेत्र अन्तर्गत गांव नगला छेदा निवासी दिलीप राजपूत पुत्र रामरहीश राजपूत ने पुलिसिया उत्पीड़न से तंग आकर अपने पैन्ट पर सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की हकीकत जानने और शोकाकुल परिजनों से मिलने सपा का प्रतिनिधि मण्डल गुरुवार को गांव पहुंचा। जिसमें जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, इलियास मंसूरी, मंदीप यादव, केके यादव, अफजाल अहमद फारुकी, अमित यादव, रामपाल सिंह यादव, शिवशंकर शर्मा, अंकित यादव, अखिल कठेरिया, अकलीम खां, आदित्य यादव ने मृतक के पिता से मिले और घटना की जानकारी ली।

**▸ पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का दिलाया भरोसा**

पिता ने बताया कि पुत्र की मौत से गहरा मानसिक सदमा लगा है। परिवार ने आरोप लगाया कि मृतक की पत्नी से उसका विवाद था और उसी के कहने पर पुलिस ने मारपीट की तथा प्रताड़ित किया था।

सपा के प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि इस दुखद घड़ी में समाजवादी पार्टी पीड़ित के साथ है और न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा, साथ ही प्रतिनिधि मण्डल ने पुलिस अधीक्षक से भेंटकर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह स्वयं इस मामले की निगरानी कर रही है। तीन आरोपियों जेल भेजा जा चुका है।

## कांवड़ यात्रा की तैयारी पूर्ण, 20 जुलाई को पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में होगा जलाभिषेक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के नेतृत्व में 20 जुलाई को विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन हो रहा है। विमलेश मिश्रा ने बताया कि 20 जुलाई रविवार को कांवड़ यात्रा में हिन्दू महासभा के अलावा जय भोले बाबा कमेटी एवं अन्य संगठनों के लोग नगर से महिलायें व आम जन मानस के लोग शामिल हो रहे है। जिसको लेकर सभी को जिम्मेदारियां दी जा चुकी है। संजय मिश्रा को व्यवस्थापक व कांवड़ यात्रा का संयोजक अजय दुबे उर्फ अज्जू बनाये गये है। कांवड़ का शुल्क 251 रुपये है। निर्धन व असहाय लोगों को कांवड़ मात्र 1 रुपये में उपलब्ध करायी जायेगी। कांवड़ यात्रा 20 जुलाई रविवार को प्रात:7 बजे दुर्वासा ऋषि आश्रम से प्रारंभ होगी। उससे पूर्व सभी भक्तगण पहुंचकर गंगा स्नान करें और कांवड़ यात्रा में शामिल हो। दुर्वासा आश्रम से कांवड़ यात्रा शुरु होकर पांचाल घाट पुल से चांदपुर, खानपुर, कादरीगेट, लालगेट, घुमना, चौक, रेलवे रोड होते हुए पाण्डेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेगी। जहां मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जायेगा। महाआरती होगी, प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन होगा। यात्रा को सफल बनाने के लिए लोग तैयारी कर रहे है।



विमलेश मिश्रा

# कर करेत्तर की समीक्षा में कई विभागों की वसूली पायी गई कम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की वसूली लक्ष्य से कम पाई गई।

स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। आबकारी विभाग की वसूली कम पाई गई। परिवहन विभाग का वसूली कम पाई गई। खनन विभाग की वसूली कम पाई गई। मंडी फर्रुखाबाद की वसूली कम पाई गई। विद्युत विभाग की वसूली कम पाई गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, स्टाम्प व निबंधन विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये, जिन विभागों की बसूली कम है वह बढ़ाये। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सी0एम0 डैशबोर्ड के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमें सुधार लायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपजिलाधिकारी अमृतपुर, उपजिलाधिकारी कायमगंज, उपजिलाधिकारी अमृतपुर व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





बैठक लेते डीएम

# शंभूदयाल सक्सेना की सुंदर लोरियां व बाल कवितायें बच्चों को आज भी प्रिय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद में वर्ष 1901 में जन्में कवि शम्भू दयाल सक्सेना ने बच्चों के लिए सुंदर लोरियां और नए-नए विषयों पर बाल कविताएं लिखीं थीं। उनकी पालना लोरी और प्रभाती, फूलों के गीत, नाचो गाओ, आ री निंदिया, रेशम झूला, दुपहरिया, बाल कवितावली आदि पुस्तकें प्रसिद्ध हैं।

समाजसेवी भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने शम्भू दयाल सक्सेना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वह कविता प्रेमी थी और बच्चों से बहुत प्यार करते थे। बाल साहित्य की कवितायें लिखने के साथ-साथ वह फर्रुखाबाद व राजस्थान का महत्व भी दर्शातें थे। आजीविका के सिलसिले में शम्भू दयाल सक्सेना एक बार राजस्थान क्या गए वे वहीं के होकर रह गए। बच्चों के लेखन को समर्पित शम्भू दयाल सक्सेना ने आजीवन बाल साहित्य की सेवा की। इसे देखते हुए उनके नाम पर राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर द्वारा प्रति वर्ष राजस्थान निवासी बाल साहित्यकारों की श्रेष्ठ बाल साहित्यिक कृति के लिए शम्भू दयाल सक्सेना बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह राजस्थान का सर्वाधिक प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार है। 15000 रुपए की राशि का यह पुरस्कार विगत तीन वर्षों में प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ बाल पुस्तक पर दिया जाता है। वर्तमान में चर्चित अनेक बाल साहित्यकारों को यह प्रतिष्ठित बाल पुरस्कार मिल चुका है। शम्भू दयाल सक्सेना के साहित्यिक योगदान को देखते हुए अक्टूबर 2013 में बीकानेर नगर निगम ने बीकानेर के फड़ बाजार में उनके नाम पर एक सड़क का नाम भी शम्भूदयाल सक्सेना मार्ग रखा है। उनके जन्म के ठीक छह दशक बाद उत्तर प्रदेश के इसी फर्रुखाबाद जनपद में जन्में बाल साहित्यकार रजनीकान्त शुक्ल ने भी इसी राजस्थान में बाल साहित्य के क्षेत्र में बड़ा काम किया है। अब पूरे राजस्थान में कक्षा पांच में पढ़ने वाले बच्चे रजनीकान्त शुक्ल की लिखी कहानी राजस्थान के बालवीर पढ़ेंगे।



जानकारी देते भूपेन्द्र प्रताप सिंह

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर द्वारा तैयार की गई और राजस्थान राज्य पाठ्य-पुस्तक मण्डल जयपुर द्वारा प्रकाशित कक्षा पांच की पाठ्य-पुस्तक हिन्दी सुमन भाग-तीन में पांचवें पाठ के रूप में राजस्थान के बालवीर पाठ को अब से समूचे राजस्थान के बच्चे पढ़ेंगे। यह जनपद के समस्त निवासियों के लिए हर्ष का विषय है कि यहां के बजरिया मोहल्ले में जन्मे बाल साहित्यकार को इतने बड़े स्तर पर मान्यता मिली उससे भी बड़ी बात है कि उनकी लिखी कहानियां अपने उद्देश्य को सार्थक करते हुए देश की नयी पीढ़ी में त्याग बलिदान हिम्मत और साहस के भाव भरेंगी। मैथिलीशरण गुप्त, रामधारी सिंह दिनकर और सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के साथ रजनीकान्त शुक्ल के लिखे पाठ को भी बच्चे अपनी पाठ्य-पुस्तक में पढ़ेंगे यह जनपद के लिए अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है। मशहूर शायर साहिर लुधियानवी ने लिखा था कि कल और आएंगे नगमों की खिलती कलियां चुननेवाले, मुझसे बेहतर कहने वाले तुमसे बेहतर सुनने वाले। अगर इस दृष्टिकोण से देखें तो रजनीकान्त शुक्ल की यह उपलब्धि एक कदम बढ़कर है। क्योंकि शम्भू दयाल सक्सेना ने यह शोहरत राजस्थान में जाकर वहां रहकर अर्जित की थी और उनके नाम का पुरस्कार बच्चों के लिए लिखने वाले राजस्थान के साहित्यकारों को दिया जाता है, जबकि बाल साहित्यकार रजनीकान्त शुक्ल का बाल लेखन बच्चों के पाठ्यक्रम के माध्यम से अब सीधे नयी पीढ़ी से साक्षात्कार कर रहा है। उनकी रचनायें देश-विदेश में भी लोकप्रिय हो चुकी है।

## मर्जर के विरोध में 28 जुलाई को डीएम को दिया जायेगा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के बैनर तले राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद कुमार दीक्षित ने जिलाधिकारी को परिषदीय विद्यालयों को मर्जर करने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि संयुक्त संघर्ष संचालन समिति पुरानी पेंशन बहाली अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों को मर्जर करने के विरोध में 28 जुलाई को ज्ञापन सौंपा जायेगा। विद्यालयों की मर्जर/पेयरिंग के विरोध में संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के नेतृत्व में जनपद के सभी शिक्षक संगठन व कर्मचारी मुख्यमंत्री सम्बोधित सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देंगे। यह जानकारी प्रमोद कुमार दीक्षित ने दी है।

# इग्नू की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़ में जून-2025 की सत्रांत परीक्षा जो कि 12 जून से इग्नू अध्ययन केन्द्र पर सम्पन्न हो रही थी। इग्नू अध्ययन केन्द्र के को-ऑर्डिनेटर डॉ0 आरएन सिंह ने बताया कि इग्नू की सत्रांत परीक्षा शांतिपूर्ण, नकलविहीन बातावरण में सम्पन्न करायी जा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए प्रवेश प्रारम्भ कर दिए हैं। ऑन लाइन प्रवेश लेने की तिथि 31 जुलाई 2025 तक विस्तारित कर दी गयी है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑन लाइन अथवा ओडीएल मोड के प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थी घर बैठे और नौकरी के साथ भी पढ़ाई का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है, इग्नू उनके लिए सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों को प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास या समकक्ष होनां आवश्यक है। स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होना आवश्यक है। प्रवेश के लिए अधिकतम उम्र का कोई बंधन नहीं है।

## राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन



खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते जिला क्रीड़ाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राज्य स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। बॉक्सिंग चयन ट्रायल का शुभारम्भ जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार मौजूद रहे। ट्रायल प्रतियोगिता में आयुष चौहान, सिकंदर, सचिन, वैभव प्रताप सिंह, आयुष कुमार श्रीवास्तव, सत्यम, सक्षम यादव, अर्जुन आदि आठ खिलाड़ियों का जिला स्तर पर चयन किया गया। जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। निर्णाय मण्डल की भूमिका प्रमुख रुप से संजीव कटियार ने निभाई।

# अधिक उर्वरक के प्रयोग से बढ़ रही कैंसर जैसी बीमारियां: सांसद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को नव भारत सभा भवन ठण्डी सड़क में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, देवेन्द्र सिंह राठौर तथा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी रहे। उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र ने कार्यक्रम में उपस्थिति समस्त अतिथियों तथा दूरदराज क्षेत्रों से आये कृषकों स्वागत कर विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कृषकों से अपील की कि मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करें, जनपद में मृदा परीक्षण जांच रिपोर्ट से ज्ञात हुआ है कि मृदा में जीवांश कार्बन की मात्रा अत्यधिक कम है। कृषक हरी खाद एवं गोबर की खाद/जैविक खाद का प्रयोग कर मृदा में जीवांश की मात्रा बढायें तभी गुणवत्तापूर्ण तथा अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकेगें। रासायनिक उर्वरकों/कीटनाशकों का प्रयोग मानक के अनुरूप ही करें। अत्यधिक उर्वरकों के प्रयोग से बचे सूचना का सम्प्रेषण कृषक में अति आवश्यक है।

जिला उद्यान अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग में संचालित संरक्षित खेती हेतु पालीहाउस एवं ग्रीनहाउस टिशू कल्चर लैब नर्सरी अपग्रेडेशन आदि पर 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध है एवं साथ ही मिनी कोल्डस्टोरेज, व्यक्तिगत मण्डी स्थापित करने हेतु अनुदान की व्यवस्था है। अपर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने कृषकों को जनपद में संचालित योजनाओं के साथ-साथ नन्दनीय कृषक समृद्धि योजना, मिनी नन्दनी कृषक समृद्धि योजना की जानकारी दी और कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था है। जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा गोष्ठी में उपस्थिति कृषकों को अवगत कराया कि जनपद के कृषक अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करते है जिससे मृदा का स्वास्थ्य एवं फसलों की गुणवत्तायुक्त उपज नहीं ले पाते है। कृषक समय-समय पर अपने मृदा का परीक्षण कराते हुए तकनीकी जानकारी हेतु विभाग द्वारा आयोजित गोष्ठी विजिट में प्रतिभाग करके नई जानकारी भी लेते रहे। डीएम ने कृषकों को बताया कि राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा कृषकों के हितैषी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जनपद में पहलीवार मक्का एवं मूगफली की सरकारी खरीद की जा रही हैं। जनपद में पीएम किसान सम्मान निधि के 2.5 लाख लाभार्थी कृषक है, जिन्हे भारत सरकार द्वारा वर्ष में 2 हजार रुपये की तीन किस्ते उपलब्ध करायी जाती है। किसान आगे बढ़कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें। अपनी आय बढाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार नवीनतम् कृषि तकनीक का प्रयोग करें। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि किसानों द्वारा आवश्यकता से अधिक उर्वरकों का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे मृदा स्वास्थ्य खराब हो रही है तथा अनाज खाने से लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियां कैंसर आदि बढ रही है। प्राकृतिक कृषि पद्धति से बिना रासायनिक खाद एवं रासायनिक दवा के अनाज पैदा करके देखे तथा उत्पादन अच्छा होने पर ज्यादा क्षेत्र में भी इसे अपनाएं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन से संचालित नलों के पानी का प्रयोग करें, इससे पानी से फैलने वाली बीमारियों को रोकने में सहायता मिलेगी। इस दौरान सांसद, डीएम ने कृषकों को जैविक कीटनाशी किट तथा रागी, वाजरा, तिल के मिनीकिट एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने तकनीकी संत्र में उन्नतिशील खेती में किये जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। इस दौरान उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह, पर्यावरण विधि गुंजा जैन, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सतीश कुमार, सिंह जिला प्रबन्धक यूपी डास्प डा0 सत्येन्द्र, जिला उद्यान अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, अपर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, बैंक आफ इण्डिया, सहायक अभियन्ता सिंचाई/नलकूप, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अभिमन्यु एवं अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहे।





कृषक को जैविक कीटनाशी किट देते सांसद व डीएम

# अदवा नदी के पुल के ऊपर से पानी बहने से आवागमन बाधित

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

हलिया क्षेत्र में बुधवार कि शाम से ही हो रही झमाझम बारिश से अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने पर अदवा बांध के गेट खोलकर अदवा नदी में पानी छोड़े जाने से अदवा नदी का भी जलस्तर बढ़ गया। अदवा नदी का जलस्तर बढ़ने से अदवा नदी पर बने पुल के ऊपर से पानी चलने के कारण हलिया से हथेड़ा व हथेड़ा से हलिया आने जाने वाले लोगो का आवागमन बाधित हो गया है जिससे लोगो को तीन किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाने के बाद हलिया बाजार व हथेड़ा गांव में पहुंच रहे है। थाने पर फरियाद लेकर आने वाले फरियादियों को भी अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को भी थाने



पर पहुंचने के लिए भटवारी होकर सिंचाई विभाग के पुल से होकर जाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं अदवा नदी का पानी विजय व अजय के घर में घुस गया है।

## क्षेत्र में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बंद

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र में भारी बारिश के कारण आम जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। ज्ञात हो कि यह क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र है थोड़ी सी बरसात से नदी नालों में उफ़ान आ जाता है और नदियां खतरनाक हो जाती हैं। ड्रमडगंज से हलिया से जोड़ने वाला पुल तक पानी भर गया है आवागमन रुक गया है। बाजार के चौराहे पर नई पुलिया बनने के बाद जल की निकासी का कोई रास्ता होने के ना कारण चौराहे पर जल जमाव हो गया है। लोगों के घरों में पानी घुस गया है। देवघाट रोड ड्रमण्डगंज नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर तक जल जमाव है। बगल में नाला होने के कारण बदबूदार गंदगी युक्त पानी भरा हुआ है। स्थानीय कंपोजिट प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में 1 से 2 फुट पानी भरा हुआ है। क्षेत्र की सभी नदियां नाले उफ़ान पर हैं आना जाना बंद हो गया है।



## हलिया लालगंज मार्ग पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित

हलिया (मिर्जापुर)। हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा व गढ़वा गांव में गुरुवार को शीशम का पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दोनों पेड़ो को कटवाकर आवागमन शुरू कराया है। बारिश के दौरान सबसे पहले बसुहरा गांव में एक शीशम का पेड़ मार्ग पर गिर पड़ा जिससे आवागमन बाधित हो गया दूसरा पेड़ गढ़वा गांव में सड़क पर विद्युत तार व पोल को तोड़ते हुए गिर गया। जिससे सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया सूचना मिलने पर रेंजर हलिया के निर्देश पर पहुँचे वन दरोगा सन्नी सिंह व वन्यजीव रक्षक संदीप कुमार ने सड़क पर गिरे दोनों पेड़ो को कटवाकर सड़क से हटवाते हुए आवागमन को शुरू कराया है। इस संबंध में रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्र ने बताया की हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा व गढ़वा गांव में सड़क पर दो शीशम के पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया है।



## बारिश से कच्चा मकान गिरा, गृहस्थी का सामान व खाद्यान सामग्री नष्ट

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह गांव में गुरुवार की शाम अत्यधिक बारिश होने से कच्चा मकान भरभरा कर गिर पड़ा जिससे घर के अंदर रखा गृहस्थी व खाद्यान सामग्री दबकर नष्ट हो गया। पीड़ित ने दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति के लिए राजस्व लेखपाल को सूचना दे दिया है। थाना क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह गांव निवासी सोनवा पत्नी रमेश का कच्चा मकान बारिश होने से गिर पड़ा जिससे घर के अंदर रखा खाद्यान सामग्री व गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया। पीड़ित महिला ने दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति के लिए घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दिया है। जिससे पीड़ित महिला को क्षतिपूर्ति दिलाई जा सके गांव निवासी विजय सिंह ने बताया की बारिश के कारण कच्चा मकान गिर गया जिससे मकान के अंदर रखा खाद्यान सामग्री दबकर नष्ट हो गई।



## तीन दिन से बैंक का सर्वर फेल, खाताधारक परेशान

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के बरी गांव स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा हलिया का तीन दिनों से सर्वर फेल होने के कारण लेने देन ठप है। इससे दूर दराज से आने वाले खाताधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धान की रोपाई के समय बड़ी संख्या में खाद बीज दवा के लिए किसान रुपये निकालने के लिए बैंक पहुंच रहे हैं। 30 से 40 किलोमीटर की दूरी तय कर बैंक आने वाले किसानों को सर्वर में गड़बड़ी की वजह से निराश लौटना पड़ रहा है। मधोर गांव निवासी बैजनाथ का कहना है कि इस समय फ़सलों के बुआई का समय चल रहा है। पैसे के लिए तीन दिन से बैंक के चक्कर काट रहे हैं। मवई खुर्द निवासी श्याम बहादुर सिंह का कहना है कि सर्वर फेल होने के कारण बच्चों की फ़ीस नहीं जमा कर पा रहे। मतवार के फूलचंद ने बताया कि तीन दिन में 600 रुपये खर्च कर बैंक के चक्कर काटने को मजबूर है।

## खबरें एक नजर में

### अभाब्रा महासभा ने रामदरबार के समर्थन में डीएम को दिया ज्ञापन



पूरनपुर/पीलीभीत, समृद्धि न्यूज। पूरनपुर के कुछ लोग राजनीतिक विद्धेश के कारण उस चित्र को हटवाने का प्रयास कर रहे हैं जो कि जनभावना के प्रतिकूल है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने एस डी एम द्वारा डीएम के ज्ञापन कहा गया है पूरनपुर नगर पालिका द्वारा कोतवाली गेट के पास रामदरबार का चित्र नगर के सौन्दर्यकरण के कम में लगवाया गया है। जोकि अति प्रशंसनीय कार्य है भगवान राम न केवल हिन्दुओं के अपितु प्रत्येक भारतवासी के आदर्श हैं। भगवान राम के लोक कल्याणकारी शासन को रामराज्य के रूप में याद किया जाता है। सरकार भी रामराज्य को आदर्श मानते हुये उसका अनुसरण करने का प्रयास कर रही है। ऐसे समय में नगर पालिका परिषद, पूरनपुर द्वारा कोतवाली गेट पर लगाया गया रामदरबार का चित्र अति प्रासंगित व सराहनीय है तथा जनमानस सहित प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी प्रेरणादायक है देश के अनेक महानगरों में, विभिन्न निकायों में सरकार द्वारा पेंटिंग इत्यादि के माध्यम से ऐसे चित्र बनवाये गये हैं। ज्ञापन में निवेदन किया गया है रामदरबार का चित्र यथा स्थान लगा रहने दिया जाये ताकि रामराज्य का स्मरण हम सभी को होता रहे। हों आवश्यकतानुसार जनभावना को ध्यान में रखते हुये वहाँ पर सफाई आदि की व्यवस्था का प्रबन्ध अतिआवश्यक है।

### भारी बारिश के चलते ड्रमंडगंज घाटी में हुआ भूस्खलन

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज घाटी का मामला भूस्खलन होने से नेशनल हाईवे पर जगह–जगह पत्थर और मिट्टी का मलबा फैला पहाड़ों का पानी सड़क पर गिरने से सड़क बना नाला सड़क पर मलबा होने के कारण सड़क को किया गया है। वन वे जेसीबी और पोकलेन की मदद से मलबा हटाया जा रहा है। एनएचएआई के सहायक अभियंता अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जल्द हटा लिया जाएगा। मलबा से मिर्जापुर रीवा आने जाने वाले हर दिन हजारों वाहनों को परेशानी हो रही है। बड़का मोड़ घुमान से लेकर बरम बाबा मोड़ के बीच कई जगह भूस्खलन हुआ है।

### महिला से मारपीट, चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी सीता देवी पत्नी कमलेश ने बुधवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव निवासी चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की बुधवार की दोपहर 12 बजे विपक्षी गांव निवासी राजेश मेरे दरवाजे के सामने आम रास्ता को फ़ावड़ा से नष्ट करने लगे तो मैंने मना की जिस पर विपक्षी माँ बहन की भद्दी भद्दी गलियां देते हुए पटक कर मारने लगा। बीच बचाव में पति कमलेश पहुँचे तो लक्ष्मीन, हीरामनी, बृज नारायण आए और लाठी डंडा से मारे पीटे जिससे सिर में चोटे आई जाते समय जान से मारने की धमकी दिए। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया। जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा मेडिकल परीक्षण किया गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला कि तहरीर पर चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में बुनियादी सुविधाएं नदारद

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। विकास खंड फरेंदा में स्थित ग्राम सभा भगवानपुर के प्राथमिक विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। विद्यालय में एक साल पहले बने दिव्यांग शौचालय में दरवाजा व पानी का अभाव है। सेफ्टी टैंक का ढक्कन खुला हुआ है। विद्यालय में स्थापित एकमात्र इंडिया मार्का नल पानी नहीं दे रहा है। वाटर सप्लाई टैंकी लगी है।



लेकिन गांव में बिजली की समस्या होने पर छात्रों को पीने के पानी के लिए कैंपस से बाहर जाना पड़ता है। विद्यालय की बाउंड्री वॉल की रंगाई–पुताई अधूरी स्थिति में है। सड़क की ओर की दिखाने के लिए दीवाल पर रंग दिया गया है। पीछे की दो दीवारें अभी तक बिना रंग के हैं। खेल मैदान में किए गए पौधरोपण की देखभाल नहीं हो रही है। मैदान में हरी और सूखी घास जकड गई है। झाड़ियों की सफाई का साफ सफाई भी लंबित है। खंड शिक्षाधिकारी सुदामा प्रसाद ने बताया कि ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी वाली व्यवस्थाओं में कुछ काम अधूरे हैं। उन्होंने स्थिति में जल्द सुधार का आश्वासन दिया है।

## डॉ. त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल के प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

स्थानीय विकास खंड के अन्तर्गत ग्राम सभा नदौली में संस्कृत के प्रकांड विद्वान डॉ त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल की प्रथम पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ शुक्ल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रोफेसर रमेश चंद्र ओझा ने कहा कि डॉ त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल जीवन भर संस्कृत के लिए कार्य करते रहे। मिर्जापुर की पावन धरती उनकी इस सेवा के लिए सदैव ऋणी रहेगी। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बालेन्दु मणि त्रिपाठी ने कहा कि डॉ त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल का जीवन उच्च पद पर रहते हुए भी सादगी पूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ शुक्ल संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए मिर्जापुर जनपद में संस्कृत को बढ़ावा दिया।

## हाताबेला हरैया में नाली बंद, सड़क जर्जर होने से आवागमन पूरी तरह ठप



समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज। महराजगंज। बृजमनगंज विकास खंड के ग्राम सभा हाताबेला हरैया में स्थिति चिंताजनक हो गई है। टोला आलमचक में काली माता मंदिर से मनोज की दुकान तक का एकमात्र मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। पिछले पांच महीने पहले नाली निर्माण के लिए सड़क खोदी गई थी। अधिकारियों ने सड़क के बीच में नाली तो बना दी। लेकिन सड़क की मरम्मत अभी तक नहीं की गई है। इस कारण पूरा रास्ता टूट चुका है। यह मार्ग टोले का एकमात्र संपर्क रास्ता है। स्थानीय निवासियों को दैनिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश से पहले सड़क की मरम्मत जरूरी थी अभी अधूरी है अधिक बरसात में यह मार्ग पूरी तरह बंद हो सकता है।

## खाद की कालाबाजारी पर नकेल कसने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

जिले में खाद की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग पर रोक लगाने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सख्त कदम उठाया है। इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जिसमें जिले की चारों तहसीलों में सदर, फरेंदा, निचलौल और नौतनवा के उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी और थानाध्यक्ष शामिल हैं। यह विशेष अभियान 31 जुलाई तक चलाया जाएगा।

जिलाधिकारी महराजगंज ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी प्रतिदिन अपने क्षेत्रों में कृषि दुकानों का निरीक्षण करेंगे और यूरिया खाद के स्टॉक, बिक्री दर और वितरण की स्थिति की जांच करेंगे। यदि कहीं अनियमितता या लापरवाही पाई गई तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। खास

**▸ नेपाल सीमा से सटे नौतनवा और निचलौल तहसील क्षेत्रों में बरती जाएगी विशेष सख्ती**

तौर पर नेपाल सीमा से सटे नौतनवा और निचलौल तहसील क्षेत्रों में विशेष सख्ती बरती जाएगी, क्योंकि इन क्षेत्रों में यूरिया की तस्करी की आशंका अधिक रहती है।

निचलौल तहसील के लिए जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि नौतनवा तहसील के लिए उप कृषि निदेशक संजीव कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दोनों नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रतिदिन दुकानों की जांच करें और इसकी विस्तृत रिपोर्ट रोजाना प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना और कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाना है।

इस अभियान के तहत अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि खाद का वितरण पारदर्शी तरीके से हो और किसी भी दुकानदार की ओर से स्टॉक छिपाने या अधिक कीमत वसूलने की शिकायत न मिले। जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में यूरिया खाद की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग पर लगाम लगाने के लिए जिलाधिकारी ने चारों तहसील क्षेत्रों में विशेष टीम बनाई गई है जो अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन कृषि की दुकानों का निरीक्षण करेंगे।

लापरवाही मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश हैं।

## सिलाई की बंद दुकान का ताले तोड़कर कीमती सामान व नगदी गायब करने का मामला पहुंचा सीएम के दरबार

पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।

बिलसंडा कस्बा में दबंगों की दबंगई करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है दबंगों ने थाने से चंद कदमों की दूरी पर बंद दुकान के ताले चटका कर पुलिस प्रशासन को ठेंगा दिखा दिया है कस्बा के मोहल्ला नूरी मस्जिद निवासी मोहम्मद यासीन ने माननीय मुख्यमंत्री दरबार में पहुंचकर नामजद शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि बिलसंडा कस्बा का सबसे व्यस्ततम इलाका मेंन मार्केट में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ठाकुरद्वारा में उनकी पिछले 60 वर्षों से सिलाई की दुकान है पहले दादा परदादा सिलाई का कार्य करते थे उसी दुकान पर मैं भी सिलाई का कार्य कर रहा हूं कुछ दिन पूर्व दबंगों ने दुकान पर आकर धमकाते हुए कहा कि दुकान खाली कर दे या फिर 5 लाख रुपए दे दे नहीं तो तेरी दुकान



**▸ पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक सप्ताह बाद भी नहीं की कोई कार्रवाई**

का सामान निकाल कर जला देंगे उस वक्त भी पीड़ित ने पुलिस से दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई पुलिस ने कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई द्य

यही वजह है कि दबंगों के हौसले बुलंद हो गए बीते शुक्रवार को पीड़ित अपनी दुकान बंद कर नमाज पढ़ने गया था इस दौरान दबंगों ने दिनदहाड़े सरे बाजार सिलाई की बंद दुकान के ताला तोड़कर दुकान में रखा कीमती सामान कपड़े और काउंटर में रखी नगदी निकाल कर शटर में अपना ताला जड़कर रफू चक्कर हो गए जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है दबंगों की दबंगई से नगर में दहशत का माहौल बन गया है इस दौरान पीड़ित ने थाने पहुंच कर नामजद शिकायती पत्र दिया पुलिस ने दिनदहाड़े बंद दुकान के ताला तोड़ने वालों के खिलाफ आज तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है पीड़ित दुकानदार ने मुख्यमंत्री दरबार में पहुंचकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई की है

## भारत-नेपाल सीमा पर बरामद हुई संदिग्ध दवाओं की खेप, तस्करी की आशंका

**▸ निचलौल क्षेत्र के मटरा धमउर कुटी टोला में नहर किनारे मिले चार संदिग्ध बोरे**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र एक बार फिर तस्करी संदेह के दायरे में आ गया है। महराजगंज जनपद के निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत मटरा धमउर कुटी टोला गांव में गुरुवार सुबह नहर के किनारे चार बोरे संदिग्ध हालत में पड़े मिले। जब ग्रामीणों ने इन बोरों को खोला तो टैबलेट, कैप्सूल और सिरप की बड़ी मात्रा उसमें पाई गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी बोरों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि



बरामद दवाओं की प्रारंभिक जांच कराई जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये प्रतिबंधित, नशीली अथवा अवैध दवाएं हैं या नहीं।

हालांकि भारत-नेपाल सीमा पर पहले भी नशीली दवाओं की तस्करी के कई मामले सामने आ चुके हैं, जिससे यह आशंका और भी मजबूत होती है कि यह खेप भी उसी नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है।

## सब्जी लदे वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**मृतक युवक की पहचान, कुशीनगर निवासी के रूप में हुई, चालक फरार**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। भिटौली थाना क्षेत्र के धर्मपुर चौराहे पर एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के हरपुर मझार निवासी पुजारी शर्मा के रूप में हुई है। पुजारी शर्मा अपनी मोटरसाइकिल (UP 56 x 6806) से धर्मपुर चौराहे पर तुलसीपुर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान परतावल की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पुजारी शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक दुर्घटना में शामिल वाहन (UP 56 AT 3859) पर सब्जियां लदी हुई थीं। सूचना मिलते ही भिटौली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

## प्रधान ने अपने परिवार के निजी खातों द्वारा डकार लिए लाखों रुपए

पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।

**जनपद पीलीभीत** के विकासखंड बिलसंडा की ग्राम पंचायत पंडरी मारौरी में लाखों रुपए गबन का आरोप प्रधान के ऊपर लगा है आरोप है कि प्रधान ने कई तरीके से अपने परिवार के खातों में ग्राम निधि के खातों से अपने पुत्र व पौत्रों के खातों में भुगतान लगवाया यह भुगतान नल मरम्मत, मजदूरी ऐसे विभिन्न कामों को दर्शाकर घटना को अंजाम दिया

गांव के शंकर शरन ने जिला अधिकारी से साक्ष्यों के साथ शिकायत की है और गंभीर आरोप लगाए हैं ।

शिकायत में कहां गया है कि विभिन्न फर्मों में अवैध तरीके से सरकारी पैसे




का भुगतान कराया गया है सबसे अधिक भुगतान नल मरम्मत व रीबोर के नाम पर कराया गया है।

अधिकारियों के सुस्त रवैये के कारण गांव के आज भी यह हालात हैं गांव के अधिकतम नल रीवोर ना हो पाने की वजह से पीला पानी दे रहे हैं और कई नल तो वर्षो से खराब पड़े हैं ग्राम पंचायत में लगे नल पानी तो कम लेकिन प्रधान को पैसा निरंतर दे रहे हैं। और तो और सामुदायिक शौचालय केंद्र के बाहर लगा नल भी खराब पड़ा हुआ है। प्रधान व सचिव के बंदर बांट की वजह से सरकारी पैसे का दुरुपयोग निरंतर ग्राम पंचायत पंडरी मारौरी में किया जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि का राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की गई है वह अधिकारियों की मिली भगत से कार्रवाई को मोड़ देता है आज तक रिकवरी के नाम पर इसका एक बाल भी नहीं उखाड़ और सरकारी धन का ऐसे दुरुपयोग किया है जिसका कोई जवाब नहीं। गौशाला की खबर लगने के बाद प्रधान पति ने फोन कर के कहा कि हमारा क्या कर लो गे हमारे ऊपर कई बार कार्रवाई के नाम पर अधिकारी लोग आए और हमें से मिल कर चले गए हमारा आज तक कुछ नहीं बिगड़ा तो तुम्हारी खबरों से क्या बिगड़ेगा।

## ग्राम प्रधान की करंट से मौत, ब्लॉक प्रमुख व प्रधान संगठन ने की आर्थिक मदद



**▸ ब्लॉक परिसर के कृषि विभाग में श्रद्धांजलि एवं शोकसभा कार्यक्रम हुआ संपन्न**

पूरनपुर पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।

ग्राम प्रधान अर्जुन मंडल की बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गई, जिससे उनके परिवार और पूरे क्षेत्र में शोक का मातम छा गया। ग्राम प्रधान संगठन ने उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया और उनके परिवार की आर्थिक मदद के लिए 3 लाख रुपये एकत्रित किए।

इस आर्थिक मदद से स्वर्गीय प्रधान अर्जुन मंडल जी के दो बच्चों की एफडी और उनकी पत्नी को नगद धनराशि दी जाएगी। ग्राम प्रधान संगठन ने आश्वासन दिया है कि उनके परिवार को जो भी सरकारी मदद होगी, वह संगठन भरपूर सहयोग करेगा।

ग्राम प्रधान संगठन का यह प्रयास स्वर्गीय अर्जुन मंडल जी के परिवार के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को दर्शाता है। शोक सभा ग्राम प्रधान संगठन द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्वर्गीय अर्जुन मंडल जी की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह पूरनपुर द्वारा 25 हजार रुपये और प्रधान संगठन द्वारा कुल 3 लाख रुपये आर्थिक मदद हेतु एकत्रित किए गए। संगठन का सहयोग आर्थिक सहयोग अखिल भारतीय प्रधान संगठन, ब्लॉक स्टाफ, और सचिव द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया। भविष्य में मदद संगठन ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में भी उनके परिवार को हर संभव मदद की जाएगी।

## बृजमनगंज में हर घर नल योजना का अधर में लटका काम

**▸ 60 में से 15 गांवों में भी नहीं पहुंचा पानी, मार्च 2024 तक पूरा होना था काम**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।



बृजमनगंज विकास खंड में हर घर नल योजना की स्थित अधर में लटका हुआ है। अगस्त 2020 में शुरू हुई इस योजना को मार्च 2024 तक पूरा होना था। लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से यह योजना रास्ते से भटक गई है क्षेत्र के 60 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन से पानी पहुंचाना था।

वर्तमान में 15 गांवों में भी पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाई है। ठेकेदारों ने कई जगह काम अधूरा छोड़ दिया है। कुछ स्थानों पर केवल पाइप लगाकर छोड़ दिया गया। कुछ जगहों पर टोटी लगाने के बाद काम रुका पड़ा है। 40 से अधिक स्थानों पर ओवरहेड टैंक का निर्माण अभी अधूरा है। ग्राम महुलानी में योजना की स्थिति खराब है। यहां कुछ घरों में पाइपलाइन तो बिछी है। लेकिन न टोटी लगी है और न ही पानी की टंकी बनकर तैयार हुई है।

ग्रामीण रोज टोटियों की जांच करते हैं। पर अभी तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जल निगम के अधिशाषी अभियंता मोहम्मद आतिफ ने बताया कि योजना प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी गांवों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करा दी जाएगी। लेकिन आज सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना धूंल फांक रही है।

## अधिकारियों के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे सचिव, नहीं माना आदेश

पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।

**जनपद पीलीभीत** की विकासखंड बिलसंडा के सचिव प्रदीप कुमार को पंचायत राज अधिकारी पीलीभीत ने कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए प्रदीप कुमार से जवाब मांगा गया और पत्र में कहा गया है कि राम बहोरे पुत्र श्री रामबिलास ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी विकास खण्ड बिलसण्डा द्वारा पुनः आयुक्त महोदय बरेली मण्डल बरेली के समक्ष दिनांक 17.06.2025 को तथा अधोहस्ताक्षरी दिनांक 27.06.2025 को शपथ पत्र युक्त शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि आप एवं ग्राम प्रधान द्वारा पंडरी मरौरी विलैया में राजीव के मकान से लल्लू के मकान तक तथा सीमा के मकान से राजकुमार के मकान तक कार्य कराकर बजट ठिकाने लगा दिया गया है परन्तु स्वास्थ्य उपकेन्द्र के समीप की जिन गलियों में इण्टरलॉकिग करायी गयी है उसकी किसी भी साईड में नाली निर्माण नहीं कराया गया है जिससे पानी स्वास्थ्य उपकेन्द्र के गली व गेट पर आता है। जिससे स्पष्ट होता है कि आप द्वारा स्वास्थ्य उपकेन्द्र की गली में इण्टरलॉकिग व नाली निमार्ण कार्य न कराकर शासन के दिशा निर्देशों एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। आपका उक्त कृत्य उ0प्र0 सरकारी सेवक आचरण सेवा नियमावली-1956 एवं उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के विपरीत है। क्यों न उक्त कृत्य के लिये आपके विरुद्ध उक्त नियमावली के अन्तर्गत विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही कर दी जाये। सचिव को कारण बताओं नोटिस मिलने के बाद भी व 15 दिन व्यतीत हो जाने के बाद आज भी सचिव द्वारा समस्या का निराकरण नहीं कराया गया आपको बता दें सचिव व प्रधान की मनमानी के चलते सरकारी पैसे का दुरुपयोग पंडरी मारौरी पंचायत में पिछले काफी समय से किया जा रहा है सचिव व प्रधान पर शिकायतों का कोई असर नहीं हो रहा है। जबकि जांचों में कई बार प्रधान व सचिव दोषी पाए गए लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की गई।